CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 265 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस: योगी पेज 2



महिला विश्व कप में भी भारत-पाकिस्तान की कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



यूपी की सियासत: पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित सम्पादकीय



अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में पेज 12

## बारिश का कहर: उत्तर बंगाल में अब तक 20 की मौत

दार्जिलिंग, वार्ता

**उत्तर बंगाल** और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में पुल टूटने, भूस्खलन और बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग लापता हैं। प्रशासन ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।

इस मूसलाधार बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और सिक्किम में हुआ है। बारिश के चलते मिरिक और सुकिया इलाके में कई जगह



भूस्खलन हुआ है। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। सड़कों पर कई जगह मलबा जम गया है और यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है। जिले के कस्बों और पर्यटन स्थलों मिरिक और कुर्सेओंग को जोड़ने वाला दुदिया आयरन ब्रिज भी भरभराकर ढह गया है। भारी बारिश की वजह से फिलहाल सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग स्टेट

- सड़कें-पुल ध्वस्त, सिक्किम से उत्तर बंगाल का संपर्क टूटा
- और बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

हाईवे-12 पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दलों ने राहत- बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन लगातार बारिश और फिसलन भरी सड़कों के कारण राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों और नदी किनारों से दूर रहने की अपील की है। भयावह बाढ़ को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सरकार हर संभव मदद देगी। वे सोमवार को उत्तर बंगाल दौरे पर आएंगी। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ने दार्जिलिंग आपदा पर गहरा दुख जताया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दार्जिलिंग-सिलीगुड़ी रोड पर हुआ, जो पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तर बंगाल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। पुल ढहने का कारण बेहद तीव्र बारिश और पहाड़ी ढलानों में मिट्टी खिसकना बताया जा रहा है।

### पहली बार 100 अरब डॉलर के करीब पहुंचा देश का स्वर्ण भंडार

**मुंबई।** मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर दुनिया के दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह आरबीआई भी स्वर्ण भंडार लगातार बढ़ रहा है और अब यह पहली बार 100 अरब डॉलर पर पहुंचने के करीब है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गई, लेकिन स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। यह दिखाता है कि केंद्रीय बैंक अब विदेशी मुद्रा से ज्यादा सोने पर भरोसा कर रहा है और लगातार स्वर्ण भंडार बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसमें कुछ योगदान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में जारी तेजी का भी है।

### पंजाब के पूर्व मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में आरोपपत्र पेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया के आवास पर हुए ग्रेनेड हमले के मामले में चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसमें हरियाणा के तीन और उत्तर प्रदेश के एक निवासी को आरोपी बनाया गया है। आरोप पत्र में अमरोहा (उप्र) का सैदुल अमीन और कुरुक्षेत्र (हरियाणा) का अभिजोत जांगड़ा, यमुनानगर (हरियाणा) का कुलबीर सिंह सिद्धू और करनाल (हरियाणा) का मनीष उर्फ काका राणा के नाम शामिल हैं। इनमें से दो आरोपी सैदुल और अभिजोत गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि कुलबीर और मनीष फरार चल रहे हैं। इन चारों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के लिए स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में मौसम विभाग की ओर से जारी मौसम संबंधी सलाह के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी यात्रा रविवार से तीन दिनों के लिए स्थगित कर दी गई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा खराब मौसम को लेकर जारी सलाह के मद्देनजर श्री वैष्णो देवी यात्रा पांच से सात अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई है और आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी।

### पहलगाम हमले के आतंकियों को दिया मोबाइल चार्जर

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था। दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितम्बर को अरेस्ट किया था।

### यूपीआई से टोल पेमेंट सस्ता हुआ, कैश में दोगुना चार्ज

**नई दिल्ली।** सरकार ने फास्टैग के नियमों में बदलाव किया है। जिन ड्राइवरों के पास वैलिड फास्टैग नहीं होगा और वो यूपीआई से पेमेंट करते हैं, तो उन्हें रेगुलर टोल का 1.25 गुना देना पड़ेगा। वहीं अगर कैश पेमेंट करते है, तो पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। नए नियम 15 नवम्बर से लागू होंगे। टेक्निकल खराबी या बैलेंस कम होने की स्थिति में ये नियम फायदेमंद होगा। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर राज्यों के बीच फास्टैग ठीक से न चलने पर डबल पेनल्टी देनी पड़ती है।

## सिरप से हुई मौतों पर केंद्र सख्त

### मप्र व राजस्थान में कफ सिरप के चलते 16 बच्चों की जान जाने के बाद सरकार एक्शन में आई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप के चलते हुई बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। इस कफ सिरप से मध्य प्रदेश में 32 दिन में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1 से 5 साल के बीच थी।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ रविवार को एक अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया। साथ ही, खासकर बच्चों में खांसी की दवाओं का सही और सीमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, क्योंकि अधिकांश खांसी स्वयं ही ठीक हो जाती है और दवाइयों की जरूरत नहीं होती। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बेहतर निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग, आईडीएसपी-आईएचआईपी की रिपोर्टिंग टूल का व्यापक प्रचार और सूचनाओं के आदान - **शेष पृष्ठ दो पर**

### अहम बैठक आयोजित




- दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम. का सख्ती से पालन व नियमों का उल्लंघन करने वाले के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश

### कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी पर एक्शन की तैयारी

**नई दिल्ली।** कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। अब इसे देश के तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, केरल और तमिलनाडु) में बैन कर दिया गया है। देशभर में दवाइयों को कंट्रोल करने वाली संस्था सीडीएससीओ दवा कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को लिखेगा।

### कफ सिरप से बच्चों की मौत पर यूपी में अलर्ट जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के कुछ राज्यों में कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की खबरों के बाद उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सहायक आयुक्त औषधि दिनेश कुमार तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी जिलों को चेतावनी जारी की है।

जारी आदेश में सभी औषधि निरीक्षकों को सम्बंधित बैच की बिक्री रोकने के साथ ही उनके नमूने राज्य औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए हैं। रविवार को सहायक औषधि आयुक्त के स्तर से जारी आदेश में

- स्वास्थ्य विभाग सतर्क, सम्बंधित कम्पनी के कफ सिरप की बिक्री पर लगी रोक

कहा गया है कि मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल्स (निर्माता- नं-787, बैंगलोर हाईवे, सुंगुवाचत्रम, जिला कांचीपुरम, तमिलनाडु) द्वारा तैयार कोल्ड आरआईए सिरप (बैच न. एसआर-1-3, निर्माण मई 2025, एक्सपायरी अप्रैल 2027) में डाईथाइलीन ग्लायकॉल और एथेलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले रसायनों की मौजूदगी की आशंका है।

## इंदिरा गांधी भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं: रिजिजू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में दिए बयान की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि राहुल पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था। उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था। रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला। दरअसल राहुल गांधी साउथ अमेरिकी देशों के 10 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटी में उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहा हमला है। रिजिजू ने कहा कि उन्होंने राहुल का कोलंबिया वाला वीडियो देखा। राहुल गांधी ने कहा था कि भारत विश्व का नेतृत्व नहीं कर सकता। रिजिजू ने इसे पूरी तरह गलत बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कई क्षेत्रों में अग्रणी बन चुका है।

- राहुल गांधी देश के बाहर भारत के खिलाफ बोलते हैं, ऐसा करने वाले पहले नेता विपक्ष

## बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**बर्मिंघम।** एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 117, जो 4 अक्टूबर को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी, में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है।

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि ये बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान था, इसे एहतियात बरतते हुए बर्मिंघम एयरपोर्ट पर उतारा गया है। इस लैंडिंग के दौरान विमान के रैम एयर टर्बाइन अचानक से सक्रिय हो गई। जिसके बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारने के बाद विमान को जांच के लिए भेज दिया गया है। यह घटना विमान की फाइनल लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान हुई। एयर इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि 4 अक्टूबर 2025 को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही फ्लाइट एआई-117 में ऑपरेटिंग क्रू को लैंडिंग से ठीक पहले आरएटी प्रणाली के सक्रिय होने जानकारी मिली।

- तकनीकी गड़बड़ी आई सामने

## नए वोटर कार्ड से बिहार चुनाव में होगा मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आम मतदाताओं के मन में बड़ा सवाल था कि वोटर कार्ड बदल दिए जाएंगे, पहले वाले वोटर कार्ड बेकार हो जाएंगे, ऐसा सवाल इसलिए भी था, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण में 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल वोटरों को अपने कागज और तस्वीर भी देनी थी।

कहा भी गया था कि उनका डाटा उसी हिसाब से अपडेट किया जाएगा। अब देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ किया है कि जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। बाकी को इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।



- जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा: मुख्य चुनाव आयुक्त

### जेल से वांगचुक ने की शांति की अपील, कहा: हिंसा में मारे गए लोगों की हो न्यायिक जांच

**नई दिल्ली।** लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती, वह जेल में रहने को तैयार हैं। वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें 26 सितम्बर को हिरासत में लिया था। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर पोस्ट कर सोनम वांगचुक का संदेश शेयर किया है। सोनम से उनके भाई कात्सेतन दोरजे ले और वकील मुस्तफा हाजी ने 4 अक्टूबर को जेल में उनसे मुलाकात की थी। सज्जाद कारगिली ने एक्स पर लिखा, जोधपुर सेंट्रल जेल से सोनम वांगचुक का संदेश, 4 अक्टूबर को कात्सेतन दोरजे ले (सोनम वांगचुक के बड़े भाई) और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

## ट्रम्प वीजा वॉर: सात देशों का भारतीय टैलेंट को मिला न्योता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वीजा वॉर से भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स की उम्मीदों को झटका लगा है, लेकिन इस बीच दुनिया के 7 बड़े देशों ने भारतीय टैलेंट पूल पर नजरें जमा ली हैं।

नमें आईटी हब यूरोपीय देश फिनलैंड और दुनिया की दूसरे नंबर की टॉप यूनिवर्सिटी वाला देश ताइवान प्रमुख है। पांच अन्य देश- कनाडा, जर्मनी, यूके, दक्षिण कोरिया और चीन ने भी उदार वीजा की पहल की है। ये सभी भारतीय आईटी, मेडिको और अन्य साइंस प्रोफेशनल्स को



अपने देश में आने का न्योता दे रहे हैं। ट्रम्प ने हाल में एच-1बी वीजा की वन टाइम फीस बढ़ाकर लगभग 88 लाख रुपये करने की घोषणा की है। एच-1बी वीजा कैटेगरी में हर साल 70 फीसदी से ज्यादा भारतीय प्रोफेशनल्स होते हैं। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 6 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे दोबारा फीस देकर 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था। अगर सालाना 88 लाख रुपये के हिसाब से जोड़ें तो अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ चुकाने होंगे, यानी खर्च 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। एआई एक्सीलेंस से लेकर सेमी कंडक्टर के कोर्स के साथ ताइवान की 15 से अधिक यूनिवर्सिटीज ने इस महीने भारतीय छात्रों के बीच आने का फैसला किया है। कैंपस सलेक्शन होगा। साथ ही एक्सचेंज प्रोग्राम और जाइंट रिसर्च भी होगा। इनमें से कम से कम पांच ऐसे संस्थान भी शामिल हैं जिनकी गिनती विश्व के शीर्ष 350 विश्वविद्यालयों में होती है। इनमें नेशनल सिंगहुआ, कौसिउंग मेडिकल, नेशनल इलान और चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रमुख है। भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहरदेविरटा ने बताया कि हमारा देश ई-स्पोर्ट्स सेक्टर में सबसे बड़ा गेमिंग एक्सपोर्टर है।

- रोजगार के नए अवसर आए
- अमेरिका ने एच-1बी की फीस बढ़ाकर 88 लाख की थी

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया-राहुल और खड़गे के खिलाफ 24 को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया है। परिवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए 24 अक्टूबर की तिथि तय कर दी है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। पीएम के परिवार पर भी टिप्पणी की गई है। भारतीय संस्कृति और लोकतंत्र दोनों में यह उचित नहीं है। प्रधानमंत्री का अपमान किया गया है।

### महिला-किशोर समेत चार की मौत

**आगरा।** जनपद के सिकंदरा थाना क्षेत्र के रुनकता में आगरा-दिल्ली हाईवे पर शनिवार देर रात अनियंत्रित कैंटर खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे पीछे आ रहे छह वाहन एक के बाद कैंटर से भिड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, मृतकों में एक किशोर व एक महिला भी शामिल है, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात शुरू कराया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि मृतकों की पहचान विजेंद्र सिंह निवासी शैलाई फिरोजाबाद, रीमा ठाकुर पत्नी श्यामबाबू ठाकुर निवासी गोपालपुर शमशाबाद के रूप में हुई है। घायल एक अन्य युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। उसकी पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है, जो ग्वालियर से परीक्षा देकर गुरुग्राम लौट रहा था।

### सीएम ने जोनल कर अधिकारियों से सीधा संवाद किया

# फील्ड में तैनाती का आधार केवल परफॉर्मेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस' होगा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं, जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्धा हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो। रविवार को राज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोनल अधिकारियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म' के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम

**50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें: सीएम**

निश्चित रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर अनावश्यक जांच अथवा छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से भी नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन में कोई भी खंड 50 प्रतिशत से कम संग्रह वाला नहीं है, जो संतोषजनक है। वहीं, असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए।

#### बैठक के दौरान की जोनवार समीक्षा

बैठक के दौरान जोनवार समीक्षा में अधिकारियों ने बताया गया कि बरेली (64.2 प्रतिशत), सहारनपुर (63.7 प्रतिशत), मेरठ (63.0 प्रतिशत), गोरखपुर (62.5 प्रतिशत) और झांसी (62.1 प्रतिशत) जैसे जोनों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। वहीं कुछ जोनों में लक्ष्य पूर्ति 55 से 58 प्रतिशत के बीच रही, जहां सुधार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी प्रथम व द्वितीय, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ प्रथम व द्वितीय, कानपुर प्रथम व द्वितीय, इटावा, झांसी, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम व द्वितीय, गौतमबुद्धा नगर और सहारनपुर सहित सभी जोनों की संभागवार और खंडवार समीक्षा की।

#### राजस्व वृद्धि राज्य की प्रगति का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को समझें। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

## आयोग ने बिहार में काटे 38 लाख मतदाताओं के नाम

**कांग्रेस ने मोदी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया**

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर 38 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए हैं। इससे 23 लाख महिलाएं और 15 लाख पुरुष वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब साढ़े तीन करोड़ महिला मतदाता हैं, लेकिन करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए।अब ये महिलाएं आगामी विधानसभा चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगी। लांबा ने कहा कि राज्य के जिन छह जिलों में लाखों महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उनमें गोपालगंज, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, भोजपुर और पूर्णिया विधानसभा शामिल हैं। इन छह जिलों में करीब 60 विधानसभा सीटें आती हैं।

## यूपी में ओबीसी वोटों के लिए कांग्रेस करेगी सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददता

**लखनऊ।** यूपी में कांग्रेस पार्टी ओबीसी समुदायों को एकजुट करने के लिए सभी मंडलों में सामाजिक न्याय सम्मेलन आयोजित करेगी, जिसकी शुरुआत लखनऊ से होगी। इन सम्मेलनों के जरिए पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है।

कांग्रेस का पिछड़ा वर्ग विभाग बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंद करने में लगा हुआ है। अब पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयसिंह ने उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रमों को गति देने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा अगले सप्ताह तक होने की संभावना है। इसके बाद मंडल स्तर पर सामाजिक न्याय सम्मेलनों का सिलसिला शुरू होगा।

इन सम्मेलनों का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के नेताओं को एक मंच पर लाना है। इसके साथ ही आम लोगों को यह बताना है कि कांग्रेस संसद से सड़क तक सामाजिक न्याय के लिए कैसे संघर्ष कर रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि सम्मेलनों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रदेश कार्यकारिणी की सूची तैयार करने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श पूरा हो चुका है। यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व से अनुमोदन मिलते ही कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी।

### जिस मुल्क में रहो उससे मोहब्बत करो: सांसद बर्क

**सम्भल।** संभल मस्जिद विवाद और आई लव मोहम्मद कैंपेन पर सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क ने कहा कि मुसलमान भारत के वफादार हैं, क्योंकि इस्लाम देश प्रेम सिखाता है। उन्होंने बल दिया कि सच्चे मुसलमान मुल्क और धर्म दोनों का सम्मान करते हैं। बर्क ने आई लव मोहम्मद को शांति का संदेश बताया है। सपा सांसद जियाउर रहमान बर्क हयात नगर एक जश्न-ए-गौसुल-वरा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि हमारे बुजुर्गों ने इस मिट्टी के लिए जान दी है। हमारी तारीख कुर्बानियों से भरी है। इस्लाम सिखाता है कि जिस मुल्क में रहो, उससे मोहब्बत करो और वफा निभाओ। बर्क ने कहा कि इस्लाम की मोहब्बत और मुल्क से वफादारी है। वफादार हैं और ये चीज हमें साबित करने की जरूरत नहीं है।

## सड़क हादसों में बढ़ाई जाएगी मुआवजा राशि

**यूपी परिवहन विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव, जल्द स्वीकृत होने की उम्मीद**

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** यूपी सरकार सड़क हादसों में मृतकों और घायलों को मिलने वाली मुआवजा राशि में पांच गुना तक बढ़ोतरी करने जा रही है। परिवहन विभाग ने प्रस्ताव शासन को भेजा है, जिसके तहत मृतक के आश्रितों को अब 50 हजार रुपये के बजाय ढाई लाख रुपये और घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये के बजाय 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मृतक के प्रत्येक आश्रित को मुआवजे का हिस्सा जरूर मिले।

परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 31 अगस्त तक प्रदेश में 30,717 सड़क हादसे दर्ज किए गए। इन हादसों में 23,712 लोग घायल हुए, जबकि 16,903 लोगों की जान चली गई। वर्ष 2024 की समान अवधि (31 अगस्त तक) में 26,502 हादसों में 14,102 मौतें और 19,712 लोग घायल हुए थे। इस तरह 2025 में हादसों की संख्या में 15.87 प्रतिशत, मृत्यु दर में 18.89 प्रतिशत और घायलों की संख्या में 18.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बढ़ते हादसों और उनके गंभीर परिणामों को देखते हुए मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग तेज हो गई थी। वर्ष 2021 में शुरू की गई सांत्वना योजना के तहत सड़क हादसों में घायलों को साढ़े 12 हजार रुपये और मृतकों के आश्रितों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती थी। इस राशि को अपर्याप्त माना जा रहा था। परिवहन विभाग ने इसे बढ़ाने की पहल करते हुए नया प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे शासन के पास भेजा गया है। सड़क हादसों में लापरवाही और गलत ड्राइविंग को रोकने के लिए कड़े नियम भी लागू हैं। बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 281 के तहत लापरवाही से वाहन चलाने पर 6 महीने की सजा या 1,000 रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 125 के तहत चोट पहुंचाने पर 6 महीने से 2 साल तक की सजा और जुर्माना, जबकि धारा 106 के तहत लापरवाही से मृत्यु होने पर 2 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। परिवहन विभाग ने मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करने की योजना बनाई है कि मृतक के सभी आश्रितों को सहायता राशि का लाभ मिले। प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिलने के बाद यह नई व्यवस्था जल्द लागू हो सकती है। इस कदम से सड़क हादसों के पीड़ितों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सरकार सड़क सुरक्षा के लिए भी कई कदम उठा रही है। परिवहन विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि बढ़ाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान और कड़े नियमों के जरिए हादसों को कम करने की कोशिश की जा रही है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70

सोना रु. 115400 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 150000 प्रति किलो

## बाजार पर दिखेगा वैश्विक कारकों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर वैश्विक कारकों का असर दिखेगा। निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर होगी। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह किए गए बैंकिंग सुधारों का असर भी बाजार पर जारी रह सकता है।

अगले सप्ताह से कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम भी आने शुरू होंगे जिनमें दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का परिणाम गुरुवार को आएगा। एचएसबीसी की सेवा क्षेत्र की पीएमआई रिपोर्ट सोमवार को जारी होनी है। बीते सप्ताह में बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही जबकि रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति बयान के बाद अगले दो दिन तेजी देखी गई। गुरुवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 780.71 अंक (0.97 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी रही और सप्ताहांत पर यह 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.97 प्रतिशत यानी 239.55 अंक चढ़कर शुक्रवार को 24,894.25 अंक पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में तेजी रही। धातु समूह में भी जबरदस्त तेजी देखी गई। निजी बैंकों, तेल एवं गैस, वित्त, ऑटो, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में भी जबरदस्त तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 1.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 6.39 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 5.34 प्रतिशत, बीईएल का 4.22, टाइटन का 3.76 और टाटा स्टील का 3.43 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा के शेयर में 2.99 फीसदी, ट्रेंट में 2.85, पावर ग्रिड में 2.66. एक्सिस बैंक में 2.42, इटरनल में 2.30 और एचडीएफसी बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 2.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। भारती एयरटेल का शेयर 1.10 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.04 फीसदी और टेक महिंद्रा का 0.48 फीसदी टूट गया।

### सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज

**नई दिल्ली।** रविवार को देश के सर्राफा बाजारों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। पिछले तीन दिनों से सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

रविवार को 8 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत अब 87,920 रुपये हो गई है। 24 कैरेट सोने में 8 ग्राम की बात करें तो आज इसकी कीमत 92,320 रुपए है। जबकि कल की कीमत 91,264 रुपए थी, जबकि 10 ग्राम सोने में आज 24 कैरेट के दाम 1,15,400 रुपए हैं, जबकि कल यह कीमत 1,14,080 रुपए थी। देश के इतिहास में चांदी ने पहली डेढ़ लाख रुपये का आंकड़ा पार किया है। आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए रोजमर्रा की सैकड़ों चीजों पर से जीएसटी दरों में कटौती कर राहत प्रदान की गई। हालांकि, सोने-चांदी पर पहले से ही बहुत कम टैक्स है। अब आने वाले त्योहार व लग्न सीजन इसका असर देखने को मिल सकता है। इस माह धनतेरस व दिवाली भी है। चांदी के सिक्के की भी बात की जाए तो 1.80 लाख रुपये प्रति सैकड़ा कीमत हो गई है। यानी इस साल धनतेरस पर चांदी का सिक्का खरीदना भी महंगा ही साबित होगा।

## चावल-चीनी नरम, गेहूं रहा मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में नरमी रही जबकि गेहूं में तेजी देखी गई। चीनी के भाव भी घट गए। वहीं, खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 26 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं 26 रुपए महंगा होकर 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 65 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में भी 41 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल 145 रुपए और सोया तेल 37 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल 20 रुपए और वनस्पति 80 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में नौ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 30 रुपए और मूंग दाल की 31 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 107 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी : सप्ताह के दौरान मीठे के बाजार में गुड़ के औसत भाव 20 रुपए प्रति क्विंटल घट गए। चीनी में भी 15 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन : दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

**खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव रहा**

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### सिरप से हुई...


प्रदान व संयुक्त कार्रवाई के लिए मजबूत समन्वय बनाए रखने की सलाह दी गई। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की तरफ से बनाई गई खांसी की दवा कोल्ड्रिफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब कई बच्चे इस दवा पीने के बाद मृत पाए गए। सीडीएससीओ तमिलनाडु के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को पत्र लिखकर कंपनी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए कहेगा। मृत बच्चों में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, राजस्थान के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा केरल और तेलंगाना ने भी इस दवा का उपयोग रोकने के लिए जनता को चेतावनी जारी की है। वहीं दूसरी ओर सरकार कफ सिरप का उत्पादन करने वाली कंपनी पर सख्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में उन फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है जहां से संदिग्ध दवाएं बनी थीं। बता दें कि मामले में सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए हैं, जिनमें खांसी की सिरप, एंटीबायोटिक और बुखार की दवाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश में एक और कंपनी नेक्स्ट्रो डीएस के खांसी की दवा के नमूनों की जांच अभी चल रही है। कुल 19 नमूने लिए गए हैं, जिनमें सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार की दवा और ओन्डान्सेट्रान शामिल हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने तुरंत कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो डीएस सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है और इसी कंपनी के अन्य उत्पादों की बिक्री भी रोक दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस प्रतिबंध की घोषणा की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाए। वहीं पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कफ सिरप का इस्तेमाल डाक्टर की सलाह, सीमित मात्रा और सावधानी के साथ किया जाए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए नुकसानदेह दवाओं पर अब चेतावनी लेबल लगाना अनिवार्य होगा। मामले में तंलगाना सरकार की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोल्ड्रिफ सिरप के इस बैच में डायएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) नाम का जहरीला रसायन मिला है, जो शरीर के गुर्दों (किडनी) को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है और जानलेवा साबित हो सकता है। इसी कारण तेलंगाना में इस सिरप को लेकर लोगों को उपयोग तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

## सरकारीआर्थिक नीतियों से बढ़ रही असामनता

**समाज का एक हिस्सा अमीर, तो दूसरा गरीब : कांग्रेस**

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसकी नीतियां केंद्रीयकरण पर आधारित हैं, इसलिए देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से केंद्रीयकरण हो रहा है, जिसके चलते समाज का एक हिस्सा बहुत अमीर, तो दूसरा हिस्सा उतना ही गरीब होता जा रहा है। यह बात यह नही, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था की हर रिपोर्ट कह रही है। ये हमें भारत में धन के व्यापक केंद्रीकरण के बारे में आगाह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ करोड़ों भारतीय रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ सिर्फ 1687 लोगों के पास देश की आधी दौलत है। मोदी सरकार-प्रेरित आर्थिक नीतियों के कारण धन का इतना बड़ा केंद्रीयकरण देश में विकट आर्थिक असमानता पैदा कर रहा है। ये असमानता व्यापक सामाजिक असुरक्षा और असंतोष को जन्म दे रही है। अन्य देशों में हाल की तारीखें गवाह हैं कि यही घनघोर आर्थिक असमानता और पंगु लोकतांत्रिक संस्थाएं राजनीतिक अराजकता पैदा करने में कैटलिस्ट बनी हैं। सरकार द्वारा भारत को भी उसी रास्ते पर धकेला जा रहा है।श्री रमेश ने कहा कि सत्ता के गठजोड़ से चंद उद्योगपति और अमीर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियां उनके चंद उद्योगपति मित्रों के फायदे के लिए केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, एमएसएमई हमेशा रहा है लेकिन यह क्षेत्र अभूतपूर्व दबाव में है। यह दबाव केवल घरेलू नीतियों का ही नहीं बल्कि विदेश नीति की असफलताओं का भी नतीजा है। आम लोगों के लिए कमाई के अवसर घटते जा रहे हैं और महंगाई लगातार इस कदर बढ़ रही है कि नौकरीपेशा लोगों की जेब में भी बचत की जगह कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। मनरेगा का जिक्र करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का जाल मुहैया करने वाली योजनाएं, आज संकट से जूझ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्यूबवैल से शव मिलने पर सनसनी

## धनसैनी के सोमपाल के रूप में हुई पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** रविवार की सवेरे ट्यूबवैल की हौज में शव तैरता दिखाई दिया तो ग्रामीणों में सनसनी फैल गई और सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराने के प्रयास शुरू किए।

थाना क्षेत्र तितावी शुगर मिल के पीछे जगदीश की ट्यूबवेल की होज से एक शव तैरता हुआ मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई साथ ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगो ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी। तितावी थाना की पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तितावी पुलिस के अनुसार, शव की पहचान सोमपाल (55 वर्ष) के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय कम्मू के पुत्र थे थाना अंतर्गत धनसैनी निवासी थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सोमपाल अपने घर से लापता थे, परिवार उनकी तलाश कर रहा था। वहीं पुलिस ने बताया कि शव की पहचान की पुष्टि हो गई है। इस मामले में आगे की जांच पड़ताल जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का पुलिस इंजतार कर रही है। इधर इस घटना से परिजनो में कोहराम मच गया है।

# आग में झुलसी किशोरी की मौत

## चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने मौके पर जाकर की पूछताछ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** नंगला बुजुर्ग गांव मे बालिका के आग मे झुलसने के बाद उसे निज विधि से उपचार करने वाले के पास ले जाया गया।जहां से गंभीर हालत मे मेरठ अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं मौके पर पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने ग्रामीणों से घटना के संबंध मे जानकारी प्राप्त की।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग मे रविवार की सुबह 13 वर्षीय बालिका सुमैया आग से झूलस गयी। जिसके बाद उसे गंगदासपुर मे निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां से गंभीर हालत मे मेरठ रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं गांव पहुंची बाल कल्याण समिति की मजिस्ट्रेट पिंकी रानी जिला विधिक गौरव कुमार,समिति सदस्य संदीप राठी ने भोपा पुलिस संग बालिका के घर जाकर पूछताछ की है। गौरव कुमार ने बताया की परिजनों द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर बालिका के द्वारा आत्महत्या के प्रयास की सूचना मिली थी। घर पर माता पिता नहीं मिले। पड़ोसी के अनुसार बालिका गैस के चूल्हे पर चाय बना रही थी किसी कारण आग लग गयी जिसमे वह झूलस गयी। मृतका के परिवार मे माता पिता के अलावा दो भाई व तीन बहन हैं।

किशोरी की मौत के बाद गांव मे चर्चाएं व्याप्त हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया की आग मै झूलसने से किशोरी की मौत की सूचना मिली है। पोस्ट मार्टम के बाद अग्रिम विधिक जांच की जायेगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की कटकर मौत

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के बुआडा रेलवे फाटक के समीप रविवार को एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 65 वर्षीय सत्येंद्र कुमार पुत्र हरपाल सिंह, निवासी ग्राम बाजिदपुर खुर्द के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुजुर्ग किसी कार्य से रेलवे फाटक के पास पहुंचे थे, तभी अचानक गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



मुजफ्फरनगर: अति पिछड़ा मोर्चा ज्ञापन देते हुए।

# सांप के डंसने से किसान की मौत, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** थाना क्षेत्र के गांव लखान निवासी किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

तितावी थाना अंतर्गत गांव लखान निवासी 33 वर्षीय किसान राम कुमार पुत्र भीषण सिंह रविवार प्रात: 10 बजे के लगभग खेत में काम करने के लिए गया था। इसी दौरान रामकुमार को सांप ने डंस लिया। सांप के काटने से किसान ने शोर मचाया, तो आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और किसान को उठाकर डॉक्टर के पास ले गए, लेकिन कुछ ही देर में रामकुमार ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।



मृतक का फाइल फोटो।

सूचना पाकर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। किसान की मौत से परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर चमका चिकित्सा जगत

## रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सुभाष आईआरआईए के अध्यक्ष चुने गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ सुभाष बालियान को इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। आईआरआईए देशभर के रेडियोलॉजिस्ट की एसोसिएशन है, जिसमें डॉ सुभाष बालियान ने उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया है।

लखनऊ के संजय गांधी पीजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ स्थित लेक्चर हॉल काम्प्लेक्स एंड कन्वेंशन सेंटर सभागार में देशभर से आये रेडियोलॉजिस्ट के बीच मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ सुभाष बालियान ने यह सम्मानित पद ग्रहण किया। इससे पहले उत्तरप्रदेश राज्य के समस्त सदस्य रेडियोलॉजिस्ट के मध्य हुए चुनाव में डॉ सुभाष बालियान विजयी हुए थे। उन्होंने अध्यक्ष पद के लिए विजयी होकर और अब पदभार ग्रहण करके मुजफ्फरनगर का नाम राष्ट्रीय पटल पर अंकित कर दिया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव के साथ जिला मीडिया प्रभारी डॉ सुनील सिंघल कहा कि जनपद के चिकित्सा जगत व सभी निवासियो के लिए यह गौरव की बात है।

# जेल में हुए गायत्री पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जेल में हुए जानलेवा हमले के विरोध में रविवार को मुजफ्फरनगर में प्रदर्शन की घोषणा की थी। प्रदर्शन करने निकले कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को प्रशासनिक अधिकारियों ने धारा 144 का हवाला देते हुए टाउन हॉल स्थित उनके कार्यालय में रोक लिया और उनकी मांगों को लेकर वहीं पर ज्ञापन लिया।

अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों ने सदर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें मोहन प्रजापति ने कहा कि चार दिन पूर्व झूठे मामले में जेल में बंद पूर्व केबिनेट मंत्री पर हमला किया गया, जिससे अति पिछड़ा समाज में भारी रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में अति पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हमले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और पूर्व मंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा।इस दौरान कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया, प्रभारी श्याम सुंदर प्रजापति, वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रजापति एडवोकेट, विकास पाल, मंडल उपाध्यक्ष अजय सैनी, वरिष्ठ नेता इंद्रमल प्रजापति,जानसठ नगर अध्यक्ष सोनू प्रजापति, सुमित पाल, दीपक ज़ंधेड़ी, वरिष्ठ नेता दिनेश पाल, अंकुर, उपाध्यक्ष विनेश कोरी, विशु कुमार,अरुण प्रजापति, अमृतपाल पाल, अजय सैनी, सुशील कश्यप, विनोद कश्यप,आदि सैकडो मौजूद रहे।

# एसएसपी के निर्देशन में चला सघन चेकिंग अभियान

## लापरवाही व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसा शिकंजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चलाए गए जागरूकता अभियान के साथ ही पुलिस ने अब उल्लघंन करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा एसपी ट्रेफिक अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी यातायात सु ऋषिका सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा निरंतर जनपद में अभियान चलाकर अतिक्रमण, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है साथ ही जनपदवासियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। रविवार को यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर द्वारा शिव चौक, नावल्टी चौक एवं अस्पताल चौक पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले, फिटनेस पूर्ण नही होने वाले, बीमा प्रपत्र न होने वाले, ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध न होने वाले 43 ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी, वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखने वाल, काली फिल्म लगाने वाले, बिना सीट बेल्ट गाडी चलाने वाले, हूटर सायरन का प्रयोग करने वाले सहित कुल 59 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चालान किया गया है। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा सडक किनारे खडे वाहन के चालकों को सड़क किनारे वाहन न खड़ा करने हेतु जागरुक किया जा रहा है।

# मिशन शक्ति एक्सप्रेस रथ को अफसरों ने दिखाई हरी झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अन्तर्गत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, नगर पालिका चेयरमेन मीनाक्षी स्वरूप, नगर पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह, पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के. मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी फुगाना रूपाली राव चौधरी द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत 'मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति एवं साइबर जागरूकता एक्सप्रेस पर लगे डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से अधिकारीगण द्वारा साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति जागरूकता संबंधी संदेश, लघु फिल्म एव गाइडलाईन फिल्मों के माध्यम से शहरभर में प्रदर्शित किया जाएगा। वाहन के माध्यम से आमजन में साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति एवं हेल्पलाइन सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही महिला/बालिका सुरक्षा एवं सहायता हेतु तथा साइबर अपराध रिपोर्ट सम्बन्धी हेल्पलाइन नम्बर 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला सहायता एवं परामर्श सेवा, 1930 साइबर अपराध रिपोर्ट करने हेतु, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पालाइन व 1098 बाल सहायता हेल्पलाइन आदि का विस्तृत प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना है।

इस अवसर साइबर थाना प्रभारी सुल्तान सिंह, प्रभारी थाना कोतवाली नगर उमेश रोरिया सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# 57.66 लाख का माल जब्त

**■ जीएसटी टीम ने अभियान चलाकर 10.69 लाख जमा कराए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्टेट जीएसटी विभाग ने टैक्स चोरी पर नकेल कसते हुए चार दिवसीय नाइट ड्राइव अभियान में बड़ी कार्रवाई की है। रातभर चले विशेष जांच अभियान में तीन अलग-अलग सचल दलों ने सड़कों पर रात में अवैध रूप से बिना बिल और ई-वे बिल जा रहे लाखों के माल को पकड़ा है। 16 वाहनों की जांच में 10.69 लाख रुपये जुर्माने के साथ जमा कराए गए हैं। मुजफ्फरनगर की सीमा में चार दिन रात में जीएसटी विभाग की सचल दल टीमों ने चैकिंग अभियान चलाया। सहायक कमिश्नर नितिन कुमार वाजपाई, विदिशा कस्तूरी और मुधुसूदन के नेतृत्व में चले अभियान में 16 मालवाहक वाहनों को संदिग्ध मानते हुए रोका गया, जिनमें करीब 57.66 लाख रुपए मूल्य का माल बिना वैध दस्तावेजों के ले जाया जा रहा था। विभागीय जांच के बाद ट्रांसपोर्टरों और संबंधित फर्मो की जांच की गई, जिसमें बिलों की जांच के बाद सभी पर 10.69 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। विभागीय अधिकारियों ने जुर्माने की धनराशि राजस्व में जमा करते हुए माल को वाहनों के साथ रिलीज किया। इस अभियान में सबसे कम माल वाहन सचल दल इकाई द्वितीय की सहायक आयुक्त विदिशा कस्तूरी द्वारा पकड़े गए। दूसरे नंबर पर इकाई प्रथम केसहायक आयुक्त नितिन वाजपाई और सबसे ज्यादा खतौली इकाई के सहायक आयुक्त मधुसूदन की टीम ने वाहनों को पकड़कर जांच की। इस अभियान बिना बिल माल परिवहन करने वालों की नींद उड़ी रही। एसआईबी के जॉइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि हमारी तीन टीमों ने 23 सितंबर की रात से 28 सितंबर की सुबह तक संदिग्ध माल वाहनों को रोककर चैंकिग की। अभियान में 16 वाहनों में बिना बिल और ई-वे बिलो के बिना परिवहन हो रहा 57 लाख से ज्यादा का माल जब्त किया। जांच के बाद 10 लाख से ज्यादा जुर्माना धनराशि जमा हुई, जिसके बाद वाहनों को माल के साथ रिलीज कर दिया गया है।



मुजफ्फरनगर: लग्जरी कारों के फर्जीवाड़े की जानकारी देते एसएसपी व अन्य अधिकारी।

# अंजुमन तरक्की ए तालीम सादात बाहरा की कथित कार्यकारिणी का गठन हास्यास्पद : अमजद अली

**■ अध्यक्ष ने कथित नई कार्यकारिणी का किया खण्डन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** अंजुमन तरक्की ए तालीम सादात बाहरा के अध्यक्ष अमजद अली एडवोकेट ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि अंजुमन तरक्की ए सादात बाहरा की बैठक में कथित नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जो कि नियम विरुद्ध होने के कारण एक मज़ाक लगता है। उन्होंने कहा कि जिस 13-बी की ये लोग बात करते हैं उन्हे इसकी कोई जानकारी नहीं है और दिनांक 10.8.25 का प्रार्थना पत्र भी मनगढ़ंत और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि उनकी अनुमति के बिना उनका नाम अध्यक्षता में नाम डाला गया। इन लोगों का उद्देश्य संपत्ति पर कब्जा करने के अलावा कुछ नहीं है क्योंकि संस्था की दुकानों में से कई दुकानें पहले ही इन लोगों के कब्जे में है। उनके बिना अनुमति के नाम छापने का पहले ही खंडन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति उनका नाम बैठक की अध्यक्षता में दिया गया, जबकि 4 अक्टूबर को होने वाली सालाना इजलास को नियम विरुद्ध होने के कारण इस पर पहले रोक लगा दी गई थी, इसके बावजूद भी गुमराह करते हुए कथित नई कार्यकारिणी के गठन का दुष्प्रचार कर दिया गया जो पूर्ण रूप से नियम विरूद्ध है। अमजद अली ने कहा कि वह इस इजलास में कथित गठित कार्यकारिणी का खंडन करते हैं और इसका उनसे कोई मतलब नहीं है। उन्होने कहा कि इससे पहले ही गुमराह करने वाले मेरी अध्यक्षता वाले एजेंडा का भी मैने खण्डन कर दिया था। उन्होंने कहा कि इजलास की अध्यक्षता और जो संचालक दिखाया गया है वह भी नियम विरुद्ध है। और ऐसी भी शिकायत मिली है कि भ्रम पैदा कर लोगों को इजलास में बुलाया गया अध्यक्ष होने के नाते मेरा सभी पदाधिकारियो से अनुरोध है कि संस्था हित में नियम विरुद्ध कोई कार्य न करें और जो कथित कार्यकारिणी गठित की गई है उसका भी कोई असतित्व नहीं है।

# पांच लग्जरी कारों समेत तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मन्सूरपुर पुलिस लग्जरी कारों को फर्जीवाडा कर बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने एक करोड की पांच लग्जरी कार बरामद की है। गिरोह में मेरठ के आरटीओ ऑफिस का बाबू भी शामिल है, जो अभी फरार चल रहा है। पुलिस आरटीओ ऑफिस के बाबू समेत तीन आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से दो फर्जी नम्बर प्लेट, 2 आरसी व फाइनेंस के फर्जी दस्तावेज बरामद हुए है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मन्सूरपुर थाना प्रभारी आनंद देव मिश्र ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर शाहपुर कट के पास से थार कार सवार शहजाद मलिक निवासी गांव गगौल थाना परतापुर जिला मेरठ, प्रवीन कुमार व रविन्द्र यादव निवासीगण शास्त्री नगर थाना नौचन्दी जिला मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बेगराजपुर स्थित एक प्लॉट से खडी चार अन्य लग्जरी कारों को बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियो से दो फर्जी नम्बर प्लेट, दो आरसी व 13 लोन के दस्तावेज बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कारों को फाइनेंस पर निकलवाकर आरटीओ व बैंक से सांठगाठ कर नो ड्यूज तैयार कर उनका रजिस्ट्रेशन कराकर आगे बेच देते थे। फाइनेंस के वाहनों का नो ड्यूज दिलाने में मेरठ के आफिसर्स कालोनी निवासी मेरठ के आरटीओ ऑफिस के बाबू दीपक की मुख्य भूमिका होतीहै, जो अभी फरार चल रहा है। इस गिरोह में शामिल जितिन व महकार निवासीगण गगौल थाना परतापुर भी शामिल है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों ने अपने नाम पर फाइनेंस पर लग्जरी गाडियां ले रखी थी। थाना प्रभारी आनंद देव मिश्र ने बताया कि आरोपियों से बरामद गाडियों की कीमत लगभग एक करोड रु पए है। अन्य आरोपियों के पकडे जाने पर और भी गाडियों के बारे में जानकारी होगी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है।


College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
- सरकारी फीस पर प्रवेश
- छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
- अनुभवी शिक्षक
- आधुनिक प्रयोगशालाएं
- छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एंव बुक बैंक की व्यवस्था




Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

# 80 करोड़ की विकास योजना लेकर आ रहीं पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप

मुजफ्फरनगर। शहर की विकास यात्रा को नई रफ्तार देने के लिए नगर पालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप अब लगभग 80 करोड़ रुपये की विशाल नगरीय विकास योजना लेकर आई हैं। आगामी 13 अक्टूबर को आयोजित बहुप्रतीक्षित पालिका बोर्ड की बैठक में यह ऐतिहासिक एजेंडा सदन में प्रस्तुत करने की तैयारी शुरू की जा चुकी हैं। मीनाक्षी स्वरूप की इस विकास योजना के अंतर्गत शहर के 55 वार्डों में लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसमें सड़क, नाली, जलनिकासी और सुदृढ़ पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही पेयजल सुधार परियोजनाओं और शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को संवारने के लिए भी प्रमुख प्रस्ताव शामिल किये गये हैं। यह योजना मीनाक्षी स्वरूप के अब तक के कार्यकाल का सबसे बड़ा विकास एजेंडा साबित हो सकती है।

नगरपालिका परिषद् की बोर्ड मीटिंग 3 जून के बाद नहीं हो पाई है।

# मेपल्स एकेडमी में मना वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर डे

**बुढाना।** मैपल्स एकेडमी बुढ़ाना में वन्य प्राणी सप्ताह 2025 के अंतर्गत वर्ल्ड एनिमल वेलफेयर डे के अवसर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी महोदय कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन एवम प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग राजीव कुमार के मार्गदर्शन मे जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डाक्टर राजीव कुमार द्वारा छात्र छात्रओं को वन्य प्राणी सप्ताह 2025 वर्ल्ड एनिमल वेलकेयर डे के विषय में विस्तृत जानक. ारी दी गई तथा बताया गया कि प्राणियों की जैव विविधता, परिवर्तनशीलता तथा पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

2025 की थीम पशु कल्याण और पर्यावरण के बीच सीधे संबंध को उजागर करती है। यह बताती है कि जिस तरह से हम जानवरों के साथ व्यवहार करते हैं उसका पर्यावरण और ग्रह पर सीधा प्रभाव पड़ता है साथ ही पर्यावरण का पशुओं के जीवन पर भी प्रभाव पड़ता है उदाहरण के लिए जैव विविधता का नुकसान और निवास स्थान का विनाश जानवरों को नुकसान पहुँचाता है। पशुओं का कल्याण, स्वास्थ्य, पोषण एवम उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एनिमल लाइ़ विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रओं वरेनियम, तानिया व काव्यांश को पुरस्कृत किया गया तथा अन्य 12 छात्र छात्रओं को सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन डाक्टर राजीव कुमार एवं हर्ष कुमार जिला परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मैपल्स एकेडमी प्रधनाचार्य डाक्टर गरिमा वर्मा एवं प्रवक्ता मीनाक्षी राज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# ग्रुपों में गंदे कमेंट कर ग्रामीण को कर रहे दुखी

**बुढ़ाना।** दो सगे भाई सोशल मीडिया पर एक ग्रामीण के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं जबकि पुलिस चुप हैं। बताया जाता है कि ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव सफीपुर पट्टी नदी मंदिर छोटा पुल पार निवासी एक ग्रामीण ने बताया मेरे मोबाइल फोन में अनेकों व्हाट्स ऐप ग्रुप हैं।

जिनमें एक ग्रुप में हारुण पुत्र यामीन शेख और उसका बड़ा भाई मेहंदी हसन निवासीगण गांव कनियान थाना कांधला जनपद शामली भी हैं। ये दोनों सगे भाई ग्रुप में उसके विरुद्ध उल्टी सीधी बातें लिखते और बोलते रहते हैं। जब ये ग़लत ब्यानबाजी ग्रुप में भेजते हैं तो कोई अन्य व्यक्ति उस गलत बयान को अन्य ग्रुपों में भेजकर वारयल कर देता है। उनको कई बार उसने समझा बुझा भी लिया लेकिन वे अपनी हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते समाज में उसकी छवि इन आवारा टाइप भाइयों की वजह से खराब हो रही है क्योंकि ग्रुप में हर तरह का व्यक्ति होता है और कई व्यक्ति शायद उसको इसी तरह की प्रवत्ति का ही मानकर चल रहे हैं। वह दोनों को ऐसा करने से मना करता है या ग्रुप से आऊट होता है तो वे भी किसी तरह से उसी ग्रुप में एड होकर फिर से उसके विरुद्ध अनर्गल ब्यानबाजी करते रहते हैं। उसने इस मामले की तहरीर बीती 17 सितम्बर को बुढ़ाना पुलिस को भी दी लेकिन दोनों भाईयों के विरुद्ध पुलिस ने अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़ित व्यक्ति ने अब बुढ़ाना सीओ से दोनों भाइयों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# जुए और नशे के धंधे से क्षेत्रवासी हो रहे परेशान

**खतौली/मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना रोड पर सद्दीकनगर क्षेत्र में जुए और नशे का कारोबार धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं।

थाना क्षेत्र सद्दीकनगर के आसपास के रहने वाले कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि क्षेत्र में जुए व नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। यही नहीं यहां पर युवाओं में सट्टेबाजी की आदत आम हो रही है। क्षेत्रवासियों ने कई बार इसकी शिकायत पुलिस से की, मगर कुछ कार्रवाई नहीं हुई।

क्षेत्रवासियों का कहना है पुलिस को कार्रवाई कर यहां युवाओं में बढ़ रही इन गंदी आदतों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और नशे व जुअे के कारोबार से निजात दिलानी चाहिए।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर हुआ हवन पूजन

**बुढ़ाना।** कस्बे के मौहल्ला मंडी में स्थित वैश्य आश्रम में श्री महाराज अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर हवन पूजन कराया गया। यहां पर श्री महाराजा अग्रसेन जी और कुलदेवी माता लक्ष्मी जी का भी गुणगान किया गया।

मुख्य यजमान अशोक गोयल भटा रहे। जिसमें अग्रवाल समाज के व्यक्ति सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने यज्ञ में आहुति देकर धर्मलाभ उठाया। इसके बाद यहां पर प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेशघ संगल ने अपने संबोधन में कहा कि माता लक्ष्मी यज्ञ करने से हमें उनकी कृपा विशेष रूप से प्राप्त होती है और वह हम सभी की कुलदेवी हैं। इसलिए हमें उनकी पूजा हमेशा करनी चाहिए और भगवान महाराजा अग्रसेन हमारे ईष्ट देवता है उनको हमेशा याद करना चाहिए। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज बुढ़ाना ने अग्रसेन जयंती उत्सव पर महाराजा अग्रसेन का पूजन किया गया और महाराजा अग्रसेन एवं कुल देवी मां लक्ष्मी की आरती की गई। सभी को यहां महाराज के आदर्शों पर चलने के साथ ही मानव सेवा, गो सेवा, स्वच्छता, श्रमदान और नारायण सेवा का संकल्प दिलाया गया। यहां पर ईश्वर दयाल संगल, सभासद अजय संगल, सुशील तायल, धर्मपाल गर्ग, विजय गर्ग, रमेश बिजली, राजकुमार संगल, महेश चंद्र व विकास कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# दौड़ में कांस्य पदक जीतकर आई साक्षी होगी सम्मानित

**बुढ़ाना।** एसडी गर्ल्स पीजी कालेज बुढ़ाना के प्राचार्य डाक्टर दिनेश चंद्र शर्मा ने आज रविवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति मीडिया को जारी करते हुए बतलाया कि उनके एसडी गर्ल्स पीजी कालेज बुढ़ाना की एमए समाज शास्त्र के दूसरे सेमेस्टर की होनहार छात्रा साक्षी लोकेश ने विगत दिवस पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम इलाहाबाद में उत्तर प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता था। महाविद्यालय बुढ़ाना की इस प्रतिभावान छात्रा ने इलाहाबाद में आयोजित 800 मीटर की दौड़ को कुल 2 मिनट 30 सेकेंड में पूरा किया था। महाविद्यालय परिवार साक्षी को जल्द ही महाविद्यालय में आमंत्रित कर एक समारोह में सम्मानित करेगा। जिसकी तैयारियों के लिए आज विचार विमर्श किया गया।



# तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन छात्राओं का दबदबा

**खतौली।** पिकेट इंटर कॉलेज खतौली में चल रही तहसील स्तरीय शैक्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन छात्राओं ने मैदान में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा। प्रतियोगिताएं 3 अक्टूबर से आरंभ हुई थीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार व प्रबंध समिति के सचिव रैव्ह एस. टी. गिल ने प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में तहसील क्रीड़ा प्रभारी प्रदीप लाल, विकास मोतला, शुभम पाल, विकास गौरव, विरेन्द्र सिंह, कृष्णपाल, विक्रांत चौधरी, रविन्द्र सिंह, अरविन्द एस. लाल, अशोक कुमार, जया लक्ष्मी, आकांक्षा मित्तल, गरिमा, नीतू जैन और आयशा सहित समस्त शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।विजेताओं में 800 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग) राधिका ( देवी मंदिर इंटर कॉलेज) प्रथम, नीशू (के.के. जैन इंटर कॉलेज) द्वितीय, मनीषा (के.के. जैन इंटर कॉलेज) तृतीय। 800 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग), सीमा (प्राणनाथ इंटर कॉलेज) प्रथम, नेहा रानी (श्री देवी मंदिर) द्वितीय, हुमैरा (कबूल कन्या इंटर कॉलेज) तृतीय। 600 मीटर दौड़ (सब-जूनियर वर्ग)रू पूजा (राजकीय इंटर कॉलेज) प्रथम, महविश (श्री देवी मंदिर) द्वितीय, जैनब (श्री देवी मंदिर) तृतीय।100 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग), प्रीति (श्री देवी मंदिर) प्रथम, अंतिम (श्री देवी मंदिर) द्वितीय, पायल (सरस्वती इंटर कॉलेज) तृतीय। लंबीकूद (जूनियर वर्ग)रू जानवी (श्री देवी मंदिर) प्रथम, आयुषी (बी.एस.एस. इंटर कॉलेज) द्वितीय, मनीषा (राजकीय इंटर कॉलेज) तृतीय। गोला फेंक (जूनियर वर्ग), आरूषि (श्री देवी मंदिर) प्रथम, टिया खारी (श्री देवी मंदिर) द्वितीय, शुभि (राजकीय इंटर कॉलेज) तृतीय।गोला फेंक (सब-जूनियर वर्ग) पलक (राजकीय इंटर कॉलेज) प्रथम, अंशिका, द्वितीय, किरण (सरस्वती इंटर कॉलेज) तृतीय। 100 मीटर दौड़ (जूनियर वर्ग)रू सना (श्री देवी मंदिर) प्रथम, नेहा (के.के. जैन) द्वितीय, शशि पाल (बी.एस.एस. ) तृतीय। 100 मीटर दौड़ (सब-जूनियर वर्ग)रू निक्की (श्री देवी मंदिर) प्रथम, वंशिका (प्राणनाथ) द्वितीय, पूजा (राजकीय इंटर कॉलेज) तृतीय आई।

# गुजरात भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने से जिले का विश्वकर्मा समाज गद्गद

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ सुधीर सैनी को मनोज पांचाल विश्वकर्मा जिला महामंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा अध्यक्ष को पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया की शीर्ष नेतृत्व द्वारा गुजरात प्रदेश राज्य के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध आदरणीय जगदीश पांचाल विश्वकर्मा जी मंत्री गुजरात सरकार को एक बड़ी जिम्मेदारी जिम्मेदारी देकर भारत वर्ष के पांचाल विश्वकर्मा समाज का गौरव बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, ग्रहमंत्री अमित शाह ,और समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार और धन्यवाद किया इस मौके पर श्रीमोहन तायल ,जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग ,शरद शर्मा, रोहतास पाल , यशवीर सिंह क्षेत्रीय मंत्री अनुसूचित मोर्चा,सुधीर खटीक ,सुनील दर्शन ,विजय प्रजापति, विशाल गर्ग जी, रविकांत प्रधान जी, विक्रांत खटीक , पिंटू त्यागी, पंकज माहेश्वरी ,सावन कुमार एड. ,अश्मित पांचाल ,आदि सम्मानित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# रामराज थाने में ओजस्वी पुलिस गौरव एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**रामराज।** थाना रामराज में ओजस्वी पुलिस गौरव एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक जयसिंह भाटी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार, उप निरीक्षक जतन सिंह एवं कांस्टेबल मनोज कुमार व थाने में कार्यरत महिला पुलिस को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दशमेश पब्लिक के डायरेक्टर सिम्मी सहोता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरेन्द्र कौर ग्रेवाल एवं अर्चना चौधरी ने शिरकत की। दोनों अतिथियों ने थाना रामराज की महिला पुलिस कर्मियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों की भूमिका और समाज में उनकी जिम्मेदारियों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया सेंटर के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के आयोजक पंडित दीपक कृष्णात्रेय ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्ति को सम्मानित करने के साथ-साथ थाने में तैनात सभी महिला एवं पुरुष कर्मचारियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिति डा. सिम्मी सहोता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं में जागृति आई है, महिलाऐं इस मिशन के तहत अपने आप को सुरक्षित समझ रही हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष रवेन्द्र सिंह यादव ने मिशन शक्ति अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिला सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है और पुलिस-प्रशासन इस दिशा में सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम में मीडिया सेंटर के महासचिव आफताब आलम, जो. गिंदर चौधरी, अंकुर पहलवान, प्रतीक देव, कांस्टेबल सोनू कुमार सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता को लेकर संकल्प लिया गया।



# भोजाहेडी में डे-नाईट शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**पुरकाजी।** ब्लॉक के गांव भौजाहेडी में डे नाइट शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काफी टीम में पहुंची

मिली जानक. ारी के अनुसार ब्लॉक के गांव निकटवर्ती गांव भोजाहेड़ी में रविवार के दिन डे नाइट शूटिंग बॉल का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य युपी रत्न डॉक्टर संदीप वर्मा पहुंचे रहे जिन्होंने टूर्नामेंट का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया टूर्नामेंट में शेरपुर अब्दुलपुर की बरला दहीरपुर आदि की टीम पहुंची इस मौके पर अशोक गिरी सचिन कुमार उत्तम राणा शुभम कुमार अतुल सूरज राहुल नान्ना पॉपीन अतुल पाल अभिषेक अतुल कुमार आदि मौजूद रहेटूर्नामेंट में ललित कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई।



# भाकियू अराजनैतिक ने मिल प्रधान प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चीनी मिल शीघ्र चलाने व मिल से जुड़े किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनैतिक प्रतिनिधि मंडल ने मिल के प्रधान प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की।

भाकियू अराजनैतिक के प्रति. निधि मंडल ने दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स के प्रधान प्रबंधक वी के पाण्डेय को चीनी मील शीघ्र चलाने व मिल से जुड़े किसानों की समस्याओं अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा जिसमें चीनी मिल को समय से चालू कराया जाने अतिरिक्त गन्ने को चालू पेराई सत्र में अन्य मिल को आवंटित किये जाने,भैंसा बोगी से गन्ना लाने वाले किसानों को तत्काल तौल की सुविधा प्रदान किये जाने किसानों के मांग करने पर गन्ना छिलाई की मशीन उपलब्ध कराई जाने, मिल विस्तारीकरण अतिशीघ्र कराये जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से मेघिन्द्र बालियान, संजीव सहरावत, परविन्द्र सहरावत, अनिकेत सहरावत,वीर मास्टर, रोमी,आदेश, धर्मेंद्र, प्रमोद, जयवीर आदि मौजूद रहे।



# कस्बे में स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस

**जानसठ।** रविवार को जानसठ, ब्लाक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष विजय दशमी उत्सव देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व के संकल्प के साथ बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर गोपाल ने की। मुख्य वक्ता मास्टर प्रेम चंद्र प्रान्त संघ संचलक मेरठ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कार धीरे-धीरे खत्म हो रहे हैं, और सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि समाज को जातियों में बांट दिया गया है। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति ने अपने मन में जो गांठ बांध ली है, उसी के कारण हमारा समाज बिखर रहा है। हमें इन गांठों को खोलना होगा। उन्होंने इस विघटन को समाप्त कर सामाजिक समरसता लाने के लिए श्पंच परिवर्तनश के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी स्वयंसेवकों को इन परिवर्तनों को जीवन में उतारने की प्रतिज्ञा लेने पर ज़ोर दिया। अध्यक्ष और वक्ता दोनों ने संघ के निस्वार्थ कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल एक संगठन नहीं है, बल्कि यह देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला एक सशक्त राष्ट्रीय मंच है। इस दौरान मुख्य रूप से खण्ड बौद्धिक प्रमुख जिला खण्ड प्रमुख हितेश अभिषेक खंड कार्यवाहक गौरव खंड संघ सचालक अजय खंड व्यवस्था प्रमुख मनोज खंड प्रचार प्रमुख नवीन के अलावा रोहित खत्री रामनिवास प्रजापति कैलाश सैनी बृजेश रस्तोगी यनेश तंवर नेत्रपाल कश्यप रजनीश सैनी उर्फ़ मोनी शशिकांत राजवंशी प्रेम कश्यप पीयूष शर्मा सूरज शेखर तोमर आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू की सभा में 6 व 8 अक्टूबर के प्रोग्रामों को लेकर बनाई रणनीति

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन की एक बडी सभा भाकियू बुढाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के आवास पर आयोजितघ हुई। जिसमें आगामी 6 अक्टूबर को महात्मा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के जन्म दिन को किसान जाग्रति दिवस के रूप में मनाने के लिए भारी संख्या में सिसौली कूच करने और फिर एक दिन आराम करने के बाद आगामी 08 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर शहर में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध मुजफ्फरनगर कूच करने के विषय में जोरदार चर्चा की गयी। जिसमें भाकियू ब्लाक अध्यक्ष सुधीर प्रधान ने कहा कि बात किसान की इज्जत और मान सम्मान की है इसलिए 8 अक्टूबर को बुढाना ब्लाक से भारी संख्या में ट्रैक्टरों सहित किसान महापंचायत में शामिल हों। भाकियू तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा कि सरकार, पुलिस और प्रशासनघ चिन्हित करके किसानों का शोषण कर रही है। इसलिए सरकार के कान खोलने के लिए सभी किसान मुजफ्फरनगर की महापंचायत में भारी संख्या में कचहरी पहुंचे। भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के जन्म दिन को किसान जागृति दिवस के रुप में सिसौली में 06 अक्टूबर को मनाया जाएगा इसलिए अधिक से अधिक संख्या में 06 अक्टूबर को सिसौली और 08 अक्टूबर को अपने सम्मान के लिए मुजफ्फरनगर शहर में होने वाली महापंचायत में सभी कार्यकर्ता दल बल सहित पहुंचें ओर सभी ग्राम अध्यक्ष अपने अपने गांव से भारी सख्या मे ट्रेक्टर ट्रोलियां सहित मुजफ्फरनगर शहर के लिए कूच करें। बैठक की अध्यक्षता राजबीर सिंह ठेकेदार व संचालन जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी व भाकियू बुढाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने किया। बैठक में यासीन, बीर सिंह, प्रवीण, विपिन, लविश जांगिड, तमसीर, अशोक, इकराम, पिंटू बालियान, तैमूर अली राणा मंदवाडा, अरुण, सलमान, शहजाद व अजय बिटावदा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में किया पथ संचलन

**शाहपुर।** रविवार को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव और संघ का 100 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। शाहपुर कन्या इंटर कालेज मे संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश मे एकत्रित हुए। सर्वप्रथम बौद्धिक सत्र हुआ। मुख्य वक्ता भारतीय किसान संघ के विभाग संगठन मंत्री रामपाल सिंह ने स्वयंसेवको को संबो. धित किया। कार्यक्रम का सफल संच. ालन नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल ने किया। बौद्धिक पश्चात स्वयंसेवकों ने संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे का पाठ किया। पथ संचलन और संघ शताब्दी वर्ष का सम्पूर्ण कार्यक्रम नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल के नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। संचलन के दौरान सैकडो स्वंयसेवक कतारबद्ध होकर धोष के साथ पूर्ण अनुशासन मे कदमताल करते हुए चल रहे थे। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पारंपरिक तौर पर विजयादशमी पर्व पर विजय उत्सव के रूप में यह पथ संचलन निकाला जाता है, जिसमें संघ के स्वयंसेवक अपनी निर्धारित वेशभूषा में पथ संचलन में शामिल होते हैं। शाहपुर के अलावा भी देश के अलग-अलग सभी शहरों में भी आज आरएसएस द्वारा पथ संचलन किया गया। आरएसएस के गठन से अब तक हर दशहरे पर संघ द्वारा पूरे देश में पथ संचलन किया जाता है। नगर कार्यवाह संदीप बंसल एडवोकेट ने बताया संघ की स्थापना सन 1925 मे विजयादशमी के दिन ही हुई थी।आज संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो गये है और इस वर्ष से संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। बौद्धिक के बाद शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज से पूर्ण गणवेश में सिर पर काली टोपी, सफेद शर्ट एवं खाकी पैंट में कतारबद्ध होकर पथ संचलन की शुरुआत हुई। जो मेन बाजार से होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापिस शाहपुर कन्या इंटर कालेज पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग संघचालक डॉक्टर हरवीर आर्य, खंड संघचालक मदनपाल काकड़ा, नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल, खंड प्रचार प्रमुख आदित्य सैनी, व्यवस्था प्रमुख जीतेन्द्र धवन, खंड सह शारीरिक प्रमुख अनमोल बंसल, बौद्धिक प्रमुख सुबोध गौतम, सेवा भारती के खंड प्रमुख विजय बंसल, वरिष्ठ स्वंयसेवक अजय शर्मा तंबाखू वाले, वरिष्ठ स्वंयसेवक श्यामपाल सिंघल, अमन मित्तल, कुंज मित्तल, प्रदीप पाल, राहुल शर्मा, अजय बंसल भगतजी, गौरव गोयल, हितेश गोयल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, गोविंद वर्मा, डॉ. मोहित शर्मा, शिवाजी पाल, विनोद सैनी, अर्जुन सैनी, अंश मलिक आदि स्वयंसेवको का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, ग्राम प्रधान पलडी मोनू सैनी, डॉक्टर सतीश सैनी, डॉक्टर मुकेश त्यागी, डॉक्टर ऋषिपाल तोमर, ओमपाल मेहरा, रजत बंसल, नीरज सैनी, सोनू सैनी, प्रमोद गर्ग, कुलदीप शर्मा कमाल. पुर, वरुण चौधरी, रितिक ठाकुर, डॉ. मुकेश त्यागी, एडवोकेट ;षिपाल सैनी, विपिन बंसल, प्रवीन सैनी, विशाल सैनी, देवशरण त्यागी दिनकरपुर, कविंद्र रसूलपुर, पीयूष जैन, अनुज सैनी, योगेश मलिक, नवदीप मित्तल, दर्शित मित्तल, मनु मित्तल, मोहित गोयल उमरपुर, हरिओम मिश्रा, विशाल कुमार, हर्षित सैनी, थवनेश बंसल, लक्ष्य सैनी, सक्षम सैनी, आदित्य सैनी, मुकुंद शर्मा, अर्जुन गोयल, संजीव कुमार दिनकरपुर, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शाहपुर थानाध्यक्ष मोहित चौधरी और कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद रहे।

# मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाश हुए लंगड़े

**खतौली।** खतौली पुलिस ने रविवार को बड़ी सफलता हासिल की। रायपुर-नंगली मार्ग पर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन कुख्यात बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाशों को दबोचते हुए उनके कब्जे से लाखों रुपये का टावर चोरी का सामान और अवैध असलहे बरामद किए हैं।

सीओ राम आशीष यादव के निर्देशन में खतौली कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नंदकिशोर शर्मा और पुलिस टीम राजीव चौधरी (सर्विलांस सेल), धर्मेंद्र श्यौराण, हेड कांस्टेबल मुनीश कुमार, शीतल देव चौधरी, विकास चौधरी, कालूराम यादव, मनीष त्यागी, अरुण कुमार, सतेन्द्र, विवेक सिरोही, संदीप नागर के साथ रायपुर-नंगली मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की आई-20 कार आती दिखाई दी। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो कार सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। भागते समय बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

इसके बाद बदमाश ईख के खेतों में घुस गए। पुलिस टीम ने बदमाशों को घेर लिया और आत्मसमर्पण के लिए चेताया, लेकिन उन्होंने फिर से फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में तीनों नावेद उर्फ जावेद पुत्र इलियास, निवासी लक्कीपुरा, थाना लिसाड़ीगेट, मेरठ, नाजिम उर्फ डॉन पुत्र नसरुद्दीन, निवासी दत्तल जिटौली, थाना कंकरखेड़ा, मेरठ, ताजिम उर्फ इमरान पुत्र सलीम, निवासी शोभापुर, थाना कंकरखेड़ा, मेरठ मुठभेड में बदमाशों के पैर में गोली लगने के बाद बदमाश घायल होकर गिर पड़े। एक बदमाश घने खेतों का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाशों को पकड़ लिया।

पुलिस ने मौके से तीन तमंचे, छह जिंदा कारतूस, एक आई-20 कार (बिना नंबर प्लेट), दो सैल, चार मॉडयूल, एक लिथियम बैटरी, एक आरआरयू, 34 पीवीसी प्लेट और छह मदरबोर्ड कवर बरामद किए। बरामद सामान लाखों रुपये का बताया जा रहा है, जिसे बदमाश मोबाइल टावरों से चोरी कर दिल्ली के सीलमपुर मार्केट में बेचते थे। सीओ राम आशीष यादव ने जानकारी देते हुय बताया तीनों बदमाशों पर मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और शामली जनपदों में चोरी, लूट, गैंगस्टर व आर्म्स एक्ट समेत दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीनों बदमाश शातिर टावर चोर हैं। इनके गिरोह ने हाल ही में ग्राम भैंसी स्थित रिलायंस कंपनी के टावर से आरआरयू और बैटरी चोरी की थी। पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया कि वे जनपद शामली, बागपत, हापुड़, मेरठ और मुजफ्फरनगर में टावरों से कीमती उपकरण चोरी कर दिल्ली सीलमपुर में बेचते थे।

# तालड़ा में ईंट रखने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के गांव तालड़ा में ईंट रखने जैसी मामूली बात पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मे घायल हो गए हैं। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गांव निवासी विनित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने मकान के सामने गांव के ही सोमसिंह की पत्नी से पूछकर चिनाई हेतु कुछ ईंटें रख दी थीं। आरोप है कि गत दिवस शाम जब विनित का भतीजा तनिष्क घर पर था, तो सोमसिंह के लड़के शिवकुमार ने उसे गाली-गलौज करते हुए ईंटें हटाने को कहा।तनिष्क द्वारा दो-चार दिन में ईंटें हटवाने की बात कहने पर शिवकुमार ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर तनिष्क को बचाने आए उसकी मां परमीला , बीनू , मनोज कुमार विनित कुमार आदि पर लाठी डंडो से उन्होंनेहमला कर दिया

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गन्ना समिति के एमडी पर पूर्व प्रधान ने किया हमला

**कहासुनी के बाद हुई थी गाली-गलौच**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार को अंतवाड़ा गांव में गन्ना समिति के एमडी और पूर्व प्रधान के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार, किसी आपसी कहासुनी को लेकर गन्ना समिति के एमडी रामवीर सिंह और गांव के पूर्व प्रधान सुंदरलाल के बीच पहले तीखी बहस और गाली-गलौच हुई,

जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद एमडी रामवीर सिंह पूर्व प्रधान के घर पहुंचे, जहां दोनों के बीच दोबारा कहा. सुनी हो गई।



इसी दौरान पूर्व प्रधान के पक्ष के लोगों ने एमडी पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में एमडी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह भीड़ को तितर-बितर किया।

पुलिस ने दोनों पक्षों पूर्व प्रधान सुंदरलाल और एमडी रामवीर सिंह को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। गांव के सूत्रों के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से पैसों के लेनद.ेन को लेकर विवाद चल रहा था।

यही नहीं, पूर्व प्रधान ने कुछ समय पहले उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजकर एमडी को हटाने की मांग भी की थी। घटना के बाद कोतवाली पर पूर्व प्रधान के समर्थकों की भीड़ जुट गई, जो दोनों पक्षों में समझौता कराने की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घायल एमडी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# खतौली ब्लॉक प्रांगण में संपन्न हुई भाकियू की बैठक

**खतौली।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिका. रियों ने पुलिस प्रशासन पर भ्रष्टाचार, अभद्र व्यवहार, फर्जी मुठभेड़ों और फर्जी मुकदमों जैसे मुद्दों पर कड़ा रोष व्यक्त किया। बैठक में आगामी 8 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर स्थित कप्तान कार्यालय पर होने वाले धरने की रूपरेखा तय की गई। पदाधिका. रियों ने अधिक से अधिक किसानों से इस धरने में पहुंचकर प्रशासन की नीतियों के खिलाफ एकजुटता दिखाने की अपील की। खतौली ब्लॉक अध्यक्ष दीपांकर चौहान ने अलीम सैफी को ब्लॉक सचिव और युवा तहसील अध्यक्ष अंकित चंदेल ने युवा तहसील सचिव नियुक्त किया। इस अवसर पर ललित त्यागी तहसील अध्यक्ष, जुल्फिकार छोटा, राजवीर सिंह, संजीव राठी सोन्टा, अंकुश प्रधान, अंकित चंदेल, विष्णु गिरी, गौरव पंडित, मनोज कुमार, विमल कुमार, कपिल मोतला, सन्नी सोम, शेखर राठी, राशिद खान, अदनान, आकाश भाटी, सौरभ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टोल मैनेजर हत्याकांड के पीछे की साजिश होनी चाहिए उजागर: सुनील भराला

**छपार।** मृतक टोल उपप्रबंधक की हत्या को लेकर एक शोकसभा में प्रदेश के राज्यमंत्री सुनील भराला ने कहा कि उन्हें सभी मांग लिखकर दे मृतक के परिजनों को शोकसभा में आने क्यों रोका गया उसकी तहकीकात करायेंगे इसमें जरूर किसी माफिया का हाथ होगा। उन्हें सरकार ने निर्देशित नहीं किया वे तो पीड़ा को समझकर आये है। सरकार रहे न रहे पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करेंगे।त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने प्रशासन से कहा कि पंद्रह दिन में बताये की हत्याकांड के क्या हो रहा है वर्ना उसके बारे में सोचा जायेगा उन्हें क्या करना है रविवार को टोल परिसर में मृतक टोल मैनेजर अरविंद पांडे की शोकसभा आयोजित की गई जिसमें बडी सँख्या में गाजियाबाद, नोयडा, मेरठ, बिजनौर, सहारनपुर हरिद्वार के सर्वसमाज के लोगों ने भाग लियास शोकसभा में प्रदेश के राज्यमंत्री ने मृतक को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मृतक की पत्नी को एनएचएआई में नौकरी दिलवायेंगे ओर मुकदमे में क्या हो रहा है उसे भी दिखवायेंगे। सरकार ने बडे बहुबलियों का सफाया किया हैस गठवाला खाप के प्रदेश अध्यक्ष एके चौधरी ने कहा कि उक्त हत्या में कुछ नही होता अगर सर्व समाज खडा न हो, जो लोग बिकते है वे खाप चौधरी नहीं बनते है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार को न्याय मिलने तक सब के साथ खडे रहेंगे। सपा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश शर्मा ने कहा कि सर्वसमाज बधाई का पात्र है। अरविन्द पांडे योगी की टीम का सदस्य व भाजपा का सिपाही था दुर्भाग्य है कि भाजपा का कोई नेता या मंत्री नही पहुंचा उन्होंने अपनी टीम की ओर से दो लाख इकयावन हजार रुपये मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिये दिये। ओर श्रद्धांजलि दी मांगेराम त्यागी ने बताया कि मृतक का भाई अमित पांडे का फोन आया कि उसे पुलिस ने उनको रेल से उतार लिया वह शोकसभा में जा रहा था मांगेराम त्यागी ने कहा कि



मृतक की पत्नी को एनएचएआई नौकरी दे ओर घर रहते हुए वेतन दे, उन्होंने प्रशासन को प्ंद्रह दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि बतायें मुकदमें में क्या हो रहा है उसके लिये ग्यारह गणमान्य लोगों की कमेटी गठित की करे ओर प्रशासन को पंद्रह दिन का समय दिया है कोई कार्यवाई नही हुई तो सोहलवे दिन रणनिति बनाई जायेगीस राकेश शर्मा राष्ट्रवादी ब्राहमण समाज के जिलाध्यक्ष, जगमोहन शर्मा, सुशील त्यागी, गीता त्यागी गाजियाबाद, अक्षु त्यागी, ब्रहमप्रकाश शर्मा, विजय त्यागी, विरेंद्र गुर्जर, सँदीप पाराशर, अमित त्यागी, सुशील शर्मा, विजय त्यागी, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गुजरात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बने जगदीश पांचाल विश्वकर्मा

**खतौली।** भाजपा कार्यालय मुजफ्फरनगर में रविवार को कार्यकर्ताओं ने गुजरात प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। जगद. ीश पांचाल विश्वकर्मा, मंत्री गुजरात सरकार, को मिली बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री मनोज पांचाल विश्वकर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी को पटका पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा जगदीश पांचाल विश्वकर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर न केवल गुजरात प्रदेश बल्कि पूरे भारतवर्ष के पांचाल विश्वकर्मा समाज का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नढा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा के समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मोहन तायल, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, शरद शर्मा, रो. हतास पाल, यशवीर सिंह सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विजय पर्व पर आरएसएस का पथ संचलन

**मुजफ्फरनगर।** प्रेमपुरी स्थित एक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले के अधिकारियों द्वारा विजयदशमी पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता योगेंद्र कांबोज ने की और मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए आरएसएस के सेवा भारती के विभाग मंत्री रमेश सांई ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लिया हुआ है। वर्ष 1989 के कालखंड में देश को आगे ले जाने के लिए अनेक योजनाएं तैयार की गई ताकि भविष्य में कोई भी शक्ति देश को गुलाम ने बना सके। उन्होंने शास्त्र और शस्त्र की आवश्यकता पर बल देते हुए अन्य कार्यक्रमों की भी जानकारी दी और कहा कि संघीय शक्ति कलयुगे यह नारा वर्तमान में उपयुक्त है। उन्होंने अपने आप को मजबूत करने पर बल दिया ताकि दुनिया की कोई भी ताकत आपके सामने विजय प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न न कर सके। उन्होंने इस बात पर भी खेद जताते हुए कहा कि जो लोग शाखा में नहीं जा रहे हैं वह एक तरह का धर्म का अनादर कर रहे हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए योगेंद्र कंबोज ने कहा कि परिवार के साथ-साथ लोगों के लिए राष्ट्र भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना हम सबको बिना स्वार्थ और बिना डर के इस काम में लग जाना चाहिए ताकि आने वाले समय में भारत विश्व गुरु के पद पर चले। इस अवसर पर कुछ अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये। आरएसएस की हनुमान नगर शाखा द्वारा सांवरकर बस्ती में हुआ यह कार्यक्रम जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, सभासद योगेश मित्तल, पवन बंसल, जयवीर सिंह, विपिन गुप्ता, अंकित एडवोकेट, जिला सह व्यवस्था प्रमुख बृजमोहन सहित अनेक लोग उपस्थित थे और सभी ने इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। बाद में हनुमान शाखा द्वारा रामलीला टील्ला से पथ संचलन निक. ाला गया जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकला। पथ संचलन में संघ के कार्यकर्ता स्वयंसेवक संघ की पूरी पोशाक में नजर आए

# हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास का जड़ौदा में स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** एनएच 58 द मिड लाइन होटल निकट नरा- जड़ोदा अड्डे पर हनुमान गढ़ी अयोध्या जी के महंत एवं हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 महंत राजूदास महाराज जी का जनपद में प्रथम बार आगमन पर हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के कार्यकर्ताओं एवं नगरवा. सियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

साथ ही ग्राम नरा मैन मार्किट से होते हुए यू.पी.स्टील मेल्टर कॉलोनी तक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई और यू पी स्टील परिवार और हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ की ओर से 20 वाँ माँ भगवती के विशाल जागरण का आयोजन किया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे महंत श्राजू दास जी महाराज पहुचे और उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देते हुए अपने विचार रखे ! तत् पश्चात् महाराज जिला अध्यक्ष शैंकी धीमान के आवास पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ




बैठक की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा जी जिला अध्यक्ष शैंकी धीमान जिला प्रभारी अंशुल तायल जिला उपाध्यक्ष तुषार कादियान जिला उपाध्यक्ष शुभम राठी जिला मंत्री शिशिर कुमार जिला मीडिया प्रभारी विवेक बालियान विधान सभा अध्यक्ष अनुज गर्ग महानगर मंत्री अनुज सैनी कार्यकारणी सदस्य राम सिंह राधे श्याम निखिल कुमार छोटू सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद में जल्द होगी 854 कन्याओं की शादी

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में 854 कन्याओं की शादी के लिए जल्द शहनाई बजने जा रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शासन स्तर से जिला समाज कल्याण विभाग को 854 लडकियों की शादी कराने का लक्ष्य मिला है। प्रत्येक जोडे पर एक लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। शासन स्तर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर काफी बदलाव हुए है। पूर्व में योजना के तहत प्रत्येक जोडे पर 51 हजार रुपए खर्च होते आए है। जिसमें 35 हजार रुपए वधु के खाते में और 10 हजार रुपए का सामान दिया जाता था। वहीं छह हजार रुपए भोजन और अन्य व्यवस्था पर खर्च होते थे।अब शासन स्तर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत खर्च होने वाली धनराशि को 51 हजार से बढाकर एक लाख कर दिया गया है। जिसमें 60 हजार रुपए वधु के बैंक खाते में, 25 हजार रुपए का सामान और 15 हजार रुपए भोजन व अन्य व्यवस्था पर खर्च होगे। वहीं आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम तीन लाख तक हो गई है

### आधा दर्जन से अधिक ट्यूबवेलों पर हुई चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक ही गांव के जंगल में एक ही रात में आधा दर्जन से भी अधिक ट्यूबवैलों पर नकब लगाकर हजारों रुपये की कीमत का सामान चोरी करके किसानों में भय पैदा कर दिया है। भौरांकला पुलिस को भी घटना की सूचना दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार किसान कर्ण सिंह पुत्र उदयराज निवासी गांव मौहम्मदपुर राय सिंह ने भौराकलां पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि आज रविवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में मेरी टड्बवैल और पड़ोसियों की टयूबवेलों जिनमें कुलदीप मलिक, रणवीर सिंह, सौराज सिंह, पूरण सिंह, चौनपाल सिंह, प्रीतम सिंह, देवेंद्र सिंह, मांगा सिंह, हरपाल सिंह, पवन कुमार और टीकाराम सिंह की टयूबवैलों से विद्युत केबिल, स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस घटना का पता उनको सुबह के समय अपनी अपनी टयूबवेलों पर जाकर लगा। जिसमें हजारों रुपये की कीमत का सामान चोरी हुआ है। घटना की सूचना पर भौराकलां पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया और सभी पीड़ित किसानों को आश्वासन दिया कि चोरी की इन सभी घटनाओं का खुलासा जल्दी ही कर दिया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक भौरांकलां पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज नहीं किया था।

### मृतक के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे विधायक मदन भैया

**जानसठ।** कस्बे के गंज मोहल्ला में शनिवार को 17 वर्षीय दीपांशु का शव छत से लटका हुआ उसी के कमरे में मिला था। क्षेत्रीय विधायक मदन भैया परि. जनों को सांत्वना देने पहुंचे तो इस दौरान परिजनों ने हत्या होने का अंदेशा जताया, विधायक ने परिजनों को पुलिस से वार्ता कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

तो वही रविवार को एक तरफ क्षेत्रीय विधायक के पहुंचने पर विधायक से मृतक किशोर के परिजनों ने हत्या होने का अंदेशा जताया तो वहीं दूसरी ओर परिजनों के साथ मृतक की बहन ने थाने में पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा।तो वही पुलिस ने परिजनों की मांग पर पीएम रिपोर्ट परिजनों को सौंप दी जबकि मृतक की बहन हत्या का मुकदमा दर्ज करने को लेकर लगातार हंगामा काटती रही।

### डॉ भीमराव अंबेडकर अवार्ड के लिए चयनित हुई तनु रानी

**जानसठ।** खिलाड़ी तनु रानी का डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड 2025 के लिए चयन हो गया है। अवार्ड के लिए चयनित होने पर खिलाड़ी तनु रानी बहुत खुश है।खिलाड़ी तनु रानी विधायक मदन भैया से मिली। विधायक मदन भैया ने खिलाड़ी तनु रानी को हर संभव मदद सरकार से दिलाने का दिया आश्वासन। रविवार को स्थानीय डाक बंगले पर गांव भैंसी निवासी खिलाड़ी तनु रानी अपने परिजनों के साथ क्षेत्रीय विधायक मदन भैया से मिली और उन्होंने विधायक मदन भैया से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड 2025 के लिए पत्र लिखवाया विधायक मदन भैया ने तत्काल ही खिलाड़ी तनु रानी के लिए संस्तुति पत्र लिखकर भेजा। जिसके चलते खिलाड़ी तनु रानी का चयन हो गया। चयन होने की सूचना पर खिलाड़ी तनु रानी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### सुरक्षा को महिलाएं हैल्पलाईन नम्बरों का उपयोग करें

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के ग्राम सराय में एंटी रोमियो टीम और फुगाना पुलिस ने संयुक्त रूप से गांव की काफी महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक किया। रविवार को सराय चौकी इंचार्ज ने गांव सराय के प्राथमिक विद्यालय में महिलाओं और बालि. काओं को एकत्र किया। इस मौके पर एंटी रोमियो टीम और फुगाना पुलिस ने महिलाओं के लिए सरकार की ओर से चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचने के लिए बताया कि किसी को अपना ओटीपी शेयर न करें। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें। बिना जानकारी के कोई भी फाइल डाउनलोड न करें। इस मौके पर बरखा, कविता, रूपा, सोमी, नफीसा, पूजा और पुलिस चौकी सराय का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### विद्युत दरे बढ़ाने के पीछे किसान मजदरों की कमर तोड़ना : मनोज

**मोरना।** गांव छछरौली में किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज मांडी ने कहा प्रदेश सरकार विद्युत दरे बढ़ाकर किसान मजदूर की कमर तोड़ना चाहती है। वही स्मार्ट मीटर के बहाने असहनीय बोझ जनता के ऊपर बढ़ेगा, यह कैसा विकास है। बाढ़ के पानी से किसानों की फसलों भारी नुकसान पहुंचा। बेगुनाह को पुलिस सरेआम गोली मार रही है। यह अन्याय को जनता कब तक सहन करेगी। आज तक गन्ना समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी नहीं हुई यह किसानों के साथ भाजपा सरकार का बहुत बड़ा धोखा है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव राठी ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बैनर तले 12 अक्टूबर को महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मैदान में किसान सभा का आयोजन करेगी। जिसमें फसलो के दामों में बढ़ोत्तरी किए जाने और खेती मैं प्रयोग होने वाले खाद, कीटनाशक, बीज आदि सहित अन्य सामानों की कीमत कम कराने पर विचार किया जाएगा। जिसको लेकर गांव बहुपुरा,इलाहाबास, शुक्रतारी, फिरोजपुर,बिहारीगढ़ आदि में जनसम्पर्क किया। इस दौरान अनूज धीराहेडी, सनूज़, महावी र, नरेंद्र सिंह, चंद्र देव राहुल संजीव बिटू आदि मौजूद रहें।

# भूमि अधिनियम कानून में आवश्यक सुधार की जरुरत : सुबोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर निवासी हॉर्टिकल्चर और एग्रोनॉमिस्ट सुबोध कुमार ने भूमि अधिनियम कानून में आवश्यक सुधार की जरुरत बताई और कहा कि आज के भूमि अधिग्रहण कानून में कुछ बड़ी कमिया हैं।

जैसे कई बार 20 प्रतिशत से अधिक भूमि मालिक उस मुआवज़े की राशि का सही उपयोग नहीं कर पाते जो सरकार उन्हें देती है। सरकार उन्हें जबरन पैसा देती है लेकिन बहुत से किसान उस धन से कोई स्थायी कार्य नहीं कर पाते। इसलिए सरकार को ऐसे किसानों के लिए कुछ वैकल्पिक विकल्प प्रदान करने चाहिए। मेरा सुझावघ है कि सरकार किसान से भूमि को 25 वर्षो के किराए पर ले सकती है। इस स्थिति में किसान ही भूमि का अंतिम और



स्थायी मालिक बना रहेगा। लाभ में हिस्सेदारी में जो किसान अपनी प्राप्त राशि से कोई कार्य शुरू करना नहीं जानते उन्हें उस भूमि पर होने वाले व्यवसाय या परियोजना में लाभ की प्रतिशत आधारित हिस्सेदारी दी जानी चाहिए। इससे किसान की आने वाली पीढ़ियां भी आर्थिक रूप से सुरक्षित रहेंगी और आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यदि सरकार की नीयत साफ़ है तो वह भूमि को किराए पर लेकर 25 वर्षों का अनुबंध करे। यदि सब कुछ ठीक रहता है तो अनुबंध को नवीनीकृत किया जा सके। अनु. बंध की अवधि पूरी होने के बाद भूमि अपनी मूल स्थिति में किसान को वापस कर दी जाए। भूमि का कानूनी वारिस हमेशा किसान ही रहेगा। अधिग्रहित भूमि पर जो भी व्यवसाय होगा उस भूमि के मालिक किसान को उसमें लाभ का हिस्सा मिलना चाहिए। भूमि के मूल्य को किसान के निवेश के रूप में माना जाए क्योंकि हर किसान नकद धन से निवेश करने में सक्षम नहीं होता। इस प्रकार के बदलाव देश के वास्तविक विकास व किसानों के सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। अगर सरकार का उद्देश्य सच में विकास करना है तो उसे इस दिशा में कदम उठाने चाहिए।

# नई मंडी में निकाली गई महाराजा अग्रसैन शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महाराजा अग्रसेन वैश्य उत्थान समिति के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नई मंडी के मेहता क्लब से बड़े धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रविवार को नई मंडी स्थित मेहता क्लब में आयोजित कार्यक्रम में महारा. जा अग्रसेन की आरती मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अशोक



अग्रवाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, दिनेश बंसल, अनिल तायल, अनिल कंसल, श्रीमोहन तायल, रेनू गर्ग, मिथिलेश गर्ग, आदि ने संयुक्त रूप से की और महाराजा अग्रसेन के रथ को हरी झंडी दिखाई। शोभायात्रा में बैंड बाजों के साथ झांकियां भी शामिल रही।

शोभायात्रा का शहर में अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का संचालन राजीव गोयल, आलोक अग्रवाल, विपिन गोयल, अनुज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, कुलदीप मित्तल, राजेंद्र तायल, संजीव अग्रवाल, योगेश गुप्ता, मुकेश प्रधान, अजय गुप्ता आदि ने किया। शोभायात्रा मेहता क्लब से वकील रोड, बिन्दल बाजार, पीठ बाजार, भोपा पुल होते हुए अन्सारी रोड, मोती महल, सर्राफा बाजार, भगत सिंह रोड, शिव चौक, झांसी की रानी, टाउन हाल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

# पूर्ण गणवेष में भोपा में हुआ आरएसएस का पथ संचलन

**भोपा।** स्वामी कल्याण देव बालिका इंटर कालेज के प्रांगण में भोपा मंडल के द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवा के 100 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बौधिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में वक्तताओं ने संघ के सेवा कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिसके बाद गांव गांव से आये अनेक स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। जिसमें आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह विकास, सह-प्रांत कार्यवाह मेरठ प्रांत, खंड कार्यवाह कविश सिंह, शुभम, ईश्वर, गौरव, शिवम, विक्रांत, विशाल, मोहित, अर्जुन, यश आदि मौजूद रहे।

# जिले की 39 बस्तियों में आरएसएस स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**मुजफ्फरनगर।** विजय दशमी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस की कार्यक्रमों की श्रृँखला मे पुरे जिले की 39 बस्तियों व मंडलो मे 8 संचलन व 31 एकत्रिकरण

28 सितम्बर से आरम्भ होकर 5 अक्टूबर तक जिले भर मे विजयदशमी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे 115 बस्तियों व मंडलो मे कार्यक्रम आयोजित किये गए।इसी श्रृँखला मे 39 कार्यक्रम आयोजित किये जिसमे जिले भर मे 8 संचलन व 31 एकत्रिकरण संपन्न हुए।जिसमे आज हनुमान बस्ती रामलीला टीला रामलीला टिल्ला मैदान पर पथ संचलन का आयोजन हुआ जिसमे पथ संचलन का आयोजन किया गया पथ संचलन से पूर्व कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज वर्मा वरिष्ठ स्वयंसेवक ने दीप जलाकर किया।जिसमे नगर प्रचारक आयुष का बौद्धिक रहा उन्होंने पंच परवर्तन के विषय के बारे मे विस्तार से चर्चा की तथा विजय दशमी व हेडगवार जी के जीवन के बारे मे विस्तार से बताया।

दूसरा आयोजन रामलीला मैदान, टाउन हाल कृष्ण बस्ती का एकत्रिकरण का कार्यक्रम हुआ जिसमे जिला कार्यवाह संजय लखान का बौद्धिक रहा उसमे उन्होंने स्वयं सेवक संघ के 100 वर्षो के बारे मे चर्चा की व पंच परिवर्तन विषयो को विस्तार पूर्वक समझाया व नियमित शाखा की विशेषता बताई।उन्होंने कहा की स्वयं सेवकों के परिश्रम व निष्ठां व अनुसा. सन से ही संघ समाज मे प्रतिष्ठित हो रहा है। तीसरा कार्यक्रम पटेलनगर रामलीला मैदान मे पटेल बस्ती का पथ संचलन हुआ पथ संचलन से पहले जिसमे विभाग सेवा प्रमुख ब्रिजेश का बौद्धिक रहा जिसमे उन्होंने विजय दशमी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक स्थापना दिवस के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया व 100 वर्षो के संघर्ष के बारे मे विस्तार से चर्चा की।इसी श्रृंखला मे वसुंधरा कॉलोनी पार्क प्रथम मे वसुंधरा व भगवती बस्ती पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमे विभाग प्रचार प्रमुख विकास भार्गव का बौद्धिक रहा जिसमे विकास जने कहा की ये 100 वर्ष हर्ष व उल्लाहस का नहीं है इन 100 वर्षो मे हम देखे क्या हमने अपना लक्ष्य जो हमें डॉक्टर हेडगवार जी ने दिया था क्या हमने वो प्राप्त किया अभी हम अपने कार्यो से संतुस्ट न हो आगे के वर्षो मे हमें बहुत कार्य करने है और हम ज़ब तक अपने परम वैभव भारत के लक्ष्य को प्राप्त न करें ज़ब तक हम संतुष्ट नहीं होना है । पंच परिवर्तन विषय को हम समाज मे



लेकर जाये व स्वयं उनको अपनाये और समाज को प्रेरित करें। इन पंच परिवर्तन से हम समाज मे परिवर्तन कर भारत को परम वैभव प्राप्त करने की और लेकर जाये। एक कार्यक्रम जानसठ मे रहा स्वयंसेवको ने पथ संचलन का आयोजन किया जिसमे मान्य प्रान्त संघ चालक प्रेमचंद का बौद्धिक रहा। उन्होंने कहा कि सच्चा स्वयंसेवक वही है जो राष्ट्र व समाज के लिए कार्य करते हुए समाज में ही विलीन हो जाता है। उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में प्रत्येक हिन्दू परिवारों में जाने का आह्वान किया।

# आरवा ने विद्यार्थियों की समस्याओं पर किया चिंतन-मनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मान्यता प्राप्त स्कूल संगठन (अश्वा) की एक महत्वपूर्ण बैठक पीएस पब्लिक स्कूल, अलमासपुर, मु0नगर में संपन्न हुई। बैठक का प्रारम्भ संगठन के पदाधिका. रियों द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों से जुड़ी व्यवस्थाएँ एवं विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखने पर बल दिया गया।

बैठक के मुख्य विषय यूडायस डाटा, विद्यार्थियों की शैक्षिक एवं प्रशासनिक समस्याएँ तथा पेन नंबर एवं अपार आईडी से संबंधित कठिनाइयाँ रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि यूडायस के आँकड़े समय पर और शुद्ध रूप से भरना सभी विद्यालयों की जिम्मेदारी है, जिससे न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा बल्कि विद्यार्थियों को शैक्षिक योजनाओं का लाभ भी समय पर मिल सकेगा।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जसवीर राणा ने कहा कि संगठन विद्यालयों की समस्याओं को राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाएगा और सरकार से संवाद स्थापित करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के हित सर्वोपरि हैं और उनकी किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा।

प्रदेश कोषाध्यक्ष कुलदीप सिवाच ने ज्यादा से ज्यादा संगठन सदस्यता बढाने पर बल दिया ताकि संगठन को और ज्यादा मजबूत किया जा सके। उन्होने विद्यार्थियों की सहभागिता और पारदर्शिता पर बल दिया। प्रदेश संगठन मंत्री प्रवेन्द्र दहिया ने प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली और शुल्क संबंधी मुद्दों पर भी सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष महेश पाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यो से आ]वान किया कि वे विद्यार्थियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का




समाधान करना है। जिला महा सचिव चंद्रवीर पंवार ने कहा कि प्रत्येक ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित कर संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत व सुव्यवस्थित किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष ओमपाल सिंह ने कहा कि संगठन ब्लॉक स्तर पर सक्रिय रहेगा और प्रत्येक विद्यालय की समस्याओं को गंभीरता से सुनेगा। ब्लॉक उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के पेन नंबर एवं अपार आईडी संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा। ब्लॉक महासचिव उस्मान अली ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। इस बैठक में संगठन से जुड़े सभी प्रमुख पदाधिकारी, ब्लॉक एवं जिला स्तर के प्रतिनिधि तथा अनेक विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन उस्मान सैफी ने किया।

# पेंशन न मिलने से परेशान हैं ग्रामीण महिलाएं : मोनिका प्रजापति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना महिला मोर्चा एक बैठक गांव मलीरा में मोनिका प्रजापति नगर उपाध्यक्ष के नेतृत्व में हुई।

गांव में महिलाओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे कि कच्चे मकान किसी के पास रास्ता नहीं है निकालने के लिए किसी की वृद्धा पेंशन किसी की विधवा पेंशन किसी का राशन कार्ड में नाम तक नहीं है।

आज सभी समस्याओं को सुना गया और गांव के सेक्रेटरी साइमन अहमद, और गांव के प्रधान सुबोध दोनों को बुलाकर उनकी सारी समस्याओं से उनको अवगत कराया और गांव के प्रधान ने आश्वा. सन दिया है कि सभी महिलाओं की समस्या का समाधान जल्दी हो जाएगा बहुत सारी महिलाओं को वहां पर दिक्कत है गांव मालीरा के



प्रधान ने मौके पर ही बहुत सारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया गांव के सेक्रेटरी ने महिलाओं को बताया कि जन सेवा कल्याण केंद्र में कैसे वह अपना फॉर्म भर सकते हैं और मकान के लिए कैसे आवेदन कर सकते हैं, सेक्रेटरी साहब ने बताया महिलाओं को अपना 10-10 महिलाओं का ग्रुप बनाकर वह सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकते हैं।

आज क्रांति सेना महिला मोर्चा में गांव मालीरा की 20 महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की सभी महिलाओं को पटका बनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, अंजू त्यागी, जिला महामंत्री मितेश गिरी, जिला सचिव सविता गौतम, जिला उपाध्यक्ष राखी प्रजा. पति, नगर अध्यक्ष मोनिका प्रजापति, नगर उपाध्यक्ष पूनम गर्ग, नगर उपाध्यक्ष राखी पाल, रेखा पाल ,मीणा उपाध्यक्ष रीना उपाध्याय और सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैराना: पिता-बेटी के शव घटना से 15 किलोमीटर दूर बरामद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** 48 घंटे पहले यमुना नदी में डूबकर समाई पांच जिंदगियों में से दो शव रविवार को बरामद हुए। पिता सलमान और उसकी बेटी का शव घटना स्थल से करीब पंद्रह किलोमीटर दूर पानी में तैरता मिला। शवों की बरामदगी की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। यह पहला मौका है जब किसी का शव इतनी दूरी पर मिला है। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर कैराना में हुई इस दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया था।

पत्नी की कथित बेवफाई से आहत होकर सलमान ने अपनी जिंदगी खत्म करने का खौफनाक फैसला लिया और चार मासूम बच्चों संग यमुना नदी में छलांग लगा दी। यह कदम न सिर्फ उसके अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए एक दर्दनाक सबक बन गया। मृतक सलमान की कहानी बेवफाई की एक ऐसी त्रासदी बन गई है जिसे सुनकर हर किसी की रूह कांप जाती है। बताया जा रहा है कि पत्नी के अवैध संबंधों और उसके साथ जुड़ी एक अन्य महिला सहित करीब आधा दर्जन लोगों के व्यवहार से टूटकर सलमान ने यह भयावह कदम उठाया। पति-पत्नी के बीच उपजे कलह ने आखिरकार चार मासूम जिंदगियां भी छीन लीं। पुलिस और गोताखोरों की टीम अभी भी बाकी तीन बच्चों की तलाश में जुटी है। यमुना किनारे मातम पसरा हुआ है, जबकि कैराना नगर में इस घटना को लेकर शोक और आक्रोश दोनों का माहौल है।

# नशे के कारोबार में थाने के सिपाही की संलिप्ता, एसपी ने किया निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने हाल ही में एक बड़ी सफलता हासिल की थी। थाना झिंझाना पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत गांव गोगवान थाना कैराना निवासी मुश्ताक पुत्र मुस्तकीम को अवैध 5 किलो 890 ग्राम डोडा पाउडर सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस पूछताछ में मुश्ताक ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वह लंबे समय से डोडा पाउडर की तस्करी का काम करता आ रहा था और उसकी मिली भगत कुछ पुलिस कर्मियों से भी थी। इस खुलासे के बाद जांच तेज की गई, जिसमें थाना झिंझाना में तैनात एक पुलिस कर्मी की संलिप्ता सामने आई। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह ने बताया कि जांच में यह पुष्टि हुई कि उक्त पुलिसकर्मी की नशे के कारोबार में संलिप्ता रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में ऐसे व्यक्तियों के लिए कोई स्थान नहीं है जो अपरा. धियों से गठजोड़ कर कानून व्यवस्था को कमजोर करते हैं।

पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य संभावित सहयोगियों की भी जांच में जुटी है। यह मामला पुलिस और तस्करों की मिलीभगत को उजागर करते हुए कानून व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े करता है कि नशे के खिलाफ अभियान चलाने वाले ही कुछ लोग नशे का कारोबार बढ़ाने में सहयोग कर रहें हैं, लेकिन साथ ही यह संदेश भी देता है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह पुलिसकर्मी कितने समय से नशा तस्कर के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था। साथ ही, इस पूरे नेटवर्क में और कितने लोग शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि थाने से जुड़े बिना कोई भी तस्कर इस स्तर पर नशे की तस्करी नहीं कर सकता।

ऐसे में यह जांच का विषय है कि क्या निलंबित पुलिसकर्मी के अलावा और भी कोई पुलिसकर्मी इसमें शामिल था और यह कारोबार कब से थाने से संचालित किया जा रहा था। इन तमाम सवालों के जवाब मिलना अभी बाकी है, जिन पर पुलिस जांच का रुख आगे का रास्ता तय करेगा।

## एक नजर

### बाइक व चोरी के सामान बेचने वाला पकड़ा

**शामली।** उदयवीर पुत्र हरपाल निवासी ग्राम मुण्डेट कलां थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली की मुण्डेट रोड़ स्थित दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा स्म्क व नगदी चोरी कर ली गई थी। 2.10.2025 को विनोद कुमार पुत्र कालीराम निवासी ग्राम झाल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल चोर द्वारा विवेक विहार से चोरी कर लिया गया था। घटनाओं के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए थे। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दुकान से चोरी व मोटर साईकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई मोटर साईकिल व चोरी का सामान बेचकर प्राप्त नगदी बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त सलमान पुत्र रहमत उर्फ बब्बू निवासी मौहल्ला आजादनगर कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### जानलेवा हमले की घटना में एक पकड़ा

**शामली।** थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बाबरी में प्रथम पक्ष के शमशाद पुत्र मुस्ताक, मनव्वर पुत्र शमशाद, कैप पुत्र शमशाद व सनव्वर पुत्र शमशाद निवासीगण ग्राम व थाना बाबरी जनपद शामली व द्वितीय पक्ष के नूरहसन पुत्र हबीबशाह, इरफान पुत्र नूरहसन, फुरकान पुत्र नूरहसन निवासीगण ग्राम व थाना बाबरी जनपद शामली व 5-6 व्यक्ति अज्ञात प्लाट पर कब्जे को लेकर एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने की घटना कारित की गई थी। घटना का संज्ञान लेकर थाना बाबरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बाबरी में दो पक्षों में प्लाट के विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त दानिश पुत्र इरशाद निवासी ग्राम व थाना बाबरी जनपद शामली है।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व मोटर साईकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू पुत्र यामीन निवासी ग्राम मुन्ड़ेट थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

### रामलीला के कलाकार सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला के रामलीला कलाकारों को नामदेव युवा जन कल्याण समिति की ओर सम्मानित किया। उन्होने दो पुरस्कार जिसमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष कलाकार भगवान राम की भूमिका निभाने वाले आकाश धीमान जी एवम् द्वितीय पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ महिला पुरस्कार आशु मलिक को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद दृष्टि महाराज, हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी एवं सचिव राजकुमार मित्तल और समिति के संस्थापक रजनीश नामदेव रहे। मौके पर उत्तम नामद. ेव, सौरव नामदेव, सत्एंद्र नामदेव, अनुज नामदेव, रूपेश नामदेव, नितिन नामदेव, सुशील नामदेव, पंकज नामदेव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी व शस्त्र पूजन कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा मे सत्संग भवन शिव मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी, शस्त्र पूजन एवं विराट पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल चौधरी ने की,मुख्य वक्ता के रूप में विनोद उपस्थित रहे।इस दौरान कार्यक्रम के विराट पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पथ संचलन गांव की गलियों से गुजरते हुए आगे बढ़ा, जहां ग्रामीणों और महिला समन्वय मेरठ प्रांत, जिला शामली, खंड कांधला की टीम ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया।हर गली में भारत माता की जय,और ,जय राम,के गगनभेदी नारों से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। स्वयंसेवकों में देशभक्ति और उत्साह का विशेष जोश देखने को मिला। पथ संचलन पूर्णत: सफल रहा और गांव में राष्ट्रीय एकता व संगठन की भावना का संदेश दिया गया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा

**स्योहारा।** नगर की वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त समिति की बैठक मौहल्ला शेखान स्थित समिति के अध्यक्ष पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा के निवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता इकबालुज्जमा ने की तथा संचालन महेंद्र कुमार शर्मा ने किया। बैठक में नगर के आम नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं और उनके सम्मान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के अध्यक्ष पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य नगर के वरिष्ठ नागरिकों को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना है। उन्होंने कहा कि समिति में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाए, ताकि समाज में वरिष्ठजनों की आवाज और मजबूत हो सके। इकबालुज्जमा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से ही नई पीढ़ी सही दिशा प्राप्त कर सकती है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य, सफाई और बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतें तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से परहेज करें। बैठक में नगर की स्वच्छता, सुरक्षा और आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर भी सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर जसपाल काला, बलदेव सिंह, सुनील कुमार शर्मा आदि रहे।

# मिशन शक्ति-महिला आरक्षियों और विभागों की सहभागिता से जागी नारी चेतना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए नारी सशक्तिकरण मिशन के पांचवें चरण का आयोजन गढ़ी हसनपुर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण पंचायतों में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम के दौरान महिला आरक्षियों, समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा आत्मनिर्भरता के अवसरों के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। महिलाओं को घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, बाल विवाह, दहेज प्रथा आदि सामाजिक कुरीतियों के प्रति सजग रहने और उनसे लड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के माध्यम से सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर राज्य के समग्र विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना चाहती है। बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और कार्यक्रम में भाग लेकर अपने हक और अधिकारों की जानकारी हासिल की। वही ग्राम प्रधान रविन्द्र उर्फ बिल्लू चौधरी,ग्राम सचिव अंकुर कुमार,समाज कल्याण विभाग से अजरा खान,उपनिरीक्षक गजेन्द्र सिंह, आरक्षी पूजा रानी शामिल रही।



# मदरसा इशाअतुल इस्लाम की अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दीनी शिक्षण संस्थान मदरसा इशाअतुल इस्लाम में छमाही परीक्षा कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। विद्यार्थियों ने मजहबियत, इस्लामियात, कुरआन करीम, तजवीद, उर्दू, हिंदी व इंग्लिश जैसे विषयों में शानदार प्रदर्शन किया।

रविवार को आयोजित परीक्षा के दौरान कघरी कघ्यामुद्दीन, मौलाना बिलाल, मौलाना उमैर नदवी, मास्टर कघरी मुबीन शाह, कघरी मोहम्मद इमरान, हाफिज मोहम्मद सालिम अंसारी व कघरी अब्दुर्रहमान ने निगरानी व मूल्यांकन का कार्य किया। परीक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों की लगन की सराहना करते हुए कहा कि यह मदरसा क्षेत्र का प्रतिष्ठित दीनी व आधुनिक शिक्षण संस्थान है।मदरसे के संस्थापक हजरत मौलाना कघरी नेमतुल्लाह कघसमी द्धरह।ऋ के योगदान को याद करते हुए नाजिम-ए-आला मौलाना बरकतुल्लाह अमीनी ने बताया कि वर्तमान में मदरसे में लगभग 400 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिनमें 50 विद्यार्थी बाहरी क्षेत्रों से हैं।इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### सामान देने की एवज में रुपये ठगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** हरसाना निवासी संदीप पुत्र विक्रम सिंह गांव में किराने की दुकान चलाता है। दुकान पर मिनाक्षी एंटरप्राइजेज फार्म के नाम से एक एजेंट डिलीवरी करना बताया तथा दुकानदार से एडवांस में रुपये 1700 ले लिए दुकानदार का कहना है कि उसने अन्य दुकानों से भी पैसा लिया है। अब दुकानदार एजेंट को फोन मिलाता है लेकिन फोन भी रिसीव नहीं किया जा रहा है। दुकानदार ने चौकी में तहरीर दी है।

# कांधला के व्यक्ति की हरियाणा के पानीपत में संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति की हरियाणा के पानीपत रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी दिलशाद उर्फ बाबा पुत्र पूर्ण पंजाब के लुधियाना में मजदूरी का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार विगत 1 अक्टूबर को घर से अपने काम पर जाने के लिए कह कर गया था। लुधियाना नहीं पहुंचने पर परिजन तलाश कर रहे थे। विगत शनिवार को परिजनों को हरियाणा की पानीपत पुलिस द्वारा सूचना मिली कि दिलशाद की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई है। सूचना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया और परिजन हरियाणा के पानीपत पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। आशंका है की ट्रेन में सफर करते समय किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धक्का दिया जाने से ट्रेन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई है। रविवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



### हत्या के मामले में हुई थी जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** वर्ष 2011 में थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी सुनील कश्यप की हत्या के मामले में दिलशाद उर्फ बाबा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोर्ट ने मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी लगभग 14 साल जेल में रहने के बाद 1 वर्ष पूर्व जेल से रिहा हो कर लौटा था। और मजदूरी का कार्य कर रहा था। दिलशाद की संदिग्ध मौत हो जाने से कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई है।

# लाठी-डंडों से हमला करने के मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत तीन दिन पूर्व जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों पर लाठी-डंडों से हमला करने के मामले में पुलिस ने चिकित्सकों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गत दो अक्टूबर को जिला संयुक्त चिकित्सालय में झगड़े के बाद दो मरीजों फुरकान और इरफान पुत्रगण नूरहसन को को भर्ती किया गया था। इसी दौरान इमरजेंसी में घुस एक व्यक्ति ने हाथों में लाठी डंडे लेकर भर्ती मरीजों पर हमला बोल दिया था। हालाकि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने हमले को नाकाम करते हुए आरोपी को दबोच लिया था, लेकिन पुलिस के कब्जे से आरोपी भागने में कामयाब रहा था।

जिला अस्पताल में हुए हमले के बाद उठे सुरक्षा के सवालों के बाद थाना आदर्शमंडी पुलिस ने एसपी के आदेश पर डा। अल्ताफ, फार्मासिस्ट दीपक कुमार अग्रवाल, रवि, गार्ड सोनू, अकिब की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मिशन शक्ति: सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहा मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में नई मिसाल बन रहा है। 90 दिवसीय इस विशेष अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अवसर पर क्षेत्र के गांव सुन्ना में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और सरकारी सहायता तंत्र की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों ने बालिक. ाओं को बताया कि यदि कोई महिला या बालिका किसी प्रतिकूल या खतरनाक स्थिति का सामना करे, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। साथ ही, सरकारी और सामाजिक सहायता तंत्र जैसे हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 आदि का उपयोग करने की सलाह दी गई। सेल्फ डिफेंस सत्र में बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण, संकट में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीके, साइबर सुरक्षा के उपाय, और सामाजिक व्यवहार में सतर्कता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सचिव मुकुल बलदेव ने कहा कि मिशन शक्ति हर लड़की के लिए उतनी ही जरूरी है जितनी शिक्षा। यह पहल बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ आत्मविश्वास भी देती है। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत यह आयोजन बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार का बड़ा कदम है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रविन्द्र मलिक, स्वास्थ्य विभाग से प्रवेश ध्यानी, एएनएम अंजली मलिक, आशा कार्यकर्ता कुसुम लता व बबीता मौजूद रहे।




# बल्लामाजरा में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान, सैकड़ों ने ली सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** राष्ट्रीय लोक दल के पदाधिकारियों ने रविवार को चौसाना क्षेत्र के बल्लामाजरा में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर रालोद की सदस्यता ली और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन गांव के पूर्व प्रधान अब्बास के आवास पर किया गया।

कार्यक्रम मे पहुँचें रालोद के जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने कहा कि पार्टी गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रही है और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों और आमजन की पार्टी है और आने वाले चुनावों में जनसमर्थन से बदलाव तय है। विधानसभा प्रभारी सनोज चौधरी ने कहा कि बल्लामाजरा जैसे गांवों में युवाओं और किसानों का जोश यह दिखाता है कि जनता अब विकल्प चाहती है। पार्टी के युवा नेता विक्रांत चावला ने भी ग्रामीणों से संवाद करते हुए रालोद की योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

इस दौरान सैक्डो की संख्या में लोग रालोद में शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सदस्यता अभियान के बाद सभी ने गांव के विकास और जनसमस्याओं के समाधान को लेकर एकजुटता का संकल्प लिया।





### दो वांछित एनबीडब्ल्यू गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली व कैराना पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली व कैराना पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली व कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त सोनू निवासी मौहल्ला रैदासपुरी कस्बा बनत थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली व साकिर पुत्र राशिद निवासी मौहल्ला गुलशन नगर नई बस्ती थाना कैराना जनपद शामली है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में एक ही दशा नाजुक होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया, जबकि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पहला हादसा शनिवार देर रात्रि शहर के कैराना रोड़ स्थित गांव ऐरटी के निकट हुआ। हरियाणा के जनपद पानीपत के मॉडल टाउन निवासी करीब आधा दर्जन श्रद्धालु जतिन, अनिकेत, राजन, शिवम और दीपक अपनी कार में सवार होकर हरिद्वार गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह कैराना रोड़ स्थित गांव ऐरटी के निकट पहुंचे तो इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे से




कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जतिन की हालत नाजुक होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों को उपचार के बाद घर के लिए रवाना किया गया। वही दूसरा हादसा रविवार सवेरे गांव बरला जट के निकट काबडौत पुल के पास



हुआ। जनपद मथुरा नगला गाजई निवासी 55 वर्षीय ओमी पुत्र ज्ञान सिंह क्षेत्र के गांव लिलौन में किराए के मकान में रह रहा था। बताया जाता है कि सवेरे वह अपनी मोपेट पर सवार होकर हींग बेचने के लिए गांव लांक में जा रहा था। जब वह काबडौत पुल के निकट पहुंचा तो इसी दौरान ट्रक चालक ने लापरवाही दिखाते हुए मोपेट में टक्कर मार दी, जिससे ओमी की मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी परिजनों को देते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ओमी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## गड्ढे में गिरी बाइक, बाइक सवार दो घायल, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड गांव जसाला स्थित पेट्रोल पंप के समीप हाईवे पर बने गड्ढे में बाइक गिर जाने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर का गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरियाणा के जिला सोनीपत के सराय लोई निवासी अजहरुद्दीन व मोहित भारद्वाज हेल्थ मार्केटिंग का कार्य करते हैं। बाइक सवार दोनों लोग शामली में मार्केटिंग का कार्य करने के लिए आए थे। बाइक सवार दोनों लोग वापस अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तो हाईवे पर सड़क में गड्ढा हो जाने के कारण बाइक का अगला पहिया गड्ढे में गिर गया दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव सुन्ना निवासी समाजसेवी अभय हुड्डा ने राहगिरों की मदद से जानकारी 108 एंबुलेंस व पुलिस को दी। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। समाजसेवी अभय हुड्डा ने जिला प्रशासन से सड़कों को गड्ढामुक्त कराने की मांग की है।

# कोर्ट के आदेश के बावजूद भूमि नहीं हुई कब्जामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव बसी चुधियांरी में दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा है जिसमें न्यायालय द्वारा भूमि को कब्जा मुक्त करने का आदेश देते हुए जुर्माना भी लगाया गया है लेकिन भूमि अभी तक कब्जा मुक्त नहीं हुई है इस संबंध में ग्राम प्रधान पति द्वारा उप जिला अधिकारी को शिकायत कर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। गांव बसी चुधियारी में खसरा संख्या 668 सरकारी भूमि अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि पर गांव के दबंग लोगों द्वारा कब्जा कर रखा है गांव की भूमि प्रबंधन समिति द्वारा तहसीलदार को शिकायत की गई थी जिसमें तत्कालीन तहसीलदार द्वारा धारा 67 एक के तहत जुर्माना लगाते हुए बेदखली के आदेश पारित किए थे इस आदेश के विरुद्ध कब्जा धारक जिला अधिकारी न्यायालय में पहुंचे वहां पर उनकी अपील निरस्त कर दी गई उसके बाद कब्जा धारक मंडल आयुक्त सहारनपुर के यहां अपील की गई वह भी निरस्त हो गई तथा मंडल आयुक्त द्वारा भूमि को कब्जा मुक्त करने के आदेश पारित कर दिए गए लेकिन अभी तक भूमि कब्जा मुक्त नहीं हो पाई है। इस संबंध में ग्राम प्रधान पति अब्दुल्ला खान ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कर भूमि को कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

# पुलिस व हिस्ट्रीशीटर में मुठभेड़, ट्यूबवैल चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस की हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई, देर रात हुई मुठभेड़ में टड्बवेल चोरी की दो घटनाओं में वांछित हिस्ट्रीशीटर बदमाश अजय उर्फ चील पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम गंगेरू को तमंचे व कारतूस समेत गिरफ्तार किया गया। पुलिस पर फायरिंग करने वाले इस कुख्यात बदमाश पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव खंदावली के जंगल में विगत 1/2 सितंबर में छह ट्यूबवैलों से तथा 17/18 सितंबर की रात कांधला देहात के जंगल में स्थित चार टड्बवेलों से चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटनाओं के संबंध में किसानों ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पहले ही घटना में लिप्त एक आरोपी गौरव उर्फ लोकेश को को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि शेष अभियुक्तों की तलाश जारी थी। शनिवार की रात अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान मे पुलिस को सूचना मिली कि टड्बवेल चोरी में वांछित हिस्ट्रीशीटर अजय उर्फ चील गांव गंगेरू रजवाहा के पास मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर पहले से ही चोरी, लूट व अवैध हथियारों से संबंधित नौ मुकदमे दर्ज हैं। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाश को जेल भेज दिया है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में करोड़ों रुपये के ऋण का घोटाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में करोड़ों रूपए के ऋण घोटाले का मामला उजागर हुआ है। शाखा प्रबंधक राजेश कुमार खरे ने 23 लोगों के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मुकदमा दर्ज कराया है। शहर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए प्रबंधक ने बताया कि इन सभी लोगों ने कृषि क्रेडिट कार्ड और ट्रैक्टर ऋण के लिए आवेदन किया था। बैंक द्वारा दस्तावेजों की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उनकी कृषि भूमि को गिरवी रखकर ऋण स्वीकृत किया गया था।

हालांकि, इंटरनल ऑडिट के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने अन्य बैंकों से फर्जी और कूटरचित नो ड्यूज सर्टिफिकेट बनवाकर बैंक ऑफ बड़ौदा की शामली शाखा में जमा कराए। जबकि वास्तविकता में इन व्यक्तियों ने पहले से ही अपनी भूमि गिरवी रखकर अन्य बैंकों से ऋण ले रखा था और उन बैंकों का चार्ज अभी भी उनकी संपत्ति पर था। इस तरह आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों और साजिश के तहत बैंक से नया ऋण प्राप्त किया। बैंक जांच में यह भी सामने आया कि इनमें से कुछ ऋण खाताधारकों ने बकाया राशि जमा करा दी है, लेकिन अधिकांश अभी भी बकाया हैं। बैंक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों में शामली, कैराना, झिंझाना, गागौर, गोहरनी, पावटी कला, सांपला, और अन्य गांवों के कुल 23 व्यक्ति शामिल हैं। क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### आर्य जाट महासभा की नई कार्यकारिणी का गठन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में आर्य जाट महासभा के नवीन सत्र के शुभारंभ के अवसर पर आर्य जाट महासभा की नई कार्यकारिणी का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर यज्ञ हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारिणी में सुनील निर्वाल को अध्यक्ष व दिव्या प्रभाकर को सचिव नियुक्त किया गया। शहर के भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले यज्ञ हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व चेयरमैन राजकुमार खोडसमा यजमान रहे। बाद में आर्य जाट महासभा की कार्यकारणी की घोषणा की गई तथा मनोनीत पदाधिकारी म व सदस्यों को शपथ दिलावाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठापन अधिकारी एडवोकेट सत्य प्रकाश आर्य ने पद की शपथ दिलाई। सुनील निर्वाल को आर्य जाट महासभा का अध्यक्ष व दिव्य प्रभाकर को सचिव बनाया गया। बाबूराम पवार, देवेंद्र राणा, राजकुमार खोडसमा को उपाध्यक्ष, श्रवण कुमार उपसचिव, नरेश मलिक कोषाध्यक्ष, सत्एंद्र खैवाल उपकोषाध्यक्ष, रामपाल सिंह देशवाल, विपिन कुमार, योगेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, सुधीर राणा ऑडिटर, विश्वदेव पंवार विधि सलाहक. ार, ओमपाल सिंह व कंवरपाल सिंह मीडिया प्रभारी नियुक्त किए। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील निर्वाल ने अपील कि वे आर्य जाट महासभा द्वारा समाज के लिए किए जाने वाले सकारात्मक कार्यों में अपनी दिलचस्पी ले तथा सुधार के लिए अपने आवश्यक सुझाव भी दे।

### महिलाओं व बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा और सुरक्षा का मंत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रहा है। इसी क्रम में ग्राम सुन्ना में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, जागरूकता और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में सचिव मुकुल बलदेव ने कहा कि यदि कोई महिला या बालिका किसी प्रतिकूल या खतरनाक स्थिति का सामना करे तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि साहस के साथ अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए और सरकारी सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहि।।वन स्टॉप सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बना रहा है। कार्यक्रम में आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकें भी सिखाई गई।गांव व विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यशाला में बालिक. ाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आत्मरक्षा के प्रशिक्षण से आत्मविश्वास प्राप्त किया। छात्राओं ने कहा कि अब वे किसी भी संकट की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने में सक्षम महसूस कर रही हैं।इस दौरान ग्राम प्रधान रविन्द्र मलिक, स्वास्थ्य विभाग से प्रवेश ध्यानी, एएनएम अंजली मलिक, कुसुम लता आशा, बबीता, चौकी प्रभारी भभीसा सहित महिला पुलिसकर्मी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा. लि. एकेडमी के संचालकों, मानव तस्करी का अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा। लि. एकेडमी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के संचालकों और एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी, मानव तस्करी व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के के मौहल्ला खेल निवासी करण सैनी पुत्र रामेश्वर सैनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने और उनके चचेरे भाई तरुण सैनी पुत्र अरविंद सैनी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा। लि।का विज्ञापन देखा, जिसमें विदेशी जहाज पर नौकरी दिलाने और ट्रेनिंग देने की बात कही गई थी।

दोनों युवक ग्रेटर नोएडा स्थित एकेडमी पहुंचे, जहां नीरज जादौन प्रबंधक, अनुराग मलिक डायरेक्टर, नवनीत कौर काउंसलर, अजीत चक्रवर्ती व सुनील उर्फ सुशील एजेंट से मिले। इन लोगों ने प्रति व्यक्ति 1.65 लाख ट्रेनिंग फीस बताई, जबकि डीजी शिपिंग मुंबई के अनुसार कोर्स की असली फीस मात्र 22 हजार है। पीड़ितों ने झांसे में आकर 3.30 लाख जमा किए। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आरोपियों ने 7 लाख रूपए और मांगे और वादा किया कि उन्हें विदेश में जहाज पर नौकरी दी जाएगी। विश्वास में आकर दोनों भाइयों ने कुल 10.30 लाख रूपए नकद व ऑनलाइन देकर तमिलनाडु से मलेशिया भेजे गए।

वहां पहुंचने पर दोनों को पता चला कि जहाज सात साल से रिपेयरिंग में खड़ा है और कोई व्यवस्था नहीं है। आरोप है कि उन्हें मलेशिया में बंधक बनाकर भूखा-प्यासा रखा गया। जब परिवार ने संस्थान से संपर्क किया तो उन्हें धमकी दी गई कि यदि शिकायत की तो लड़कों को जान से मार देंगे। बाद में परिवार द्वारा दूतावास और डीजी शिपिंग मुंबई में शिकायत करने पर दोनों को भारत वापस बुलाया गया। पीड़ितों का आरोप है कि संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा। लि। अवैध रूप से मानव तस्करी व फर्जी भर्ती के धंधे में लिप्त है। मामला कैराना कोर्ट के आदेश पर थाना कांधला में दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित अमित निर्वाल निवासी मुंडेट कला ने आरोप लगाया है कि सुशील कुमार निवासी मुण्डेट कला ने स्कूल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे और उनके परिचितों से लाखों रूपयों की ठगी की है।

पीड़ित अमित के अनुसार, सुशील का घर पर पहले से आना-जाना था और वह बढ़ई का काम करता था। नौकरी की बात कहकर उसने अमित की मुलाकात अंकित कुमार निवासी ग्राम गगौर से कराई। अंकित ने जिले के विभिन्न स्कूलों में क्लर्क और चपरासी के पद पर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। शुरुआत में अंकित ने क्लर्क पद के लिए प्रति व्यक्ति 5 लाख रूपए और चपरासी पद के लिए 3 लाख रूपए सिक्योरिटी के रूप में मांगे। अमित निर्वाल ने अपने परिचित अमरजीत निवासी ग्राम हरड़ फतेहपुर और दीपक निवासी ग्राम मुण्डेट कला को भी इसकी जानकारी दी। इन दोनों ने भी अपने पांच-पांच रिश्तेदारों के ओरिजिनल कागजात और 30-30 हजार रूपए जमा कर दिए। इसके बाद अंकित ने गारंटी के तौर पर चेक दिया। पीड़ितों ने बताया कि 16 जून 2025 को 30-30 हजार रूपए और दस्तावेज दिए गए, 25 जून को 5 लाख रूपए और 28 जून को 3 लाख रूपए नकद दिए गए। इसके बदले में अंकित ने कुछ ज्वाइनिंग लेटर दिए और 7 व 10 जुलाई को ज्वाइनिंग की तारीख तय की। लेकिन जब निर्धारित तिथि आई तो न तो ज्वाइनिंग हुई और न ही पैसे लौटाए गए। जब पीड़ितों ने पैसा वापस मांगा तो अंकित लगातार तारीखें बदलता रहा। परेशान होकर जब वे उसके गांव गगौर पहुंचे तो ग्रामीणों और पूर्व प्रधान ने बताया कि अंकित का चरित्र संदिग्ध है और वह पहले भी ऐसे मामलों में शामिल रहा है। इसके बाद अमित निर्वाल ने अंकुश उर्फ सागर और विकास, निवासी ग्राम मामौर, से संपर्क किया जिनका नाम नौकरी की प्रक्रिया में बताया गया था। इन लोगों ने 12 अगस्त तक पैसा लौटाने का आश्वा. सन दिया लेकिन कई तारीखें बीत जाने के बाद भी रकम नहीं लौटाई। अंत में 5 सितंबर को उन्होंने कहा कि जब तक अंकित नहीं आएगा, वे कोई पैसा वापस नहीं करेंगे। पीड़ित ने बताया कि उसके पास ज्वाइनिंग लेटर, चेक और पूरी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में घायल युवक की मौत

**कोतवाली देहात।** ग्राम गाजीपुर थाना किरतपुर निवासी नेपाल सिंह अपनी पत्नी सर्वेश देवी के साथ बृहस्पतिवार को अपनी रिश्तेदारी में ग्राम फतेहपुर जा रहे थे। जैसे ही वह हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर आए। तभी कोतवाली देहात के निकट नगीना की ओर से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन दोनों घायलों को पीएचसी कोतवाली देहात ले आए थे। जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। परिजन दोनों को बिजनौर में एक निजी चिकित्सालय में ले गए थे। गंभीर हालत में नेपाल सिंह को जौलीग्रांट के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार को जाते समय नेपाल सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# तीन बीघा जमीन पर कब्जा करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी एक व्यक्ति ने सदर विधायक को शिकायती पत्र देकर जोतने के लिए सरकार द्वारा दी गई तीन बीघा जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने शिकायत के बावजूद अधिकारियों पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। रविवार को सतीश कुमार वाल्मीकि पुत्र रोसा ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि गत 45 वर्ष पूर्व सरकार ने उसको तीन बीघा जमीन बोने के लिए आवंटित की थी। जिसमें पिता काफी वर्षो से भूमि जोतकर गुजर बसर कर रहे थे। आरोप है कि उक्त जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। उनकी दबंगता से भयभीत होकर वह पंजाब मजदूरी करने के लिए चले गए है। पीडित ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत पूर्व में कई बार की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। पीडित ने मामले में जांच कराकर जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। विधायक ने जल्द की प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

## विकसित उप्र अभियान के लिए मांगे फीडबैक

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा क्षा, उपायुक्त (स्वत: रोजगार), उपायुक्त (मनरेगा), उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला गन्ना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत मौजूद थे।

# दस ग्राम पंचायतों में चलाया महिला जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत 10 ग्राम पंचायतो में चलाया जागरुकता अभियान महिला कल्याण विभाग ने मिशन शक्ति 5।0 के तहत जिले में अभियान चलाकर 10 पंचायतों में जागरूकर चलाया। जिमसें महिलाओं एवं बालिकाओं को विभागीय योननाओं और कार्यक्रम के बारे में बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधानों द्वारा की गई।

इस अभियान के तहत विभागीय योजनाओं एवं कार्यकर्मो के प्रचार प्रसार तथा विभागीय योजनाओं में पात्र व्यक्तियों के आवेदन पूर्ण कराए गए। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में भी बताया गया। अभियान में महिला कल्याण विभाग द्वारा 10 टीमें गठित कर ग्राम पंचाययों में जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग पुलिस विभाग व अन्य विभागों ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र लाभार्थियो के योजनाओं आवेदन भी कराए गए। इस कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकत्री, बी सी सखी, लेखपाल ए एन एम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की टीम द्वारा एंटी रोमियो अभियान,विषेश किशोर पुलिस ईकाई पुलिस की कार्यप्रणाली एवं हेल्पलाइन नम्बर 1090 एवं 112 की महत्ता बताई गई। महिला कल्याण द्वारा बनाई गई टीमों ने विभागीय योजनाओं जैसे- निराश्रित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना,कानूनी आर्थिक सहायता इत्यादि के बारे में




जानकारी देते हुए पात्र आवेदकों से आनेदन कराए। इसके अलावा विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 1930, 101, 102, 108 इत्यादि के बारे में बताया गया। उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि कोई भी पीडित महिला वन स्टॉप सेंटर पर उपस्थित होकर अपनी समस्या का सामाधान करा सकती है। वन स्टॉप सेंटर जरूरतमंद महिलाओं हेतु 10 दिवस का अल्पावास भी उपलब्ध है। जिसमें रहने- खाने की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। चाइल्ड हेल्पलाइ के माध्यम से कोई भी पीडित एवं शोषित बच्चे की सहायता की जा सकती है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के बारे में बताया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान शिशु लिंगानुपात में असानता को दूर करने के लिए चलाया जा रहा है।

महिला कल्याण विभाग से 10 टीमों ने प्रत्एक ब्लॉक के दो गांव में ग्राम स्तर पर विभागीय योजनाओ के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग व वन स्टॉप की टीम ने नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वालंबन के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधितत विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।ए अभियान 2 अक्टुबर से शुरू होकर 11 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

# नवदुर्गा मंदिर में चतुर्दशी पर विशाल मेले की तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गढ़ी हसनपुर स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में आश्विन मास की चतुर्दशी के अवसर पर सोमवार को विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए मंदिर समिति एवं प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

प्राचीन नवदुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नाथीराम मित्तल ने बताया कि शुक्रवार को विशेष हवन अनुष्ठान के बाद मंदिर के कपाट खोले जाएंगे, जिसके बाद भक्तजन मां दुर्गा के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी एवं फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब एवं दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु मां के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। मान्यता है कि मां नवदुर्गा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। इसी आस्था के चलते चतुर्दशी पर यह मेला आस्था और विश्वास का बड़ा केंद्र बन जाता है। प्रशासन की ओर से मेले की विधिवत अनुमति प्रदान कर दी गई है और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे एवं हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से मेले में शांतिपूर्ण सहभागिता की अपील की है।

# संस्कार शिपिंग सर्विस के संचालकों व एजेंटों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना न्यायालय के आदेश पर थाना कांधला पुलिस ने संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा. लि. एकेडमी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के संचालकों और एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी, मानव तस्करी व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

कांधला के मौहल्ला खेल निवासी करण सैनी पुत्र रामेश्वर सैनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने और उनके चचेरे भाई तरुण सैनी पुत्र अरविंद सैनी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा. लि. का विज्ञापन देखा, जिसमें विदेशी जहाज पर नौकरी दिलाने और ट्रेनिंग देने की बात कही गई थी।

दोनों युवक ग्रेटर नोएडा स्थित एकेडमी पहुंचे, जहां नीरज जादौन (प्रबंधक), अनुराग मलिक (डायरेक्टर), नवनीत कौर (काउंसलर), अजीत चक्रवर्ती व सुनील उर्फ सुशील (एजेंट) से मिले।

इन लोगों ने प्रति व्यक्ति 1.65 लाख ट्रेनिंग फीस बताई, जबकि डीजी शिपिंग मुंबई के अनुसार कोर्स की असली फीस मात्र 22 हजार है। पीड़ितों ने झांसे में आकर 3।30 लाख जमा किए। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आरोपियों ने 7 लाख रूपए और मांगे और वादा किया कि उन्हें विदेश में जहाज पर नौकरी दी जाएगी। विश्वास में आकर दोनों भाइयों ने कुल 10.30 लाख रुपए नकद व ऑनलाइन देकर तमिलनाडु से मलेशिया भेजे गए। वहां पहुंचने पर दोनों को पता चला कि जहाज सात साल से रिपेयरिंग में खड़ा है और कोई व्यवस्था नहीं है। आरोप है कि उन्हें मलेशिया में बंधक बनाकर भूखा-प्यासा रखा गया। जब परिवार ने संस्थान से संपर्क किया तो उन्हें धमकी दी गई कि यदि शिकायत की तो लड़कों को जान से मार देंगे।

बाद में परिवार द्वारा दूतावास और डीजी शिपिंग मुंबई में शिकायत करने पर दोनों को भारत वापस बुलाया गया। पीड़ितों का आरोप है कि संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा। लि। अवैध रूप से मानव तस्करी व फर्जी भर्ती के धंधे में लिप्त है। मामला कैराना कोर्ट के आदेश पर थाना कांधला में दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने होटल, लॉजं व धर्मशालाओं का किया निरीक्षण

## महिलाश्रद्धालुओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति के तहत अभियान रक्षा के अंतर्गत महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने सजग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने देवबंद क्षेत्र स्थित होटलो, लॉज एवं धर्मशालाओं का भौतिक निरीक्षण कर संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने प्रदेश सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियान रक्षा के अंतर्गत होटलो के निरीक्षण के दौरान अतिथि रजिस्टर, आईडी प्रूफ, चेक-इन और चेक आऊट रिकार्ड की जांच की। इस दौरान होटल संच. ालकों को निर्देशित किया गया कि वह बिना किसी वैध पहचान पत्र के किसी व्यक्ति को अपने हॉटल व लॉजं में न रुकने दे। साथ ही होटल मे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में





रखने और रिकार्ड को सुरक्षित रखने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान महिला सुरक्षा की दृष्टि से कमरों की चेकिंग कर अवैध गति. विधियों की संभावना को भी खंगाला गया। कमरो में मिले यात्रियों से मौके पर ही संवाद कर उनकी सुरक्षा संबंधी सुरक्षा की संतंष्टि की गई। इस दौरान होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि किसी कारण वश अकेली आई महिला यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। **उधर,** मिशन शक्ति के तहत रविवार को श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों के बाहर महिला श्रद्धालुओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताने के साथ ही हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कहा गया कि कोई भी विपत्ति आने पर महिलाएं व युवतियां घबराएं नहीं बल्कि सीधे पुलिस से संपर्क करें। इस दौरान महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद रहे

# सुंदर भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के सौजन्य में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने भगवान राम के राज्याभिषेक की तैयारियों और माता कैकेयी द्वारा श्री राम के वनवास का वरदान मांगे जाने का वर्णन किया। कथा के दौरान प्रस्तुत सुंदर भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी में शांतनु महाराज ने अयोध्या कांड की पावन मांगलिक प्रारंभिक चौपाइयों के गायन के साथ कथा प्रारंभ की। महाराज ने बताया कि महाराज दशरथ जब सफेद बाल कान के पीछे दिखाई पड़े तो उन्होंने राज्य राम को सौंपने का मन बनाया। राज्याभिषेक की तैयारियां हो रही थी और देवता विघ्न की रचना कर रहे थे। सरस्वती जी ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ी और मंथरा ने अवधपुरी का सत्यानाश कर दिया। वरदान का प्रसंग सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा माता



कैकेयी ने भगवान श्री राम के वनवास का वरदान मांगा। इस बात को महाराज दशरथ बर्दाश्त नहीं कर पाए। लेकिन कैकई ने एक नहीं सुना इसी कारण से कुसंग से बचना ही चाहिए भगवान को वनवास की सूचना प्राप्त हुई और माता कौशल्या से आशीर्वाद लेकर चल दिए। लक्ष्मण जी भी अपने भाई के साथ वनवास के लिए चले गए। रविवार को कथा का श्रवण करने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, बीजेपी के प्रदेश मंत्री डा. चंद्र मोहन, डीडी न्यूज के चीफ एडिटर अशोक श्रीवास्तव, रामपुर महिनारान सीट से विधायक देवेंद्र निम, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कंसल देवबंद पहुंचे। आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# जीएसटी कम होने से व्यापारी होंगे लाभांवित: राज्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने आवश्यक एवं जन उपयोगी वस्तुओं पर जीएसटी की दरो में कमी किए जाने का लाभ बताते हुए कहा कि जीएसटी में सुधार होने पर व्यापारियों सहित आमजनकी जैब पर पड़ने वाला बोझ कम होगा।

राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह मुख्य अतिथि पद से मंगलौर चौकी के निकट स्थित एक सभागार में उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में काम कर रही है। जीएसटी दरें कम होने से व्यापारी सीधे तौर पर लाभांवित होंगे। जीएसटी में हुआ यह बदलाव भारत




की आर्थिक गति को मजबूती देगा वहीं, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती किए जाने का लाभ हर वर्ग को मिला है। इन कटौतियों से जनता पर पडने वाला आर्थिक बोझ कम होगा। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, व्यापारी नेता हुलाशराय सिंघल,

**उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में गिनाए जीएसटी की दरों में कमी के लाभ**

विनोद गुप्ता, प्रवीण जैन, राजेश गुप्ता ने भी विचार रखें और सरकार के जीएसटी दरों में कटौती किए जाने के कदम को सराहनीय बताया। इस दौरान व्यापारियों ने घटी जीएसटी बढ़ा व्यापार, धन्यवाद मोदी सरकार जैसे नारे लगाए। नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल और महामंत्री इसहाक बाले खां ने अतिथियों एवं व्यापारी समाज का आभार जताया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी शामिल रहे।

# दवा समझकर जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** ग्राम अकबरपुर झोझा में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक विवाहिता ने गलत दवा खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार अनुसार चांदपुर थाने की अंबेडकर चौकी के ग्राम अकबरपुर झोझा निवासी सोनबाला पत्नी संजय की मृत्यु गलत दवा खाने से हो गई, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर मौत के सही कारण का पता जानने के लिए पोस्टमार्टम के



लिए बिजनौर भेज दिया। मृतका के ससुराल पक्ष का कहना है कि सोनवाला की मौत गलती से जहरीला पदार्थ खाने से हुई है, जिसे उन्होंने गलती से दवा समझ कर खा लिया। हालांकि मृतक के मायके वाले अभी तक सामने नहीं आए हैं और न ही पुलिस को कोई तहरीर दी गई है। मृतका सोनवाला के दो बच्चे हैं। पहली बिटिया 15 वर्ष की है और दूसरा बेटा अनिकेत जिसकी उम्र 11 वर्ष है।

मामले में अंबेडकर चौकी प्रभारी मदनपाल सिंह ने मौत की पुष्टि की है। बताया कि ससुराल पक्ष की ओर से सूचना मिली थी। अंजाने में कोई दवा का सेवन कर लिया गया। मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस मामले में पुलिस को अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## टैंकर एवं क्रेटा कार की टक्कर से कार हुई क्षतिग्रस्त

**देवबन्द।** टैंकर एवं क्रेटा कार की टक्कर हो जाने से कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

गढ़ी पुख्ता निवासी अनिल कुमार परिवार की महिलाओं के साथ सहारनपुर से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह फ्लाईओवर पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे केमिकल के टैंकर ने ओवरटेक के प्रयास में कार को टक्कर मार दी, जिससे महिलाओं में चीख पुकार मच गई, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुए, लेकिन कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मुगलकालीन नीला रोजा मस्जिद के पास टूटी सड़क से धरोहर को भी खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के ऐतिहासिक नीला रोजा जामा मस्जिद के बराबर में बनी सड़क लीकेज होने के कारण उखड़कर बदहाल पड़ी है। करीब पांच माह पूर्व बनी यह सड़क ठेकेदार द्वारा दस दिन पहले मरम्मत के लिए तोड़ दी गई थी, लेकिन अब तक दोबारा नहीं बनाई गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने नगर पंचायत में प्रार्थना पत्र देकर सड़क की मरम्मत और पानी के लीकेज को रोकने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यह मुख्य मार्ग है, जिसके किनारे मुगलकालीन नीला रोजा जामा मस्जिद स्थित है, जिसे पुरातत्व विभाग ने संरक्षित घोषित कर रखा है। टूटी हुई सड़क और लगातार हो रहे पानी के रिसाव से इस ऐतिहा. सिक धरोहर को भी नुकसान का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि यह मार्ग दो मस्जिदों के बीच से होकर गुजरता है,



जहां से पांच वक्त के नमाजी भी जाते हैं। गड्ढों व जलभराव के कारण लोगों को रोजाना भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और नीला रोजा जामा मस्जिद की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# साधारण सभा की बैठक में वरिष्ठ सदस्यों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक मुकेश सिन्हा ने संचालन करते हुए संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला व पांच वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया।

प्रबंधक कावेन्द्र सिंह ने पांच वर्ष की अपनी कमेटी की उपलब्धियां गिनाकर सभी से संस्था के हित में सहयोग करने का आह्वान किया। कोषाध्यक्ष व पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप सिंह ने सभी को भरोसा दिलाया। सभी के सहयोग से पारदर्शिता, ईमानदारी के साथ ही संस्था हित में कार्य किया जाएगा। सुधीर पाराशर ने संस्था के द्वारा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय स्थापना का सुझाव दिया। कार्यक्रम में 1952 में स्थापित राजा भरत सिंह इंटर कालेज व कालेज के वरिष्ठतम आजीवन सदस्य विजय कुमार गोयल, शेर सिंह व हुकम सिंह राठी सहित पूर्व अध्यक्ष समर सिंह, पूर्व प्रबंधक सत्यपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को रालोद के प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य महेश बल शर्मा ने भी संबोधित करते हुए विद्यालय के अनुशासन, परीक्षाफल व अन्य उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम में पांच वर्ष के दौरान दिवगंत हुए 27 आजीवन सदस्यों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। संस्था के अध्यक्ष यशवीर सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशवशरण, करतार सिंह, विरेन्द्र सिंह, नरपाल सिंह, विजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सूरतपाल सिंह, सौरभ कुमार, जाकिर अली, कुल. वीर सिंह, अभयराम सिंह, जितेन्द्र सिंह, ऋषभ कुमार, सत्यपाल सिंह, सुनीत कुमार, सुभाष चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया

**रामराज।** रामराज पुलिस ने दबिश देकर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जिसमें एक वारंटी पर दर्जनभर से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।रामराज पुलिस ने एंटी रोमियो एंव मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत अलग अलग स्थानो पर दबिश देकर नूर मौहम्मद पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम हाशमपुर थाना रामराज, साहब सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी हुसैनपुर थारा रामराज, राहुल पुत्र कमल निवासी अल्लुवाला थाना रामराज को गिरफ्तार कर न्यायालय में उचित कार्यवाही के लिए भेज दिया है। रामराज थानाध्यक्ष रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि वारंटी राहुल पुत्र कमल पर रामराज थाने में आबकारी एक्ट व आर्मस एक्ट के तहत 16 मुकदमें दर्ज हैं उधर नूर मौहम्मद व साहब सिंह पर अलग अलग धाराओं में एक एक मुकदमा दर्ज है।

## अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**नांगल सोती।** ग्राम सौफतपुर में पुलिस ने गांव की महिलाओं के संग चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान की जानकारी साझा की। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी सुनील पुनिया और दरोगा उपेंद्र सिंह महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी पूनम शर्मा, ललिता सिंह और प्रवीण चौहान ने 1090, 1098, 1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए और चौपाल में महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान गांव की काफी महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

## जनता इंटर कॉलेज ने जीता कांस्य व रजत पदक

**चांदपुर।** लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतर मंडलीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए जनता इंटर कॉलेज बागड़पुर के छात्र सुशांत कुमार ने 14 वर्षीय बालक वर्ग प्रतियोगिता में कांस्य पदक व पल्लवी कुमारी ने 19 वर्षीय बालिका वर्ग में रजत पदक जीतकर जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्रधानाचार्य हामिद हुसैन ने खिलाड़ियों के कालेज पहुंचने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। विद्यालय के उप प्रबंधक अजब सिंह, प्रशिक्षक विवेक कुमार पांडे व समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। दोनों छात्र-छात्राओं के पदक जीतने पर अन्य छात्राओं में भी उत्साह देखा गया है।

## चांदपुर ने जीता फाइनल मुकाबला

**नांगल सोती।** मायापुरी में बजरंग क्लब की ओर से आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट के चांदपुर ने चोरों वाला को हराकर टूर्नामेंट जीता, तृतीय स्थान पर लालपुर मान की टीम रही। कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चोरों वाला और चांदपुर के बीच खेला गया। जिसमें चांदपुर ने चोरोंवाला को 18-17 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता। सेमीफाइनल मुकाबले में चोरोंवाला ने लालपुर मान को 23-17 और चांदपुर ने हापुड़ को 28- 11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लीग मुकाबले में हापुड़ ने मायापुरी को 25-23, चोरों वाला ने भवानीपुर को 13-10, लालपुर मान ने काटपुर को 15 -13 से हराकर मैच जीते। मुख्य अतिथि सीओ कुलदीप यादव ने विज. ेता, उपविजेता व तृतीय स्थान पर रही लालपुर मान की टीम को ट्रॉफी व नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। रेफरी आशीष व उज्जवल रहे। टूर्नामेंट में शिवांत, रवि, विशाल, आर्यन आदि का सहयोग रहा।

## श्रीराम का राज्याभिषेक कर मंचन समाप्त

**नांगल सोती।** ग्राम सोफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 21 सितंबर से चल रहे रंगमंच के कार्यक्रम में बीती रात्रि श्री राम जी को अयोध्या लौटने पर राज्याभिषेक कर रामलीला मंचन का समापन किया गया। मंचन के आखिरी दिन कलाकारों ने अपने मंचन में रावण वध कर श्री राम जी को राज्याभिषेक की लीलाओं का सुंदर मंचन किया। सभी कलाकारों ने श्री राम जी की आरती कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष कपिल राणा द्वारा मंच से जुड़े सभी कलाकारों को सम्मानित व वरिष्ठ पत्रकार बंधुओं एवं कमेटी के सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया। कमेटी पदाधिकारी एवं सदस्यों को सहयोग करने के लिए उनका आभार किया गया। डायरेक्टर अर्जुन सिंह के निर्देशन में कलाकारों में रावण का अभिनय अनुज, मेघनाथ का अभिनय मिथुन, राम का अभिनय मोहित, लक्ष्मण का अभिनय मिथुन, सीता का अभिनय मांगे सिंह, विभीषण का अभिनय विकुल, अंगद का अभिनय रवि शर्मा, हनुमान जी का अभिनय दिनेश कुमार, सुलोचना का अभिनय ईश्वर ने किया। सभी कलाकारों ने चल रहे रामलीला मंचन को श्री राम जी के चरणों में समर्पण कर इस वर्ष के रामलीला मंचन का समापन किया। सहयोग में मुख्य रूप से कमेटी उपाध्यक्ष मांगे सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, सचिव हनी जट राणा, अवधेश, नीरज, खूब सिंह, विनीत, लेखपाल, अंकित, छोटे शर्मा, महिपाल, चंद्रप्रकाश आदि कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## घोसियावाला में मिशन शक्ति कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत ग्राम घोसियावाला में हुई चौपाल में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आयोजित कार्यक्रम में उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह राठी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ की घटना होने पर तुरन्त पुलिस को सूचित करें। साथ ही मोबा. इल के माध्यम से सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मी रीनू, अमृता व बोबिन्दर कुमार सहित काफी महिलाएं व छात्राएं मौजूद रही।

## क्रिसेंट के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने दिल्ली का ऐतिहासिक लालकिला, राष्ट्रपति भवन तथा जामा मस्जिद का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वास्तुकला संबंधी महत्व को निकट से जाना और अपने ज्ञान में वृद्धि की। इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षिक प्रभारी शहजाद खान ने बच्चों को देश की इन ऐतिहासिक इमारतों के बारे मे विस्तार से बताय। उन्होंने कहा कि देश की इन खूबसूरत धरोहर को देखने के लिए विदेशो से भी बड़ी संख्या मे पर्यटक प्रतिदिन आते रहते हैं। शिक्षिका सुश्री माहे तिलत एवं सरीम फरहत ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। बच्चों ने अपने भ्रमण के दौरान कहा कि कितना खूबसूरत है देश हमारा, इसको देखने के बाद जानने की भी जरूरत बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस भ्रमण की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

## आरयूएम में वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**शेरकोट।** आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित मैदान में एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के मैच का मुख्य अतिथि फुरकान महमूद अंसारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इंसान के जीवन मे खेल बहुत जरुरी है। आज के युवा खेलों की तरफ कम उल्टे सीधे धंधों की तरफ ध्यान दे रहे है। जबकि युवाओं को चाहिए कि खेलों पर अपनी रुचि रखे और अपने देश का नाम रोशन करे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपनी जीत के लिए जोर लगाता है। इनसे पूर्व लिपिक अबरार अहमद व तारीख अंसारी ने सयुक्त रुप से बिजनौर व मेरठ के बीच खेले जाने वाले मैच का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर फुरकान महमूद अंसारी के साथ हाफिज सद्दन, शेख वलीउल्ला, पूर्व सभासद वजीर अहमद, महफूज, नाजिम जबी अंसारी, शेफ मंसूरी सहित आदि मौजूद रहे। उधर कमेटी के मौहम्मद तारीख, शाहबाज अंसारी, युसुफ अंसारी, फरमान, शकील, रिहान, अकबर, माजिद, सादिक सहित आदि का विशेष योगदान रहा। वही कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में रायपुर, कोटद्वार, बिजनौर, मुरादाबाद, अफजलगढ़, लखनऊ, शेरकोट आदि टीम भाग लेगी।

## पथ संचलन का पुष्पवर्षा से स्वागत

**बढ़ापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में कस्बे में पथ संचलन निकाला। इस दौरान हिंदू संगठनों ने कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथसंचलन कर रहे स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। आज सुबह श्री शिव चुन्नीवाला मंदिर के आदर्श रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता एकत्र हुए। वहां पर उन्होंने अनुशासन का परिचय देते हुए आरएसएस के डॉ. केशवराय बलिराम हेडगेवार और भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए और ध्वज वंदना के साथ उन्हें नमन किया।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष पर भव्य पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर की तरह धामपुर में भी शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पथ संचलन का आयोजन किया गया। नगर में एक दर्जन से अधिक स्थानों से गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने अनुशासनपूर्वक मार्च करते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

पथ संचलन के निर्धारित मार्गों पर सनातन समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। पूरे नगर में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। इस अवसर पर आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्य वक्ता ने अपने बौद्धिक संबोधन में कहा कि आरएसएस की स्थापना 100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के दिन डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने की थी।

संघ समाज में धर्म, जाति या भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता, बल्कि सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा युवाओं को आत्म-निर्माण, अनुशासन और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने पांच प्रमुख सामाजिक परिवर्तनों से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# गुणवत्ता के साथ हो शिकायतों का निस्तारण

## कुल 153 शिकायतें दर्ज, सात का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किए बिना




शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है, तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वह अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सकें।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें, ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है।

अत: सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

आज तहसील दिवस के मौके पर कुल 153 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में सात शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।



# भारत ने लगातार चौथे संडे पाकिस्तान को हराया

**विमेंस वर्ल्डकप**

● **88 रन से एकतरफा जीती टीम इंडिया, क्रांति- दीप्ति को 3-3 विकेट मिले**

**कोलंबो।** भारत ने विमेंस वर्ल्ड कप में रविवार को पाकिस्तान पर 88 रन से एकतरफा जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारतीय टीम दो मैचों से चार पाइंट्स के साथ टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन बनाकर सिमट गई। सिदरा अमीन ने 81 रन बनाए। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने 3-3 विकेट झटके। स्नेह राणा को 2 विकेट मिले। भारत ने क्रिकेट में लगातार चौथे रविवार को पाकिस्तान को मात दी है। इससे पहले 14, 21 और 28 सितम्बर को मेंस एशिया कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को लगातार तीन मैचों में हराया था। टॉस के दौरान रेफरी की गलती से भारत टॉस हार गया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, तो पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने टेल्स बोला। सिक्का जमीन पर हेड्स गिरा। साउथ अफ्रीका की मैच रेफरी शांद्रे फ्रिट्ज ने गलती से सना की काल को हेड्स सुन लिया था। उन्होंने पाकिस्तान को टॉस की विजेता घोषित किया। लगातार चौथे संडे को भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत हुई। इससे पहले 28 सितम्बर, 21 सितम्बर और 14 सितम्बर को मेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच खेले गए हैं। तीनों ही मौकों पर भारत ने जीत हासिल की। पाकिस्तान से मैच में फिफ्टी लगाने वालीं इकलौती बैटर सिद्रा अमीन 40वें ओवर में आउट हुईं। उन्हें स्नेह राणा ने ओवर की पांचवीं गेंद पर स्क्वेयर लेग पोजिशन पर कैच कराया। अमीन ने 81 रन की पारी खेली। 39वें ओवर में पाकिस्तान ने 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी गेंद पर दीप्ति शर्मा ने रमीन शमीम को बोल्ड कर दिया। रमीन खाता भी नहीं खोल सकीं। दीप्ति ने पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना का विकेट भी लिया था। इससे पूर्व भारतीय टीम 50 ओवर में 247 रन पर आलआउट हो गई। हरलीन देओल ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। जेमिमा राड्रिग्ज ने 32 और प्रतिका रावल ने 31 रन बनाए। नंबर-8 पर बैटिंग करने उतरी ऋचा घोष ने 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन बनाकर भारत को फाइटिंग टोटल तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए डायना बेग ने 4 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल को 2-2 विकेट मिले।

लगातार चौथे संडे को भारत के बीच पाकिस्तान की भिड़ंत हुई। इससे पहले 28 सितम्बर, 21 सितम्बर और 14 सितम्बर को मेंस एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच खेले गए हैं। तीनों ही मौकों पर भारत ने जीत हासिल की। भारत ने 46वें ओवर में 7वां विकेट गंवाया। यहां दीप्ति शर्मा 25 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें डायना बेग ने नतालिया परवेज के हाथों कैच कराया। 45वें ओवर में भारत ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर स्नेह राणा (20 रन) को फातिमा सना ने कैच कराया। उन्हें दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने स्मृति मंधाना (23 रन) को भी आउट किया।

## महिला विश्व कप में भारत और पाक की कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

**कोलंबो, वार्ता।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। क्रिकबज ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे। यह फैसला दोनों क्रिकेट बोर्डों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है। इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाक के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### लंबी कूद में जिलेइडे ने जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन ऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण और तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी-20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा और फातमा अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और रजत पदक जीता। 2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा।

### श्रीलंका ने कोचिंग पैनल में फेरबदल किया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के लिए कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए तहत जूलियन वुड को नया बल्लेबाजी कोच और रेन फर्डिनेंड्स को स्पिन गें. दबाजी कोच नियुक्त किया है। वुड टीम के साथ एक साल के अनुबंध पर नए बल्लेबाजी कोच के रूप में शामिल होंगे, जबकि फर्डिनेंड्स, विशेषज्ञ स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना के साथ मिलकर नए स्पिन गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे। यह जोड़ी थिलिना और पियाले की जगह लेगी। दोनों कोच अनुभवी हैं और उन्होंने श्रीलंकाई टीम को मजबूत बनाने का भरोसा दिया है। श्रीलंका क्रिकट ने विज्ञप्ति में कहा कि वुड अपने साथ अपार अनुभव लेकर आए हैं, उन्होंने पहले इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड , ग्लूस्टरशायर सीसीसी, हैम्पशायर सीसीसी, मिडलसेक्स आदि के साथ रहे।

# 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंचे रवींद्र जडेजा

● **जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वें इस क्लब में चौथे सदस्य बन सके**



**नई दिल्ली, वार्ता।** अहमदाबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंच गए हैं।

जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वे इस क्लब के चौथे सदस्य बन सकें। जडेजा दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। 5000 रन और 400 विकेट वाले क्लब में वर्तमान में केवल कपिल देव हैं। अब वहां तक जडेजा भी पहुंच सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर पहले टेस्ट के बाद जडेजा ने हंसते हुए कहा, ष्अब आप मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे सोचना पड़ेगा कि कैसे 1000 और रन बनाएं और 60-70 और विकेट लें। उनके खाते में 3990 रन और 334 विकेट हैं। इस समय मैं अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं रिकॉर्ड या मील के पत्थर के बारे में नहीं सोच रहा। मैं सिर्फ अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा हूं और क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। जब भी मैं घर में होता हूं। हमेशा फ़िटनेस पर काम करता हूं ताकि मैं वही करता रहूं जो इतने सालों से कर रहा हूं। 36 साल की उम्र में रवींद्र जडेजा मैदान पर अभी भी सक्रिय हैं। उन्होंने पहले टेस्ट में नाबाद 104 रन बनाये और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। अहमदाबाद में यह शतक जडेजा के लिए 2025 में बल्ले से एक शानदार साल को और लंबा करता है। इस साल अब तक उन्होंने सात टेस्ट में 82-37 औसत के साथ 659 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अ(शतक शामिल हैं।

# शेष भारत को हराकर विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी



● **हर्ष दूबे ने शानदार गेंदबाजी कर चार विकेट हासिल किए, विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराकर ईरानी ट्रॉफी अपने नाम की**

**नागपुर, वार्ता।** हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया। अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुए। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया।

# श्रीकांत की सनसनीखेज हार



● **मलेशिया के ऐदिल ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में श्रीकांत को हराकर अपने करियर की बड़ी जीत दर्ज की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अल ऐन मास्टर्स 2025 शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबलों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ अपने चरम पर पहुंच गया, जिसमें कौशल और सहनशक्ति दोनों की परीक्षा हुई। जहां अनुभवी सितारों ने विश्व स्तरीय बैडमिंटन की झलकियां दिखाई, वहीं युवा खिलाड़ियों ने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक के रूप में, अल ऐन मास्टर्स उभरते हुए शटलरों को रैंकिंग में ऊपर उठने और उच्च स्तर पर अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता रहा है। यह वर्ष भी कोई अपवाद नहीं रहा, खलीफा बिन जायद हॉल में अंतिम दिन से पहले कई महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिले। मलेशिया के ऐदिल शोलेह ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर 1 भारत के किदांबी श्रीकांत को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शोलेह, जो अब एक स्वतंत्र खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, के लिए यह पिछले साल इंडोनेशिया मास्टर्स में रजत पदक जीतने के बाद उनके करियर का दूसरा सुपर 100 फ़ाइनल होगा। दूसरे सेमीफ़ाइनल में, फ़िनलैंड के विश्व नंबर 54 खिलाड़ी जोआकिम ओल्डॉर्फ ने वियतनाम के हाई डांग गुयेन को 21-17, 21-17 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। यूरोपीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता, फ़िनिश शटलर अब अपने पहले सुपर 100 फ़ाइनल में पहुंच गए हैं।

# घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन को तैयार भारत

● **बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटे है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी**

**गुवाहाटी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप से उत्साहित, मेजबान भारत सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहा. सिक प्रदर्शन के लिए तैयार है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंत. राल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है जिसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है। ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोलरग प्रारूप में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है, जिसमें प्रत्येक मैच में 45 अंकों की दौड़ होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा कि बीएआई द्वारा गुवाहाटी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा, उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और नॉक-आउट चरण में, भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है, जिसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। शया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा, जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं, वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं। बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दत्तू टीटी पर टिकी होंगी। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी।

# संतुलन जीवन का आधार फिटनेस से आता है: डा. मनसुख मांडविया

● **मांडविया ने विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज सुबह यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया।

यह कार्यक्रम देश भर में 10,500 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया। इस फिटनेस मुहिम में दिल्ली के शिक्षकों, एथलीटों, फिटनेस प्रभावितों और युवाओं सहित एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इसमें ओलंपिक पदक विजेता अभिषेक नैन, भारतीय हॉकी टीम के एक प्रमुख सदस्य, शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी तानिया सचदेव, उभरते हुए भाला फेंक स्टार सचिन यादव और भारत के पुश-अप मैन कहे जाने वाले रोहताश चौधरी शामिल थे। इसमें शिक्षकों को समर्पित एक जीवंत नुक्कड़ नाटक, योग सत्र, रस्सी कूद, फिटनेस गेम्स और बच्चों के लिए भागीदारी क्षेत्र भी शामिल थे। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस पहल को एक सच्चा राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताते हुए कहा कि इस आंदोलन के माध्यम से, 10,500 से ज्यादा स्थानों पर लाखों नागरिक हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चला रहे हैं। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए फिट इंडिया विजन का उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक शारीरिक गतिविधि के लिए एक घंटा भी समर्पित करे, तो भारत विकसित भारत के सपने की ओर और भी मजबूत, स्वस्थ और एकजुट होकर आगे बढ़ेगा। आज इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भाग लिया और छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। साइकिल के पैडल हमें जीवन का सबसे बड़ा सबक सिखाते हैं कि हम संतुलन बनाए रखकर ही आगे बढ़ते हैं। यह संतुलन जीवन का आधार है और यह फिटनेस से आता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया , योगा. सन भारत और माई भारत के सहयोग से आयोजित साइकि. लिंग अभियान ने अब भारत के सबसे प्रभावशाली फिटनेस अभियानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बना ली है।

# इगा-सबालेंका वुहान ओपन ड्रॉ में शीर्ष पर

● **सबालेंका और स्वियाटेक और कोको 1000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ईनाम को भिड़ेगी**





**वुहान, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका और नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को शनिवार को 2025 डब्ल्यूटीए वुहान ओपन के एकल वर्ग के ड्रॉ में विपरीत हिस्सों में रखा गया है। चीन के शीर्ष खिलाड़ी घरेलू मैदान पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। चीन का प्रतिनिधित्व मुख्य ड्रॉ में सीधे तौर पर झू लिन, वांग शिन्यू, युआन यू और अनुभवी झांग शुआई करेंगे।

स्थानीय पसंदीदा झेंग किन. वेन ने चोट से उबरने के लिए शुक्रवार को नाम वापस ले लिया। उनकी अनुपस्थिति के बावजूद, वुहान ओपन में अभी भी सितारों से सजी टीम मौजूद है। सबालेंका, स्वियाटेक और कोको गॉफ 1,000 रैंकिंग अंकों और 3.65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत विज. ेता सबालेंका ड्रॉ के शीर्ष आधे भाग में सबसे आगे हैं और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है।

दूसरे दौर में उनका सामना स्लोवाकिया की रेबेका ामकोवा या रूस की अन्ना काललस्काया से होगा। उनके वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना, जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका और चेक गणराज्य की उभरती हुई स्टार लिंडा नोस्कोवा भी शामिल हैं, जिन्होंने शुक्रवार को तीन सेटों के सेमीफाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बनाई।

छह बार की ग्रैंड स्लैम विज. ेता स्वियाटेक, वुहान में दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर रही हैं। सबालेंका की तरह, उन्हें भी पहले दौर में बाई मिली है और उनका पहला मुकाबला कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो या चेक गणराज्य की मैरी बूजकोवा से होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ, स्वियाटेक के साथ निचले हाफ में शामिल होंगी। 20 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी का सामना अपने पहले मैच में चीन की वांग शिन्यू या किसी क्वालीफायर से होगा। अन्य जगहों पर, झू लिन का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट से होगा, जबकि वाइल्डकार्ड युआन यू का पहला मुकाबला एक क्वालीफायर से होगा, जहां दूसरे दौर में उनके इटली की जैस्मीन पाओलिनी से भिड़ने की संभावना है। झांग शुआई का मुकाबला संयुक्त राज्य अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से होगा।

# हाईरिस्क क्षेत्रों में रोस्टर बना करें कामः अटल

## कमिश्नर ने संचारी रोग व दस्तक अभियान के शुभारंभ जिला अस्पताल में जागरूकता रैली को किया रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि वैक्टर जनित रोग की रोकथाम हेतु हाई रिस्क क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर कार्य किया जाये। उन्होंने आमजनों से भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग की अपील की।

मंडलायुक्त ने यह बात 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान के शुभारंभ मौके पर कही। उन्होंने शपथ ग्रहण व जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया। मंडलायुक्त द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करे तथा वैक्टर जनित रोग की रोकथाम हेतु पूर्व में चयनित हाई रिस्क क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर कार्य किया जाये तथा जनपद स्तर एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा संचारी एवं दस्तक अभियान का सुपरविजन किया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने बताया गया कि अभियान में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही दस्तक अभियान के तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स (आशा) द्वारा बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो आदि की सूची ई-कवच पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक एवं राज्य मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जायेगी।

जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड़ द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार दस्तक अभियान में संचारी रोगों रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों अभियान के अर्न्तगत आशाओं द्वारा घर-घर जाकर जागरूक करेगी।

इस अवसर पर सीएमएस जिला चिकित्सालय डा. सुधा सुमन, डीटीओ डा सर्वेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ डा. अर्जेन्द्र मलिक, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवॉका गौड, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा कुणाल जैन, डीपीएम एनएचएम खालिद, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला, मनोज कौशिक, गौरव, अंजू, शिवानी, संगीता भारती के साथ साथ नागरिक सुरक्षा के वार्डन्स उपस्थित रहे।

# पीडीए को मिल रही नई ताकतः आशु



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधानसभा क्षेत्र विधायक आशु मलिक ने कहा कि पूरे देश में पीडीए को नई ताकत मिल रही है।

आशु मलिक ने यह बात ग्राम लुण्ढाली में ग्राम प्रधान विजयपाल द्वारा आयोजित पीडीए कार्यक्रम में की। उन्होने कहा कि समाज के पिछडो, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की आवाज को बुलन्द करने के लिए पीडीए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होने कहा कि आज पूरा देश पीडीए के साथ सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर देख रहा है। इसलिए हमें मौजूदा सरकार द्वारा किये जा रहे हर जुल्मों का जवाब देने के लिए पीडीए को मजबूत करना होगा। सपा जिला महासचिव जितेन्द्र राणा बाबा ने भी सर्वसमाज के लोगों से एकजुटता का आहवान किया। ग्राम प्रधान विजयपाल द्वारा कार्यक्रम में आये सभी लोगों का आभार जताया गया।

# अखिल भारतीय महापौर परिषद कार्यसमिति में भी डॉ. अजय शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर के महापौर डॉ. अजय कुमार को अखिल भारतीय महापौर परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता ने अखिल भारतीय महापौर परिषद की कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया है। महापौर डॉ. अजय कुमार उत्तर प्रदेश मेयर कौंसिल के भी महासचिव है।

अखिल भारतीय महापौर परिषद के राष्ट्रीय सचिव मनोज गुप्ता द्वारा अध्यक्ष की ओर से मनोनयन पत्र भेजते हुए कहा गया है कि आपकी कार्यकुशलता एवं दक्षता तथा नेतृत्व क्षमता को देखते हुए आपको अखिल भारतीय महापौर परिषद की कार्यसमिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन नगरीय शासन क्षेत्र में आपके समर्पण और महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है। परिषद की ओर से विश्वास व्यक्त किया गया है कि महापौर डॉ. अजय कुमार की भूमिका अखिल भारतीय महापौर परिषद के उद्देश्यों को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा परिषद को उत्कृष्टता प्राप्त करने में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार के इस मनोनयन पर व्यापारी नेता राजकुमार मक्कड़ सहित अनेक व्यापारियों, उपसभापति मयंग गर्ग, पार्षद मुकेश गक्खड़, संजय सैनी, कपिल धीमान, राजू सिंह, सुनील पंवार, शोपिन, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा सहित अनेक पार्षदों एवं राजनेताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# सीएम योगी की मौसी व मेयर डा. अजय की माता सम्मानित

## सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी का जनमंच में आयोजित किया गया 16वां वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी का 16वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आ योजन किया गया, जिसमें लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड श्रीमती सरोज देवी (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौसी) एवं श्रीमती संतोष देवी (महापौर डॉ. अजय सिंह की माताजी) को प्रदान किए गए।

जनमंच प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी, मण्डलायुक्त अटल कुमार राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, महापौर डॉ. अजय सिंह एवं समाज कल्याण अधिकारी अर्चना ने संयुक्त रूप से किया। नगर आयुक्त शिपू गिरी अपने पिताजी के साथ समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुभाष चंद अग्रवाल को संस्था के सर्वोच्च व्योश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। ये दोनों सम्मान संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्व. जसबीर सिंह गंभीर एवं स्व. डॉ. के.के. खन्ना की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा दिए गए। संस्था के जनकल्याण केंद्र हेतु भवन दान करने पर श्रीमती शांति देवी वालिया को आदर्श सेवा सम्मान प्रदान किया गया। वहीं संस्था की विभिन्न समितियों के उत्कृष्ट कार्य हेतु हरीश आहूजा, यशपाल मलिक, आर.के. जैन और आर.पी. शर्मा को भी सम्मानित किया गया। मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की शक्ति हैं, जिनके अनुभव आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। महापौर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि वरिष्ठजन राष्ट्र की बौद्धिक सम्पदा हैं, जिनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है। संस्थापक के.एल. अरोड़ा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को जीवन को हंसी-खुशी से जीना चाहिए और परिवारों में दूरियां बढ़ाने वाले वृद्धाश्रमों की संस्कृति का विरोध करना चाहिए। इस अवसर पर नीरू शर्मा को बेस्ट ड्रैस अवार्ड, अरुण प्रकाश शर्मा व मधु शर्मा को बेस्ट कपल अवार्ड तथा योगेश लूथरा को बेस्ट पर्सनैलिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर डा. पंकज खन्ना, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सीपी छाबडा, अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, महासचिव अनिल तलूजा, कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, नेशनल मैडिकल कालेज के प्राचार्य डा. असलम खान, मण्डल अध्यक्ष सीएम एण्डले, राज. सिंह माजरा, सीएम एण्डले, अजय अत्री, संदीप गोयल, कैप्टन टीएस चन्नी, आरएस माथुर, सीएम एण्डले, सुभाष चंद, अमृत लाल अरोडा, पीके अग्रवाल, डा. मोहन लाल, आरके हाण्डा, विरेन्द्र बहल, अरूण सूरी, प्रेमनाथ छोकरा, अनिल कुमार शर्मा, सुभाष चंद मनचंदा, जुशील क्वात्रा, प्रेम प्रकाश शर्मा, लक्ष्मी चंद वर्मा, रमेश चंद शर्मा, सुनील उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण पर जताया रोष

**छुटमलपुर।** लाला वाले डीजल पंप के पास हाजी अब्दुल मलिक की दुकान के सामने कुछ लोगों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किए जाने से स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है। इस अतिक्रमण के कारण दुकानदारों को अपनी दुकानों तक पहुंचने और व्यवसाय करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभावित दुकानदारों में शाहबाज जिम, नदीम मोबाइल, अब्दुल जब्बार (दर्जी), मलिक घड़ी वाले, सलमान मोबाइल और मास्टर कय्यूम शामिल हैं। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने इस मुद्दे को कई बार नगर पंचायत कार्यालय में उठाया, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। थक-हारकर दुक. ानदारों ने एकजुट होकर थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सड़क से अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई। अतिक्रमण के कारण ग्राहकों को असुविधा हो रही है।

# टक्कर के बाद युवक ने साथियों समेत की मारपीट







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट दो बाईकों में टक्कर के बाद गुस्साए बाइक सवार युवक ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरी बाइक पर सवार युवक और महिलाओं के साथ जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

घटना कोतवाली बेहट इलाके के गांव कलसिया के पास की है। गांव शाहपुर निवासी सलमान पुत्र इरफान अपनी खाला (मौसी) के साथ सहारनपुर अस्पताल में किसी मरीज से मिलकर वापस लौट रहे थे, जैसे ही वह कलसिया पहुंचे तो दूसरी बाइक सवार युवक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और इसके बाद फोन करके अपने साथियों को बुला लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने मिलकर सलमान और उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में बेगम पत्नी इरफान, सलमान पुत्र इरफान सहाना पत्नी खालिद निवासी हुसैन मलकपुर, शादाब पुत्र इरफान तथा इरफान पुत्र हाशिम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो हमलावर भाग खड़े हुए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित इरफान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट युवती के साथ अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड करने का मामला सामने आया है। रुपए ना देने पर युवती की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़ित पिता ने मामले को लेकर मुक. दमा दर्ज कराया है।

मामला कोतवाली बेहट कस्बे के एक मौहल्ले का है, जहां एक युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ अश्लील वीडियो बना ली और फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करते हुए रुपयों की डिमांड करने लगा। आरोप है कि डिमांड पूरी ना होने से गुस्साए युवक ने युवती की अश्लील वीडियो परिवार वालो के व्हाट्स एप पर भेजने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी। वीडियो देखते ही परिवार वालो के पैरों तले की जमीन खिसक गई। पीड़ित पिता ने कोतवाली बेहट पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की जिसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपित युवक परवेज पुत्र शाकिर निवासी मौहल्ला सड़कपार कस्बा व कोतवाली बेहट के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एकता क्लब ने सहारनपुर को हराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक दिवसीय क्रिकेट मैच में एकता क्लब ने सहारनपुर टीम को दो विकेट से परा. जित किया।

जैन कॉलेज में आयोजित मैच में सहारनपुर के कप्तान सेठपाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 164 रन का लक्ष्य विपक्ष एकता क्लब के समक्ष रखा। जिसमें सहारनपुर के बल्लेबाज बलिस्टर ने सर्वाधिक 55 व दिनेश में 48 रन की शानदार पारी खेली। एकता क्लब की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते संजीव शर्मा ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि खालिद व अनुज रुहेला ने एक-एक विकेट लिया। बोलर संजय कुमार ने सधी हुई गेंदबाजी करते चार ओवर में मात्र नो रन देकर सहारनपुर की टीम को बड़े स्कोर से रोका।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्लब की टीम ने 19.2 ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर दो विकेट से मैच जीता। एकता क्लब की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते ओपनर शिव कुमार बलाल खेड़ी ने सर्वाधिक 27, अनुज रुहेला 26, गोविंद 19 व आरव शर्मा बलाल खेडी ने 23 रन का योगदान अपनी टीम को दिया। हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत अनुज रुहेला को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। इस दौरान सेठपाल चौधरी, जनक सिंह, संजीव फौजी, अनमोल मौजूद रहे।

# आधी अधूरी तैयारी के साथ मेला शुरू

**गंगोह।** नगर के बाईपास मार्ग पर भगवती मेला आधी-अधूरी तैयारी के साथ शुरू हो गया है।

एक सप्ताह से भी ज्यादा समय तक चलने वाले भगवती मेले में रविवार को कोई खास रौनक नही रही। अभी तक मेले के अंदर दुक. ानदारों द्वारा पूरी तरह दुकानें नही लगाई हैं। बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए जाने वाले झूले भी अभी तक लग नहीं पाए हैं। दुर्गा चतुर्दशी का पर्व सोमवार को है इसलिए रविवार को श्रद्धालुओं के ज्यादा संख्या में न पहुंचने के कारण मेले में दुकान लगाकर बैठे दुकानदार खाली बैठे रहे। मेले के मुख्य पर्व दुर्गा चतुर्दशी पर सोमवार सुबह मुख्य अतिथि मेले का विधिवत उद्घाटन करेंगे। गांव देहात व दूर-दूर से श्रद्धालुओं की आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर परिसर में बेरिकेटिंग की गई है।

# चौपाल लगा महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कैलाशपुर में मिशन शक्ति 5.0 के कार्यक्रम में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया गया है

रविवार को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव कैलाशपुर के पंचायत सचिवालय पर एक चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओ की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया गया है।

चौपाल में पहुंची महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, एंटीरोमियो प्रभारी अर्शिया कुरैशी तथा महिला चौकी गागलहेड़ी मिशन शक्ति द्वारा महिलाओ को जागरूक करते हुए उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं कानूनी संरक्षण के उपाय के बारे में जानकारी देते हुए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई और इसके साथ ही आशा कार्यकर्त्ताओं व अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के फोन नंबर दर्ज करवाए गए ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क किया जा सके।

# 41 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा लगाये गये 228 वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 41 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

आज सुल्तानपुर कस्बे स्थित कंकरो वाला मंदिर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 50 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 41 रक्तदाताओं ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। संस्था अध्यक्ष पंकज कुमार पांचाल ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट का उद्देश्य हर गाँव और कस्बे तक स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को पहुँचाना है।

रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों को जीवन मिलता है, बल्कि यह समाज में एकता और सेवा की भावना को भी मजबूत करता है। शिविर संयोजक नवनीत सैनी ने कहा कि युवाओं की भागीदारी देखकर यह स्पष्ट है कि आज की पीढ़ी मानवता की सेवा के लिए आगे आ रही है। गर्मी या मौसम जैसी कोई परिस्थिति उन्हें रक्तदान से रोक नहीं सकती।

संस्था के वरिष्ठ संरक्षक अश्वनी कुमार मित्तल ने कहा कि रक्तदान वह महादान है जिसका कोई विकल्प नहीं। यह रक्त किसी प्रयोगशाला में नहीं बन सकता, केवल इंसान ही इंसान को यह जीवनदान दे सकता है।

रक्तदान शिविर में वैभव सैनी, अर्पित जैन, शुभम सैनी, उत्तम कुमार, मोहम्मद फैसल आदि ने भाग लिया।

# कुरआन की शिक्षा घर-घर तक पहुंचाएंः मौलाना जमील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नानका गंदेवड़ा स्थित जामिया शेख अब्दुल सत्तार में एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लाह के जिक्र, कुरान की तिलावत और समाज सुधार पर गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम ने स्थानीय मुस्लिम समुदाय में धार्मिक जागरण की लहर पैदा कर दी।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मौलाना मोहम्मद जमील कासमी ने अपनी प्रेरणादायक उपस्थिति से आयोजन को गरिमामय बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत कारी मुतीउर्रहमान कासमी की भावपूर्ण कुरान तिलावत से हुई, जिसने सभी को आध्यात्मिक वातावरण में डुबो दिया। इसके बाद मौलाना मोहम्मद अहमद नदवी ने नात शरीफ पढ़कर माहौल को और पाक किया। मुख्य वक्ता मौलाना जमील कासमी ने अपने संबोधन में चिंता जताई कि आधुनिक जीवनशैली के कारण हम कुरान, नमाज और अल्लाह के जिक्र से दूर होते जा रहे हैं, जो व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर हानिकारक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने हाफिज अब्दुल सत्तार नानकवी के धार्मिक मिशन और मुफ्ती अता उर रहमान की निस्वार्थ सेवाओं की खूब तारीफ की, जो समुदाय को शिक्षा और नैतिकता की दिशा में प्रेरित कर रही हैं। मौलाना यूनुस ने इल्म (ज्ञान) की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धार्मिक शिक्षा ही समाज को अंधविश्वासों से मुक्त कर सकती है। वहीं, मुफ्ती अता उर रहमान ने कुरान पढ़ने के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक फायदों पर विस्तार से बताया, जो श्रोताओं के लिए उपयोगी साबित हुआ। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण दारुल कुरान सतारिया की नींव रखना रहा। इस अवसर पर सभी ने दुआएं मांगीं, ताकि यह संस्थान कुरान की शिक्षाओं को घर-घर पहुंच. ाने का माध्यम बने।

आयोजन का समापन मौलाना जमीअल कासमी की हृदयस्पर्शी दुआ से हुआ, जिसमें कौम की एकता, अमन और देश की सलामती की प्रार्थना की गई। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में मौलाना नावेद, मौलाना अहमद, मुफ्ती जिया उर रहमान, गुलजार अंसारी, उस्मान अंसारी, हाजी गुलरहमान कुरैशी, प्रधान रिजवान, हाजी शफीकुर्रहमान, हाफिज हुसैन इमारत कुरैशी, शाहनवाज उर्फ सोनू अंसारी, प्रधान सलीम, हाजी इकराम, अरशद अंसारी, कारी जुबैर, मौलाना सर्वर आलम कासमी, कारी मुस्तफिज काशफी, कारी आजम, कारी मुनव्वर, कारी रशीद, कारी बुरहान, मौलाना आसिफ, मास्टर तौसीफ, कारी दानिश, कारी जमशेद और कारी निसार सहित बड़ी संख्या में उलेमा, विद्वान और समुदाय के लोग उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बताया, जो धार्मिक सद्भाव को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। जामिया प्रबंधन ने भविष्य में ऐसे आयोजनों को नियमित करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज जमील ने की।

# दो दिवसीय नवाचार मेले का आयोजन



**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनीमें प्राचार्य जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक के मार्गदर्शन में दो दिवसीय नवाचार मेले का आयोजन किया गया।

नवाचार मेले में जिले के राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने अपने शिक्षण अधिगम सामग्री के साथ साथ नवाचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मण्डल समिति डा. मनु गुप्ता प्रोफेसर जेवी जैन कालेज, डा. अमरकांत शर्मा प्रोफेसर डीएवी कालेज, डा. शगुफ्ता यास्मीन डायट प्रवक्ता द्वारा प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का चयन किया गया। मेले में प्रथम स्थान रश्मि गुप्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहारनपुर, द्वितीय स्थान आँचल श्रीवास्तव राजकीय कन्या इंटर कॉलेज नीची नकुड व तृतीय स्थान सत्येंद्र सिंह विष्ट प्रवक्ता एचएवी इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया। प्रोफेसर डा. मनु गुप्ता व डा. अमरकांत ने सभी प्रतिभागियों और डीएलएड प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित किया।

नवाचार मेले में प्रवक्ता सेठपाल ,अजय कुमार, राकेश कुमार, संदीप काम्बोज , अरूण कुमार सैनी, शगुफ्ता यास्मीन , पंकज यादव व सागर चौहान का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रांकुर, प्रवीण, निदा, प्रज्ञा, दीपक, आकाशदीप, हर्ष, आदित्य, तनिष्क, पुष्पा, धनंजय, अभिषेक, रिया, तबस्सुम, शेखर, स्वाति, डिम्पल, हिमानी, आरती, भारती, दीव्यांशी, मानसी सैनी, स्वाति गोस्वामी आदि प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

सोमवार, 6 अक्टूबर 2025

## साख पर सवाल

एक तरफ जहां चुनाव आयोग बिहार में 22 नवंबर से पहले चुनाव कराने को लेकर पूरी तरह व्यस्त है और अपनी तैयारी में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। उसने अपनी अंतिम वोटर लिस्ट भी जारी कर दी, तो वहीं दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करना नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस ने एक बार फिर कहा है कि बिहार में वोट चोरी का खेल जमकर चल रहा है। अपने दावे में वजन देने के लिए वह चुनाव आयोग की अंतिम मतदाता सूची का ही हवाला दे रही है। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में एक ही घर में सैकड़ों वोटरों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उसने कहा है कि जमुई के एक ही घर के पते पर 247 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि मुजफ्फरपुर में एक व्यक्ति का नाम तीन बार दर्ज कर दिया है। इस सूची में मृतकों के नाम भी दर्ज करने की बात कही गई है। कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक आरोप कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये आरोप मामूली नहीं हैं। इससे पहले भी कांग्रेस ने जिस तरह के सबूतों का दावा वोटर लिस्टों को लेकर किया है वह और भी संदेह पैदा करता है। बेशक वोटर लिस्ट में किसके नाम जोड़े जाएंगे किसके नहीं, कौन पात्र है कौन नहीं, यह चुनाव आयोग का विशेष अधिकार है, जैसाकि चुनाव प्रमुख कह भी रहे हैं कि एसआईआर मुख्य चुनाव आयुक्त का विशेष अधिकार है और इसमें किसी को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद कही थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वोट की अनिवार्यता के लिए आधार कार्ड को भी जोड़ा जाना चाहिए, तो चुनाव आयोग की बात हम मान भी लें, तो यह भी मानना पड़ेगा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष बनाना भी चुनाव आयोग की ही बड़ी जिम्मेदारी है और चुनाव आयोग को यह भी स्वीकार करना पड़ेगा कि भले ही संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग को बड़े अधिकार मिले हों, लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली का तकाजा यही होता है कि हर संस्था जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। कोई भी संस्था अपनी मनमानी नहीं कर सकती, भले ही उसके पास कितने भी अधिकार प्राप्त हों। सबसे बड़ी तो यही है कि चुनाव आयोग को सबके साथ चलते हुए दिखाई देना चाहिए। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। लोकतंत्र में जिस तरह सत्तापक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ठीक उसी तरह विपक्ष की भूमिका होती है, उसकी भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। दोनों ही पक्ष जनता के प्रतिनिधि होते हैं और जनता द्वारा ही चुने हुए होते हैं। इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आयोग पर पहले भी उनकी वफादारी को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन जिस तरह का माहौल आज के समय में देखने में आ रहा है, ऐसा माहौल कभी नहीं बना। जहां चुनाव आयोग की साख ही सीधे दांव पर लग गई हो। जब चुनाव आयोग की साख ही दांव पर लगी होगी, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव पर भी सवाल खड़े होंगे जैसेकि हो भी रहे हैं। सभी को मानना होगा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश व उसका लो. कतंत्र स्थायी होता है।

## विदेश में भारत के खिलाफ बोलना गलत मानती थीं इंदिरा गांधी



लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ऐसे एलओपी हैं, जो विदेश जाकर देश और लोकतंत्र के खिलाफ बोलते हैं, चुनाव हारने के बाद विदेश में इंदिरा गांधी से उनके खिलाफ सरकार की कार्रवाई के बारे में पूछा गया था, उन्होंने भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने से मना कर दिया था, राहुल भारत के तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, पहले के किसी एलओपी ने ऐसा नहीं किया। इंदिरा गांधी, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज या शरद पवार ने विदेश में देश या सरकार के खिलाफ नहीं बोला, एलओपी का विदेश जाकर यह कहना कि भारत वैश्विक नेता नहीं बन सकता, गलत है। **-किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

# यूपी की सियासतः पिछड़ों की ओर केंद्रित होने से भाजपा चिंतित





**तौसीफ कुरैशी**

**पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए कि भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं। आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पालने वाले दबंग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं।**

यूपी में 2024 लोकसभा चुनाव में मिली सियासी सफलता से उतसाहित सपा कंपनी और अब कांग्रेस भी प्रदेश और देश में एक बार फिर पिछड़ी जातियों को लेकर सियासी गोलबंदी कर रही है धार्मिक धुर्वीकरण कर प्रदेश और देश में सियासत के शिखर पर पहुंची भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है।

2013 में देशभर की सियासत में साम्प्रदायिकता का जहर घोलकर सत्ता के शिखर पर पहुंची भाजपा को जनता के बीच जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जुमलेबा. जी से पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सरकार चला रही भाजपा से जनता अब जवाब चाहती है और भाजपा के पास सकारात्मक जवाब नहीं है जनता हिंदू मुसलमान के मुद्दे से तंग आ चुकी है हर तरफ बुरा हाल है 2014 में सोने की कीमत करीब 28000 का 10 ग्राम था और 2025 में 121000 है तो मंगलसूत्र कौन छीन रहा इसका मोदी सहित भाजपा पर कोई जवाब नहीं है। बेरोजगारी पिछले पैतालीस सालों में सबसे ज्यादा है महंगाई लोगों जीने नहीं दे रही है।

जीएसटी के जरिए पूरी तरह लूट मचाई गई आठ साल अब कम करने का जश्न मनाया जा रहा है और उसका कोई जवाब नहीं इस लूट ने जो छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया गया उनके धंधे चौपट हो गए और भाजपा सरकारें इस ओर कोई ध्यान देती नजर नहीं आ रही है ब्यूरोक्रेसी का भी भ्रष्टाचार इस समय अपने पूरे चरम पर पहुंच गया है जिस भी दफ्तर में जाओ भ्रष्टाचार अपनी सारी हदें पार कर रहा है पहले जो काम मामूली सी रकम से हो जाता था लेकिन आज वही काम मोटी रकम देने पर हो रहा है और ब्यूरोक्रेसी मालामाल हुए जा रही है इस पर भाजपा सरकारों का कोई कंट्रोल नहीं है बल्कि अगर यह कहा जाए की भाजपा का संरक्षण प्राप्त है तो गलत नहीं होगा बल्कि RSS का चेहरा भी सामने आ रहा है वह भी दोनों हाथों से इस क्रमबद्ध लूट में हिस्सेदार बन गई है सभी जनपदों में तैनात अफसर लूट मचाए हुए हैं बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर में अपने द्वारा कमाई गई अथाह दौलत को लगा रहे हैं।

आमजनों के प्लाटों पर अपने संरक्षण में पलने वाले दंबग लोगों से कब्जे करा रहे हैं और उनको कोई रोकने टोकने वाला नहीं है उन पर जब कोई इस तरह का मामला बनता दिखाई देता है तो वह फिर माहौल को हिंदू मुस्लिम कर मामले को डायवर्ट कर देते हैं। इस तरह के माहौल में अगर कोई सबसे ज्यादा पिस रहा है तो वह पिछड़ी जातियां है क्योंकि उनके विकास पर उनके हकों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है बल्कि उनके अधिकारों को योजनाबद्ध तरीके से खत्म किया जा रहा है आरक्षण को भी ऊची जातियों को दिए जा रहे हैं और पिछड़ों को हिन्दू मुसलमान की टॉफी दी जा रही है यह टॉफी पिछड़ों को क्यों दी जा रही है यह बात अब पिछड़े समझ रहे जिसकी वजह से भाजपा की बैचेनी स्वाभाविक है पिछड़ों को हिन्दू बना कर भाजपा और RSS सत्ता का सुख भोग रही है लेकिन पिछड़ों को क्या मिला बाबा जी ठुल्लू। बीते कुछ समय से ओबीसी जातियों को गोलबंदी करने में जुटी कांग्रेस अब प्रदेश के हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलनों का आयोजन करने जा रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की अगले सप्ताह तक घोषणा हो सकती है। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद हर मंडल में सामाजिक न्याय सम्मेलन शुरू होंगे। शुरुआत लखनऊ से होगी। सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष नेतृत्व ने पिछड़ा वर्ग विभाग को निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। अब विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय सिंह ने यूपी में भी सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए हैं।

सम्मेलनों में पिछड़े वर्ग के सभी नेताओं को एकजुट किया जाएगा। साथ ही लोगों को बताया जाएगा कि कांग्रेस किस तरह से हर जातियों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संसद में संघर्ष कर रही है।

**सम्मेलन की तैयारी तेज**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि पार्टी की ओर से सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी का इंतजार है। कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर सूची तैयार कर ली गई है।

शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी में पिछड़े वर्ग की हर जातियों को शामिल किया गया है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह कार्यकारिणी घोषित हो जाएगी। इसके बाद मंडलवार सम्मेलन शुरू होंगे।

'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' के वायदे पर सरकार बनाने वालों ने धर्म जाति विशेष के करोड़ों लोगों के साथ बेहिसाब नफरत, हिंसा, भेदभाव और अत्याचार होने पर मणिपुर से लेकर यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व J-K तक साजिशी चुप्पी लगा कर इस नारे को झुठलाया। इनका सबसे बड़ा सच यही है कि ए अपने किरदार पर खरे नहीं उतरते हैं जैसे हालात होते हैं वैसे ही बदल जाते हैं इन पर विश्वास नहीं करना चाहिए यही लब्बोलुआब है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रह्मांड की ऊर्जा से जुड़ने का माध्यम है शरद पूर्णिमा

**मौसम बदलने के इस समय शरीर को नई जलवायु के अनुकूल बनाना आवश्यक होता है। आयुर्वेद के अनुसार, इस समय वात, पित्त और कफ दोषों में असंतुलन की संभावना बढ़ती है। खीर का मधुर स्वाद और उसका शीतल प्रभाव इन दोषों को संतुलित करने में सहायक होता है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक . ष्टि से ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शरद पूर्णिमा की रात का सौंदर्य अद्भुत होता है। जब पूर्ण चंद्रमा आकाश में अपनी सोलह कलाओं के साथ दमकता है तो उसकी दूधिया रोशनी में पूरी धरती जैसे अमृत में डूब जाती है।**



**योगेश कुमार गोयल**

हर साल आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर्व मनाया जाता है और इस दिन चंद्रमा अपने पूर्ण स्वरूप में आसमान में चमकता है। इस वर्ष यह पावन तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट से आरंभ होकर 7 अक्टूबर की सुबह 9 बजकर 16 मिनट तक रहेगी, इसलिए शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर की रात को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव भी कहा जाता है। इस रात चंद्रमा की रोशनी इतनी तेज होती है कि धरती दूधिया उजास में नहा उठती है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणें विशेष रूप से औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं। यह माना जाता है कि इन किरणों में स्वास्थ्य, सौंदर्य और शक्ति बढ़ाने वाले तत्व होते हैं।

वेदों और पुराणों में चंद्रमा को औषधियों का स्वामी माना गया है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि 'मैं ही सोम रूप चंद्रमा बनकर समस्त औषधियों को पुष्ट करता हूं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्षभर में केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सभी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है। माना जाता है कि प्रत्येक कला मनुष्य के जीवन की किसी न किसी विशेषता का प्रतीक होती है। भगवान कृष्ण को इन सोलह कलाओं का पूर्ण रूप कहा गया है, इसलिए शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी रात कृष्ण ने अपनी मुरली की मधुर धुन पर ब्रज की गोपियों के साथ यमुना तट पर दिव्य महारास किया था। इसीलिए यह रात प्रेम, आनंद और भक्ति का प्रतीक मानी जाती है। वृंदावन और बृज क्षेत्र में आज भी शरद पूर्णिमा को बहुत उत्साह से मनाया जाता है।

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा या कौमुदी उत्सव के नाम से भी जाना जाता है। कोजागर का अर्थ है कौन जाग रहा है? मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो व्यक्ति जागकर सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उस पर लक्ष्मी की कृपा बरसती है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय धन की देवी लक्ष्मी का प्रकट होना भी इसी पूर्णिमा की रात हुआ था। इसलिए यह पर्व धन, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन लोग मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, साथ ही शिव-पार्वती और कार्तिकेय की आराधना का भी विधान है। इस दिन व्रत रखकर रातभर जागरण और भक्ति करने से व्यक्ति को आर्थिक समृद्धि, मानसिक शांति और शुभ फल प्राप्त होते हैं। शरद पूर्णिमा की रात का सबसे प्रसिद्ध और सुंदर प्रतीक है खीर की परंपरा। इस रात घरों में खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखी जाती है ताकि चंद्रमा की चांदनी उसमें पड़े। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों में अमृत बरसता है और वह अमृत खीर में समा जाता है। सुबह उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जो अमृत समान मानी जाती है। ज्योतिषीय .ष्टि से दूध, चावल और चीनी चंद्र ग्रह से जुड़े तत्व हैं। इसीलिए चंद्रमा की रोशनी में रखी गई खीर में उसकी शुभ ऊर्जा और औषधीय गुण समा जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस परंपरा का गहरा अर्थ है। दूध में लैक्टिक एसिड और खीर में मौजूद चावल के स्टार्च के कारण जब इसे खुली चांदनी में रखा जाता है तो उसमें ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो इसे अधिक पौष्टिक बना देते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की किरणों में मौजूद अल्ट्रा-वॉयलेट और इंफ्ररेड ऊर्जा दूध में मौजूद सूक्ष्म जीवों की क्रिया को सक्रिय करती है, जिससे वह पाचन में सहायक और स्वास्थ्यवर्धक बन जाता है। इसीलिए शरद पूर्णिमा की रात रखी खीर को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना गया है।

पौराणिक कथाओं में यह भी उल्लेख मिलता है कि रावण इस रात दर्पण के माध्यम से चंद्रमा की किरणों को अपनी नाभि पर ग्रहण कर युवा शक्ति प्राप्त करता था। यह कथा प्रतीक है कि चंद्रमा की किरणें शरीर में ऊर्जा, शांति और जीवन शक्ति भरने का सामर्थ्य रखती हैं। शरद पूर्णिमा ऋतु परिवर्तन की भी प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसआईआर पर चुनाव आयोग को घेरता विपक्ष



**मसूद हसन**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग पर गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग को वोट देने के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। वहीं, चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को सिरे से खारिज करते हुए प्रक्रिया को पारदर्शी बताया है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाया कि आयोग द्वारा लागू किए गए सख्त नियमों को गरीबों के वोट की चोरी बताया। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण सूची के मुद्दे को जननायक राहुल गांधी ने प्रमुखता से उठाया और आयोग के विरुद्ध एक आन्दोलन खड़ा कर दिया। बिहार राज्य में विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाने के बजाय निर्वाचन आयोग ने इसे और कठिन बना दिया है। जिसकी वजह से राज्य के दर्तित पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समाज के साथ ही गरीब व वंचित समाज के लोग निर्वाचन मतदाता ही नहीं बन पाएंगे। मतदाता सूची में शामिल होने की निर्वाचन आयोग द्वारा जो नियम बनाए गए हैं, उन नियमों को इन वर्ग के कम ही लोग पूरा कर पाएंगे। है। बिहार व उससे लगे राज्यों में एक बड़ी समस्या बाढ़ की विभीषिका उनका सब कुछ बहाकर ले जाती है और उन्हें तबाह कर जाती है, ऐसे में आयोग जिस तरह के दुर्लभकागजात मांग रहा है इनके लिए देना असंभव है। निर्वाचन आयोग द्वारा आधार कार्ड को वैध प्रमाणपत्र न मानना भी चिंता का विषय है, है, इससे आयोग की निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। जबकि भारत में जबसे आधार कार्ड जारी हुआ है, उसे ही सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जा रहा है, लेकिन आयोग द्वारा मतदाता बनाने के लिए आधार कार्ड को न मानने से और भी ज्यादा अव्यवस्था पैदा हो गई है। देश की अधिकांश आबादी आज भी गांवों में ही रह रही है। यही हाल बिहार का भी है।

ऐसे में निवास प्रमाणपत्र, माता-पिता का जन्म प्रमाण पत्र कितने लोगों के पास होगा। साथ ही आयोग द्वारा जमा किए गए कागजात की कोई रिसीविंग भी नहीं दी जा रही है। कुल मिलाकर निर्वाचन आयोग आमजन को मतदाता बनने से रोकने की कवायद में जुटी है। अगर यही स्थिति रही तो आम जनता अपना वोट कैसे दे पाएगी। हरियाणा और महाराष्ट्रापुर में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान आयोग की भूमिका पर विपक्ष ने सवाल उठाए और कहा कि आयोग द्वारा की गई कार्यवाही सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव को परिलक्षित कर रही है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षित करने के नाम जो आदेश दिए हैं, वह न केवल आपत्ति. जनक बल्कि हास्यास्पद भी है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता व बिहार राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कहना है कि मतदाता सूचियों में सुधार में दो साल तक का समय लग सकता है और पूछा कि यह काम अब क्यों किया जा रहा है, जबकि ठम्म्मं चुनाव में कुछ ही महीने का समय बाकी है। इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इसे षड्यंत्र करार दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण का अनिवार्यतः अर्थ है कि मतदाता सूची नए सिरे से तैयार की जाएगी, तथा चुनाव आयोग ने कहा है कि पंजीकृत मतदाताओं को अपनी नागरि. कता सिद्ध करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। इस आवश्यकता को राजद के साथ ही बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने चिन्हित किया है। जिन्होंने बिहार में विवादास्पद राष्टाट्रीय नागरिक रजिस्टर को लागू करने को एक भयावह कदम बताया है। यादव ने कहा, बिहार के उन मतदाताओं से जिन्होंने 2003 के बाद पंजीकरण कराया है उनसे ग्यारह दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, लेकिन भारत सरकार के अनुसार, केवल दो से तीन प्रतिशत लोगों के पास ही यह दस्तावेज हैं। यह स्पष्ट रूप से करोड़ों लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है। संविधान ने सभी को वोट देने का अधिकार दिया है। उनका कहना है कि अभी भी कई इलाकों में (सूची में शामिल होने के लिए) फॉर्म नहीं बांटे गए हैं। हम चुनाव आयोग से सिफर समय मांग रहे हैं, लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा, भले ही उन्होंने शुरुआत में केवल नामांकन फॉर्म ही भरा हो। उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि हर स्तर पर मतदाताओं को मदद पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है और दस्तावेजों के संकलन एवं सत्यापन के लिए किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं की जा रही है। चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को कानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

देश की बड़ी आबादी को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने की साजिश, सामाजिक संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर का कहना है कि जिस तरह से हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में वोट बढ़े, इससे निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। भारतीय संविधान में निर्वाचन आयोग का गठन लोकसभा व विधानसभाओं के निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए किया गया था। इसीलिए आयोग की भूमिका मैच में रेफरी की होती है।

सपा से सांसद आर के चौधरी का कहना है कि बिहार राज्य में अगले तीन से चार महीने में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस चुनाव में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोग वोट न डाल पाएं, इसके लिए भाजपा सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग ने वहां वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने वालों के लिए कई ऐसे नियम लागू कर दिए हैं। जिन्हें पूरा करना बहुजन समाज के लिए संभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी एल पुनिया का कहना है कि निर्वाचन आयोग गरीबों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित कर रहा है। आयोग की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है और इस तरह के जन विरोधी आदेश जारी करके आयोग संकेत दे रहा है कि वह भाजपा के गठबंधन में शामिल है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक समीक्षक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में मुठभेड़, 14 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने तुरबत जिले में आंतकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद एक अभियान चलाया। सुरक्षा बलों के इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जबावी कार्रवाई की जिसमें 14 आतंकवादी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए।

### रूसी वायु रक्षा बलों ने 32 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने रात भर में 32 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को मार गिराया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को जानकारी दी कि शनिवार रात से वायु रक्षा चेतावनी प्रणाली ने 32 यूक्रेनी ड्रोन्स को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि इनमें से 11 यूएवी बेलगोरोद क्षेत्र में, 11 वोरोनिश क्षेत्र में, पांच निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में, एक ब्रांस्क क्षेत्र में, एक कुर्स्क क्षेत्र में, एक तुला क्षेत्र में, एक तांबोव क्षेत्र में और एक मोर्दोविया गणराज्य में मार गिराए गए।

### रूसी ड्रोन हमले में पेरिस के फोटो पत्रकार की मौत

**कीव।** यूक्रेन में हुए रूसी ड्रोन हमले में फ्रांसीसी फोटो पत्रकार अंतोनी लालिकां की मौत हो गई है। यूक्रेन के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लालिकां के साथ काम कर रहे यूक्रेनी फोटो पत्रकार ग्रिगोरी इवानचेंको भी दोनेत्स्क क्षेत्र के कोमिशुवाखा के पास हुए इस हमले में घायल हो गए। यूरोपीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ (ईएफजे और आईएफजे) ने बताया कि यूक्रेन में ड्रोन हमले में किसी पत्रकार की मौत का यह पहला मामला है।

### लीबिया में नाव दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 60 किलोमीटर पश्चिम में जाविया के तट पर रविवार शाम एक नाव में विस्फोट होने के कारण कम से कम तीन लीबियाई नागरिकों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। लीबियाई अखबार अल-मरसाद की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मद बेन श्टवान, अनवर अल-मजदूब और नासिर सुल्तान के रूप में पहचाने गए तीन मृतक लीबियाई युवकों के अलावा इस घटना में अन्य लोग भी हताहत हुए हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रिपोर्ट में विस्फोट का सही समय या कारण नहीं बताया गया है। अभी तक इस घटना के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# अमेरिका के न्यूक्लियर हथियार भी शटडाउन की चपेट में

## ऊर्जा सचिव बोले: सुरक्षा के लिए महज 8 दिन का फंड बाकी, 5 दिन में कामकाज ठप



- परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे
- योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 5 दिन से जारी शटडाउन के कारण नेशनल न्यूक्लियर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएनएसए) के पास देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए सिर्फ आठ दिन का फंड बचा है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) के सचिव क्रिस राइट ने चेतावनी देते हुए कहा कि आठ और दिनों का फंडिंग, उसके बाद हमें आपातकालीन बंदी प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा, जो देश की सुरक्षा को जोखिम में डाल देगा।

राइट ने एक इंटरव्यू में कहा कि फंड खत्म होने पर एनएनएसए को स्टाफ कम करना पड़ेगा। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के बीच फंडिंग बिल पर सहमति न बन पाने के कारण 1 अक्टूबर से शटडाउन शुरू हो गया था। ऊर्जा विभाग की हालिया शटडाउन योजना के अनुसार, कुल मिलाकर, डीओई के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है। हालांकि, वे कर्मचारी बने रहेंगे जो 'क्रिटिकल कंट्रोल आपरेशंस सिस्टम' चलाते हैं, जैसे कि न्यूक्लियर मटेरियल वाले सिस्टमों का रखरखाव या यूनिक उपकरणों की मानिटरिंग। इसके अलावा, परमाणु हथियारों के प्रसार रोकने वाले कामों पर तैनात स्टाफ भी काम पर बने रहेंगे। योजना में शामिल होने वाले कर्मचारियों की सटीक संख्या का जिक्र नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए थे। इस वजह से देश में लगातार 5वें दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले में कथित वोट चोरी के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत एक बैनर पर हस्ताक्षर करते कांग्रेस समर्थक।

## यूक्रेनी रेलवे स्टेशन पर रूसी हमले में लगभग 30 लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक रेलवे स्टेशन पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं।

बीबीसी के हवाले से जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका शहर में हमले वाली जगह पर ट्रेन कर्मचारी और यात्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और लोगों की मदद शुरू कर दी गई है। घायलों के बारे में जानकारी अभी जुटाई जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें एक क्षतिग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में आग लगी दिखाई दे रही है। जेलेंस्की ने लिखा कि रूसी लोग इस बात की अनजान नहीं थे कि वे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं! यह आतंकवाद है जिसे दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती।

## चीन में तूफान से पूर्व लोगों को किया गया रेस्क्यू

**गुआंगडोंग।** चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुए आपातकालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने रविवार सुबह प्रतिक्रिया स्तर में बढ़ोत्तरी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तक, कुल 151,352 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया।

## पाकिस्तानी सेना के बाद रक्षामंत्री की भारत को घुड़की



- ख्वाजा आसिफ ने कहा: अब जंग हुई, तो भारत अपने ही फाइटर जेट्स के मलबे में दब जाएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने धमकी देते हुए कहा है कि अबकी बार जंग हुई तो भारत अपने लड़ाकू विमानों के मलबे के नीचे दब जाएगा। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भारतीय लीडरशिप अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पाने के लिए भड़काऊ बयान दे रही है।

आसिफ ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली जानबूझकर तनाव बढ़ा रही है ताकि नागरिकों का ध्यान घरेलू चुनौतियों से भटकाया जा सके। इससे पहले पाकिस्तान सेना ने शनिवार रात को कहा था कि अगर अब दोनों देशों के बीच युद्ध हुआ तो तबाही होगी। अगर दुश्मनी का नया दौर शुरू हुआ तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। हम बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब देंगे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग आईएसपीआर ने आफिशियल स्टेटमेंट जारी कर कहा था कि भारतीय रक्षामंत्री और सेना के अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना बयान जंग को बढ़ावा देने की कोशिश हैं। इसके साथ ही भारतीय आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी पर निशाना साधते हुए पाकिस्तानी सेना ने कहा-जहां तक पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने की बातें हैं। भारत को पता होना चाहिए कि ऐसे हालात आते हैं, तो दोनों देश मिट जाएंगे।

## रूस ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों पर रख रहा नजर: जनरल टेडमैन

**लंदन।** ब्रिटेन ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूसी उपग्रह ब्रिटिश सैन्य उपग्रहों पर साप्ताहिक आधार पर नजर रख रहे हैं। मेजर जनरल पॉल टेडमैन ने बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में रूस पर आरोप लगाते हुए कहा कि रूस हर हफ्ते ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों को जमीनी प्रणालियों से जाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसे पेलोड हैं जो हमारे उपग्रहों को देख सकते हैं और उनसे जानकारी एकत्र करने की कोशिश कर रहे हैं। जनरल टेडमैन ने कहा कि ब्रिटेन के सैन्य उपग्रहों में काउंटर-जैमिग तकनीकें लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन हम देख रहे हैं कि रूस हमारे उपग्रहों को लगातार जाम कर रहा है। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा कितनी बार किया गया तो उन्होंने कहा यह 'हर हफ्ते' किया गया है।

# ट्रम्प की नीति को अदालत से झटका

## 18 साल के होते ही प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्र भेजने पर संघीय न्यायाधीश ने लगाई रोक




इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रम्प प्रशासन की एक नई नीति को अस्थाई रूप से रोक दिया है। इस नीति के तहत 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद अकेले आए और बिना अनुमति वाले प्रवासी बच्चों को वयस्क हिरासत केंद्रों में रखा जाना था। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज रुदोल्फ कान्ट्रेरस ने अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स इनफोर्समेंट को आदेश दिया कि वे किसी भी ऐसे बच्चे को वयस्क हिरासत में न रखें।

जज ने कहा कि यह स्वत: हिरासत 2021 में दिए गए उनके कोर्ट आदेश का उल्लंघन करती है, जिसमें इस तरह की प्रथाओं पर रोक लगाई गई थी। न्यायाधीश का यह निर्णय वकालत समूहों की मांग के बाद आया है, जिन्होंने कहा था कि कई बच्चों को इस सप्ताहांत में वयस्क केंद्रों में ट्रांसफर किया जाना था। इस आदेश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रवासी बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके। बता दें कि अधिकारियों ने 14 साल और उससे बड़े प्रवासी बच्चों को अपने देश लौटने के लिए 2500 डालर देने की पेशकश की है। पिछले महीने एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने उन ग्वाटेमाला के बच्चों को तुरंत डिपोर्ट करने के प्रयास को रोका था, जो अकेले अमेरिका आए थे। कुछ बच्चों को उस देर रात की कार्रवाई में प्लेन में बैठाया गया था, लेकिन न्यायाधीश ने इसे रोक दिया। अमेरिकन इमिग्रेशन काउंसिल की वकील मिशेल लापाइंट ने कहा कि यह नीति प्रवासी युवाओं को अमेरिका में सुरक्षा मांगने के अपने अधिकार से समझौता करने के लिए मजबूर करने का हिस्सा है। न्यायाधीश कान्ट्रेरस का 2021 का आदेश था कि 18 साल के होने पर बच्चों को सबसे कम प्रतिबंधित स्थान में छोड़ा जाए। यह संघीय कानून के अनुसार जरूरी है, जब तक कि बच्चा खुद या दूसरों के लिए खतरा न हो और भागने का जोखिम न हो। अक्सर बच्चों को रिश्तेदारों या फास्टर केयर में सौंप दिया जाता है। आईसीई के एक ईमेल में कहा गया कि नए वयस्कों को केवल आईसीई की व्यक्तिगत मामले की पैरोल अनुमति के तहत तत्काल मानवीय कारणों या महत्वपूर्ण सार्वजनिक लाभ के लिए ही छोड़ा जा सकता है। मार्च से सितम्बर तक आईसीई ने कुल 500 से कम लोगों को पैरोल पर छोड़ा। वादियों ने तर्क दिया कि पैरोल पर रिहाई लगभग नाममात्र की है और शेल्टर से बाहर हो रहे बच्चों को जमानत और आवश्यकता से अधिक वयस्क हिरासत में रखने से स्थाई नुकसान हो सकता है। यह खासकर तब सच है जब कुछ बच्चों के माता-पिता ने उनका उत्पीड़न किया हो, उन्हें छोड़ दिया हो या मानव तस्करी के शिकार रहे हों।



# गाजा में इजरायल पीछे हटने को तैयार

## ट्रम्प ने मैप जारी किया, मैप में बताया कहां तक हटेगी सेना, अब हमास के जवाब का इंतजार

इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी, आईडीएफ का गाजा के करीब 70% इलाके पर कब्जा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल ने गाजा से पीछे हटने के लिए शुरुआती सीमा रेखा (प्दपजपंस ॅपजीकतूंस स्पदम) के लिए सहमति जताई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने इजरायल की वापसी को दिखाते हुए एक मैप भी शेयर किया। इसने उन्होंने पीली लाइन के जरिए बताया की इजरायली सेना पहले चरण में वहां तक पीछे हटेगी।

उन्होंने कहा ये समझौता हमें 3 हजार साल पुराने संकट को खत्म करेगा। इससे पहले ट्रम्प ने हमास को शांति प्रस्ताव जल्द से जल्द मानने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर हमास ने लड़ाई जारी रखी तो उसके सभी विकल्प खत्म हो जाएंगे। ट्रम्प के मैप के मुताबिक, यह शुरुआती वापसी रेखा (पीली लाइन) आईडीएफ की पुरानी कंट्रोल लाइन है। पिछले महीने आईडीएफ गाजा पर बड़े हमले कर आगे बढ़ी थी। फिलहाल आईडीएफ का गाजा के करीब 70 प्रतिशत इलाके पर कब्जा है। हमास ने अब तक इस प्रस्ताव पर औपचारिक सहमति नहीं दी है। सोमवार से मिस्र में इनडायरेक्ट बातचीत शुरू होने की उम्मीद है। अगर हमास इस योजना को मंजूरी देता है, तो ट्रम्प प्रशासन पहले चरण की वापसी और शांति व्यवस्था लागू करने की तैयारी करेगा। दक्षिण गाजा के राफाह और फिलाडेल्फिया कारिडोर जैसे इलाकों को इजरायल के नियंत्रण में दिखाया गया है, जहां सुरक्षा बल बने रहेंगे। उत्तरी गाजा में बेइत हनून के आसपास का इलाका भी इजरायली सुरक्षा जोन के रूप में दिखाया गया है। गाजा सिटी और उसके आस-पास के शरणार्थी शिविरों को नक्शे में ऐसे इलाकों के रूप में दिखाया गया है, जहां फिलहाल पूरी तरह वापसी नहीं होगी। ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया था। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है।

## पोर्टलैंड में ट्रम्प प्रशासन की किरकिरी

- अदालत ने सैनिकों की तैनाती पर लगाई रोक

**ओरेगन।** अमेरिका के ओरेगन राज्य की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को फिलहाल पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड के जवान तैनात करने से रोक दिया है। यह आदेश उस मुकदमे में दिया गया है जो राज्य सरकार और नगर प्रशासन ने मिलकर दायर किया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इमरगट ने कहा कि यह मामला अमेरिकी लोकतंत्र के तीन बुनियादी सिद्धांतों से जुड़ा है, संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून-व्यवस्था के बीच सीमा और सरकार की तीन शाखाओं, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, के बीच संतुलन का है। जज ने कहा कि हम संविधान द्वारा तय इन संबंधों का कितना पालन करते हैं, यही तय करता है कि हम वास्तव में कानून के शासन के तहत रह रहे हैं या नहीं। जज इमरगट ने कहा कि राष्ट्रपति को आम तौर पर नेशनल गार्ड को 'संघीय नियंत्रण' में लेने का अधिकार होता है, लेकिन यह तभी उचित है जब स्थानीय पुलिस या कानून प्रवर्तन एजेंसियां नियंत्रण खो दें। पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ था। अदालत ने पाया कि हाल के दिनों में पोर्टलैंड में जो प्रदर्शन हुए, वे न तो हिंसक थे और न ही बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैली थी। जज ने अपने आदेश में लिखा कि राष्ट्रपति का फैसला तथ्यों से जुड़ा नहीं था।

# नेपाल में लैंडस्लाइड से दो दिन में 51 की मौत

## 9 नागरिक लापता, सेना हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू में जुटी



**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई।

इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ। कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकाप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हालिडे घोषित किया है। मौसम विभाग ने 12 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। नेपाल में हर साल जून से सितम्बर तक मानसून की बारिश होती है, लेकिन इस बार बारिश का मौसम देर तक चला, जिससे नुकसान ज्यादा हो रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनका समय और तीव्रता भी पहले से ज्यादा खतरनाक हो गई है। नेपाल जैसे पहाड़ी देशों में यह खतरा और भी बड़ा है। दक्षिण-पूर्वी नेपाल में कोशी नदी का जलस्तर सामान्य से दोगुना से ज्यादा हो गया है। लोकल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोशी बैराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं, जबकि आमतौर पर 10-12 गेट ही खुले रहते हैं। भूस्खलन की वजह से कई मुख्य सड़कें बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से ट्रैफिक पूरी तरह ठप है। दशैं त्योहार के बाद घर लौट रहे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। दशैं नेपाल का सबसे बड़ा धार्मिक त्योहार है, जिसमें लोग अपने परिवारों से मिलने गांव जाते हैं। खराब मौसम की वजह से शनिवार को घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कुछ देरी के साथ चल रही हैं। काठमांडू एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिंजी शेरपा ने कहा: घरेलू उड़ानें पूरी तरह बंद हैं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं।

# फलस्तीन के समर्थन में पुर्तगाल में प्रदर्शन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के लिस्बन शहर में शनिवार को 3000 से जयादा लोग फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश करने पर इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए तीन पुर्तगाली नागरिकों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

पुलिस ने कहा कि रैली के दौरान आयोजकों की उम्मीदों से कहीं जयादा लोग इकट्ठा हुए। लगभग 500 लोगों के आने की उम्मीद थी, लेकिन अंतत: भीड़ लगभग 3,000 तक पहुंच गई। रैली में भाग लेने वालों में पूर्व वामपंथी ब्लॉक नेता फ्रांसिस्को लौका और कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एंटोनियो फिलिप भी शामिल थे। लूसा समाचार एजेंसी से बात करते हुए लौका ने कहा कि फलस्तीनी मुद्दों के लिए आंदोलन 'दुनिया भर में व्यापक पैमाने पर' हो रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायली सरकार के खिलाफ इस आंदोलन को रोकना असंभव है, जैसा कि पूरे यूरोप में हो रहे प्रदर्शनों में देखा जा रहा है। फलस्तीन के सामाजिक कार्यकर्ता सेरेना सबात ने संबोधित किया और फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ चल रही कार्रवाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108